You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-323 ❒ रविवार, 28 दिसम्बर 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



ग्रामीण रोजगार गारंटी का कानून पहले से बेहतर तथा पिछड़ी ग्राम पंचायतों के लिए अधिक फायदेमंद है और इसके विरुद्ध कांग्रेस का शोर सिर्फ राजनीतिक है। शिवराज सिंह चौहान

घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या नवंबर में पहली बार डेढ़ करोड़ के पार 11

मुख्यमंत्री धामी ने किया 'पैंली-पैंली बार' उत्तराखण्डी गीत का विमोचन 12

# उत्तर प्रदेश पुलिस के कार्यों की देश विदेश में हो रही सराहना : योगी

## लखनऊ में पुलिस मंथन-2025 : मुख्यमंत्री योगी ने किया 'यक्ष एप' का लोकार्पण

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को यहां कहा कि विगत साढ़े 08 वर्षों में उत्तर प्रदेश पुलिस के किये गये प्रयासों से लोगों के मन में प्रदेश के प्रति परसेप्शन बदला है। प्रदेश रूल ऑफ लॉ का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। उत्तर प्रदेश पुलिस के कार्यों की देश व विदेश में सराहना हो रही है।

मुख्यमंत्री योगी पुलिस मुख्यालय में आयोजित दो दिवसीय 'पुलिस मंथन' वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सम्मेलन-2025' का शुभारम्भ करने के पश्चात बीट पुलिसिंग में सुधार एवं तकनीकी उन्नयन के लिए 'यक्ष' ऐप का लोकार्पण किया। इससे पहले उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने केवल परम्परागत पुलिसिंग को ही परिवर्तित नहीं किया है, बल्कि पुलिस व्यवस्था में समय के अनुरूप परिवर्तन करके दिखाया है। वर्ष 2017 से पूर्व प्रदेश में कानून-व्यवस्था हमारे सामने चुनौती के रूप में थी। लोगों के मन में प्रदेश के बारे में अच्छी धारणा नहीं थी। पुलिस कार्मिकों की ट्रेनिंग के लिए अवसंरचना का अभाव था। विगत साढ़े आठ वर्षों में प्रदेश नई प्रतिस्पर्धा का केन्द्र बना है। लोगों के मन में धारणा आयी है कि उत्तर प्रदेश भी कुछ कर सकता है। अवसंरचना सुधार से पुलिस की ट्रेनिंग क्षमता में कई गुना वृद्धि हुई है। वर्तमान में 60,244 पुलिस कार्मिकों की ट्रेनिंग उत्तर प्रदेश पुलिस के स्वयं के प्रशिक्षण केन्द्रों में चल रही है। यह प्रदेश की गति व प्रगति को प्रदर्शित करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस के रिफॉर्म को ध्यान में रखते हुए हुए 07 जिलों में पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम लागू किया गया है। वर्ष 2017 से पूर्व प्रदेश में केवल 02 साइबर थाने थे। वर्तमान में प्रदेश के सभी जनपदों में साइबर थानों का गठन किया जा चुका है। प्रत्येक थाने में साइबर हेल्पडेस्क स्थापित की जा चुकी है। वर्ष 2017 से पूर्व प्रदेश में केवल चार एफएसएल लैब्स थीं। आज प्रदेश में 12 अत्याधुनिक एफएसएल लैब्स बनकर तैयार हैं। 06 नयी लैब्स के निर्माण की कार्यवाही प्रचलित है। फॉरेन्सिक साइंस ईको सिस्टम के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस, लखनऊ ने देश और प्रदेश में अत्याधुनिक प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में अपनी पहचान बनायी है। प्रदेश में एसडीआरएफ तथा यूपी एसएसएफ जैसी इकाइयां सफलतापूर्वक अपना कार्य संचालित कर रही हैं। वर्ष 2017 से पूर्व पुलिस के बैरक जर्जर स्थिति में थे। वर्तमान में प्रदेश के ज्यादातर जनपदों में पुलिस के बैरक अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ हाईराइज बिल्डिंग के रूप में स्थापित हो चुके हैं। यूपी पीआरवी 112 के रिस्पॉन्स टाइम को 65 मिनट से घटाकर 06 से 07 मिनट तक किया जा चुका है। यह चीजें दिखाती हैं कि प्रयास करने से अच्छे परिणाम प्राप्त हो सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस मंथन का यह कार्यक्रम इस दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इसमें आयोजित अलग-अलग सत्रों में सीखने और सिखाने पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। वैदिक उद्घोष 'आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः' को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के जिस भी जनपद की पुलिस ने अच्छा प्रयास किया है, हमें उससे सीखते हुए आगे बढ़ना होगा। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यमंत्री के विजन को आत्मसात कर प्रदेश की कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में अपना योगदान दे रही है। पुलिस विभाग में ऐतिहासिक और रिजल्ट ओरिएण्टेड परिवर्तन दिखायी दे रहे हैं। ● शेष पेज 11 पर

### मेरिट के आधार पर थानेदार तैनात किए जाएं, थाना प्रबंधन पुलिस व्यवस्था की रीढ़

लखनऊ। मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के सम्मेलन में थाना प्रभारियों की तैनाती पर भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थाना प्रबंधन पुलिस व्यवस्था की रीढ़ है। इसे मजबूत करने के लिए आपसी समन्वय और संवेदनशीलता बेहद जरूरी है। इसके लिए जरूरी है कि प्रदेश में थाना प्रभारियों की तैनाती मेरिट के आधार पर की जाए। इससे पीड़ितों को तुरन्त ही संवेदनशीलता के साथ मदद मिल सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि थानों पर फरियादियों से अच्छा व्यवहार किया जाना चाहिए। ऐसा होने पर ही पुलिस और जनता के बीच दूरी घटेगी। पीड़ित अपनी बात बिना डरे कह सकेगा। उन्होंने अफसरों को समय-समय पर अपने मातहतों की कार्यकुशलता परखते रहने को कहा। शहरी ● शेष पेज 11 पर

# धर्मांतरण के प्रयास की जांच कमेटी पर उठे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- ❒ एनएमओ ने पत्र लिखकर कमेटी पर जाहिर की आपत्ति
- ❒ एसटीएफ व एटीएस से जांच कराने की मांग



लखनऊ। केजीएमयू में धर्मान्तरण प्रयास के मामले की लिए गठित जांच कमेटी सवालों के घेरे में आ गई है। नेशनल मेडिकल आर्गेनाइजेशन (एनएमओ) का कहना है कि केजीएमयू से एसटीएफ या एटीएस से जांच कराने की सिफारिश करनी चाहिए। क्योंकि डॉक्टर तो बीमारी का इलाज कराते हैं। इस तरह के संवेदनशील प्रकरण की जांच का कोई अनुभव नहीं होता है। ऐसे में जांच भटक सकती है। केजीएमयू प्रशासन ने धर्मान्तरण प्रयास के मसले में आरोपी को बचाने वाले डॉक्टरों की जांच का फैसला किया है। गुरुवार को पांच सदस्यीय जांच कमेटी गठित की थी। इसमें रेस्पीरेटरी मेडिसिन, गेस्ट्रो मेडिसिन व सर्जन शामिल हैं।

एनएमओ के महानगर संयोजक डॉ. शिवम कृष्णन का आरोप है कि जांच के नाम पर खानापूरी तैयारी है। संवेदनशील मामले को दबाने की तैयारी है। वरना इस तरह की जांच का कहीं कोई मतलब नहीं है। ये भी उठाए सवाल एक महिला रेजिडेंट के धर्म परिवर्तन एवं यौन शोषण का मामला है। इस कमेटी में एक भी महिला नहीं है कमेटी में सभी सदस्य केजीएमयू में अहम पदों पर हैं, जिसे जांच प्रभावित हो सकती है। कमेटी में सर्जन, पल्मोनॉलाजिस्ट, गैस्ट्रोलॉजिस्ट हैं जो बेहद योग्य हैं। लेकिन इनकी योग्यता पेट या फ़ेफड़े की जांच के लिए नहीं है। बल्कि धर्म बदलने का दबाव डालने का है। यौन शोषण की जांच होनी है। कमेटी में केजीएमयू प्रशासन के अधिकारी होने से छात्र और कर्मचारी कभी भी स्वतंत्र रूप से अपना बयान नहीं दे पाएंगे। न ही ये प्रशासनिक अधिकारी अपने मन से कोई रिपोर्ट तैयार कर पाएंगे? जिस एजेंसी के पास इस तरह के जांच का अनुभव, योग्यता और अधिकार हो। उससे जांच कराई जाए। केजीएमयू प्रशासन उत्तर प्रदेश सरकार से मांग करनी चाहिए कि वह एटीएस अथवा एसटीएफ से इस संवेदनशील मामले की जांच कराने की संस्तुति दें।

### वैक्सीन अभयरैब पुरी तरह सुरक्षित : आईआईएल

नयी दिल्ली। रेबीज वैक्सीन बनाने वाली भारतीय कंपनी इंडियन इम्यूनोलॉजिकल्स लिमिटेड (आईआईएल) ने अपने रेबीज वैक्सीन, अभयरैब को पुरी तरह सुरक्षित बताते हुए कहा है कि यह वैश्विक और स्थानीय नियमों का पूर्ण अनुपालन के साथ बनायी जा रही है। कंपनी ने नकली अभयरैब के बारे में जारी कुछ सार्वजनिक रिपोर्ट और परामर्श के बारे में सफाई देते हुए शनिवार को कहा कि वैक्सीन की ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### सेना ने किश्तवाड़ और डोडा से पाकिस्तानी आतंकवादियों को खदेड़ने के लिए अभियान किया तेज

नयी दिल्ली। सेना ने हड्डियों को जमा देने वाली सर्दी की 40 दिन की 'चिल्लई कलां' अवधि में बेहद प्रतिकूल परिस्थितियों को चुनौती देते हुए पाकिस्तानी आतंकवादियों को खदेड़ने के लिए जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ और डोडा जिलों में आतंकवाद-रोधी अभियानों को तेज कर दिया है। रक्षा सूत्रों के अनुसार सेना ने जम्मू क्षेत्र में करीब 30 से 35 पाकिस्तानी आतंकवादियों के सक्रिय होने के मद्देनजर ऊंचाई वाले और बर्फ से ढके क्षेत्रों में तैनाती तथा निगरानी को और बढा दिया है। 'चिल्लई कलां' कश्मीर में सर्दियों के 40 दिनों के सबसे कठोर और भीषण ठंड के दौर को कहते हैं जो हर वर्ष 21 दिसंबर से शुरू होकर 30 या 31 जनवरी तक चलता है। इस दौरान तापमान बहुत गिर जाता है, पानी जमने लगता है और भारी बर्फबारी होती है। सर्दियों में आमतौर पर भारी बर्फबारी और संचार मार्गों के बाधित होने के कारण आतंकवादी गतिविधियों में कमी देखी जाती है। हालांकि इस बार सेना ने सर्दियों के इन भीषण ठंड वाले दिनों के लिए विशेष रणनीति बनाई है। सेना ने आतंकियों को खराब मौसम का लाभ उठाने से रोकने के लिए दूरदराज के पर्वतीय इलाकों में अस्थायी ठिकाने और निगरानी चौकियां स्थापित की गई हैं।

### रामलला प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ पर अनुष्ठान शुरू, श्रीविग्रह की पालकी यात्रा निकली

अयोध्या। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ (प्रतिष्ठा द्वादशी) पर यज्ञशाला में प्रथम दिन शनिवार को अनुष्ठान हुआ। सायंकाल उत्सव विग्रह की पालकी यात्रा निकाली गई। सुबह वास्तु पूजा के पश्चात गणहोम, तत्व कलश, तत्वहोम, सुदर्शन होम आदि अनुष्ठान सम्पन्न कराए गए। सायंकाल देवदर्शन के निमित्त परिसर में प्रभु विग्रह की पालकी यात्रा निकाली गई। पांच दिन चलने वाला यह अनुष्ठान विद्वान आचार्यों द्वारा श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी जगद्गुरु मध्वाचार्य जी के निर्देशन में हो रहा है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में प्रतिष्ठा द्वादशी का विस्तृत कार्यक्रम शनिवार से प्रारम्भ हुआ। यह समारोह दो जनवरी तक चलेगा। शुभारम्भ से पांच दिन पूजन जगद्गुरु मध्वाचार्य जी की देखरेख में सम्पन्न होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम 29 दिसम्बर की सायंकाल से इसी बेला में दो जनवरी तक पांच दिन चलेंगे। इसके अतिरिक्त अयोध्या धाम में एक नया पथ और सृजित किया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 31 दिसंबर को श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर परिसर में प्रतिष्ठा द्वादशी पर परिसर में स्थित मां अन्नपूर्णा मन्दिर पर ध्वज का आरोहण करेंगे। वे प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी रहेंगे।

# दिग्विजय सिंह ने की भाजपा की 'संगठन शक्ति' की तारीफ

एजेंसी

- ❒ कांग्रेस संगठन में विकेंद्रीकरण पर जोर दिया



नयी दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने पार्टी कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक से पहले शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेक संघ (आरएसएस) की ''संगठन शक्ति'' की तारीफ कर अपने दल के लिए असहज स्थिति पैदा कर दी। हालांकि, उन्होंने बाद में सफाई देते हुए कहा कि वह आरएसएस तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों के धुर विरोधी हैं, और उन्होंने सिर्फ संगठन की तारीफ की है।

सूत्रों के अनुसार, दिग्विजय ने कार्य समिति की बैठक के दौरान भी पार्टी संगठन में विक्रेंद्रीकरण की पैरवी की। कार्य समिति की बैठक शुरू होने से पहले दिग्विजय सिंह ने 'एक्स' पर एक पुरानी तस्वीर साझा की जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगे की तरफ नीचे बैठे हुए हैं तथा उनके पीछे भाजपा के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी कुर्सी पर बैठे नजर आ रहे हैं। सिंह ने पोस्ट किया, ''कोरा वेबसाइट पर मुझे यह चित्र मिला। बहुत ही प्रभावशाली है। किस प्रकार आरएसएस का ज़मीनी स्वयंसेवक व जनसंघ भाजपा का कार्यकर्ता नेताओं के चरणों में फर्श पर बैठकर प्रदेश का मुख्यमंत्री व देश का प्रधानमंत्री बना। यह संगठन की शक्ति है। जय सियाराम। विवाद खड़ा होने पर सिंह ने संवाददाताओं से कहा, ''मैंने संगठन की तारीफ की है। मैं आरएसएस और मोदी जी का घोर विरोधी ● शेष पेज 11 पर

## उच्च स्तरीय जांच समिति ने इंडिगो संकट पर सौंपी रिपोर्ट

नयी दिल्ली। इंडिगो संकट की जांच के लिए गठित चार सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति ने शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी। सरकार ने दिसंबर के पहले सप्ताह में इंडिगो की हजारों उड़ानें रद्द होने के बाद जांच के लिए 05 दिसंबर को एक समिति का गठन किया था। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) में संयुक्त महानिदेशक संजय के. ब्राम्हणे की अध्यक्षता में गठित चार सदस्यीय समिति ने शुक्रवार को नागरिक उड्डयन मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट सौंप दी। इस समिति के अन्य सदस्यों में डीजीसीए के उप महानिदेशक अमित गुप्ता, वरिष्ठ फ्लाइट ऑपरेशन्स इंस्पेक्टर (एफओआई) कैप्टन कपिल मांगलिक और एफओआई लोकेश रामपाल शामिल थे। समिति को इंडिगो के परिचालन में बड़े पैमाने पर हुए व्यवधान के कारणों की जांच की जिम्मेदारी दी गयी थी। साथ ही उसे भविष्य में इस तरह के संकट को रोकने के उपाय सुझाने के लिए भी कहा गया था। इंडिगो ने एक सप्ताह में चार हजार से अधिक उड़ानें रद्द कीं जिससे लाखों यात्रियों ● शेष पेज 11 पर

# प्रदेश में शीतलहर को लेकर अलर्ट

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- ❒ शीतलहर के बीच योगी सरकार का राहत
- ❒ सभी जनपदों में सार्वजनिक स्थल पर अलाव के लिए 1.75 करोड़ रुपए की धनराशि आवंटित
- ❒ समस्त जनपदों को कम्बल खरीद के आदेश जारी, 75 जनपदों ने 1.40 लाख से ज्यादा कम्बल किए वितरित



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पड़ रही भीषण शीतलहर और घने कोहरे को देखते हुए प्रदेश सरकार ने पूरी तरह सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार ने आमजन को राहत पहुंचाने के लिए व्यापक और सुनियोजित व्यवस्थाएं की हैं। प्रदेश के सभी जनपदों में रैन बसेरा, अलाव और कंबल वितरण की व्यवस्था को पूरी तरह सक्रिय कर दिया गया है, ताकि ठंड से किसी भी नागरिक को असुविधा न हो।

प्रदेश सरकार ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शीतलहर के दौरान कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति ठंड से पीड़ित न रहे। जिला प्रशासन, नगर निकाय और संबंधित विभागों को पूरी संवेदनशीलता के साथ राहत कार्यों को संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। रैन बसेरों की व्यवस्था प्रदेशभर में अब तक 1247 रैन बसेरे स्थापित किए जा चुके हैं। इन रैन बसेरों में 9949 जरूरतमंद लोग अब तक आश्रय ले चुके हैं। जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि रैन बसेरों में साफ-सफाई, गर्म पानी, प्रकाश और सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कंबल वितरण को प्राथमिकता प्रदेश सरकार द्वारा शीतलहर से बचाव के लिए कंबल वितरण को प्राथमिकता दी गई है। पिछले तीन वर्षों में औसतन 10,65,889 कंबलों की खरीद की गई है। इस पर लगभग 44.38 करोड़ रुपये की औसत धनराशि व्यय हुई है। चालू व्यवस्था के अंतर्गत सभी जनपदों को 17.55 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की जा चुकी है। 75 जनपदों द्वारा कंबल खरीद के लिए क्रयादेश जारी किए जा चुके हैं। इनमें से 75 जनपदों में 3,78,884 कंबलों की आपूर्ति पूर्ण हो चुकी है। अब तक सभी जनपदों द्वारा 1,40,364 कंबलों का वितरण जरूरतमंदों को किया जा चुका है। शेष कंबलों को वितरण किया जा रहा है। सभी जनपदों में अलाव की समुचित व्यवस्था ठंड से बचाव के लिए सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने की भी व्यापक व्यवस्था की गई है। सभी जनपदों को अलाव जलाने के लिए 1.75 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गई है। जनपदों में प्रतिदिन जलाए जा रहे अलावों की स्थिति की नियमित फीडिंग राहत पोर्टल पर की जा रही है, जिससे शासन स्तर पर सतत निगरानी बनी रहे। कोहरे को लेकर अलर्ट कोहरे के कारण होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव के लिए ● शेष पेज 11 पर

# सरकारी कर्मियों के इलाज से इनकार पर खत्म होगी संबद्धता

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- ❒ प्रदेश में कई जगह से मिली दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस योजना के कार्ड से इलाज न मिलने की शिकायत
- ❒ आयुष्मान योजना में संबद्ध अस्पताल दीनदयाल योजना के लाभार्थियों का इलाज करने को भी बाध्य
- ❒ नोडल एजेंसी सांचीज ने दी चेतावनी इलाज न करने वाले अस्पतालों की खत्म होगी संबद्धता, कार्रवाई भी होगी

लखनऊ। प्रदेश के लाखों सरकारी कर्मचारियों को प्रदेश सरकार ने कैशलेस इलाज की सुविधा दे रखी है। इसके लिए कर्मचारियों को स्टेट हेल्थ कार्ड जारी किए गए हैं। यह इलाज पंडित दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस योजना के तहत दिया जा रहा है। प्रदेश के कई जिलों में अस्पताल इन कर्मचारियों को इलाज देने में आनाकानी कर रहे हैं।

यह वे अस्पताल हैं जो आयुष्मान योजना के तहत पंजीकृत हैं। मगर अब ऐसे अस्पतालों को इंकार करना भारी पड़ेगा। उनकी संबद्धता भी खत्म की जा सकती है। आयुष्मान योजना के तहत प्रदेश में सरकारी और निजी को मिलाकर तकरीबन 5600 अस्पताल पंजीकृत हैं। इन अस्पतालों को आयुष्मान कार्ड धारकों के साथ ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस योजना के लाभार्थियों को भी इलाज मुहैया कराना है। आयुष्मान कार्ड धारकों को सरकार ने प्रति परिवार हर साल पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा दे रखी है। इसी तरह सरकारी कर्मचारी भी दीनदयाल उपाध्याय योजना के तहत पांच लाख तक मुफ्त इलाज ले सकते हैं। हालांकि उनके लिए अपने खर्च पर इलाज कराकर क्लेम लेने की सुविधा भी उपलब्ध है। उन्हें इलाज के वास्तविक खर्च का भुगतान किया जाता है। बीते दिनों कई जिलों से सरकारी कर्मियों की शिकायत के बाद नोडल एजेंसी सांचीज ने कड़ा रुख अपनाया। सांचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने ऐसे अस्पतालों को स्पष्ट कर दिया ● शेष पेज 11 पर

## सरकारी कार्यालयों, सामुदायिक सभागारों, ग्राम पंचायत भवनों और ग्राम सभा स्थलों पर लगेंगे पोस्टर

# उत्तर प्रदेश में जी राम जी के फायदे बताने के लिए गांव-गांव लगेगी चौपाल

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में रोजगार को लेकर योगी सरकार की सोच जमीन पर उतरती दिख रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के तहत विकसित भारत जी राम जी योजना के जरिए गांव-गांव रोजगार, प्रशिक्षण और आजीविका के अवसर देने की ठोस पहल शुरू हो गई है। सरकार का लक्ष्य है कि हर परिवार तक काम की गारंटी पहुंचे और रोजगार की जानकारी गांव-गांव लोगों को चौपाल लगाकर दी जाए। मुख्यमंत्री योगी ने अफसरों को निर्देश दिए हैं कि विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं।

इस दिशा में प्रदेश भर में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत सरकारी कार्यालयों, पंचायत भवनों, सामुदायिक केंद्रों और ग्राम सभाओं में पोस्टर, बैनर और वाल पेंटिंग के जरिए लोगों को योजनाओं से जोड़ा जाएगा। साथ ही चौपालों पर संवाद के जरिए सीधे आम लोगों को रोजगार संबंधित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि इस अभियान के तहत रोजगार एवं आजीविका गारंटी अधिनियम (VB-G RAM G) को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। इसका मकसद सिर्फ योजना बनाना नहीं, बल्कि हर पात्र व्यक्ति तक उसका लाभ पहुंचाना है। इसके तहत चौपाल पर चर्चा के साथ घर-घर योजना की जानकारी दी जाएगी। गांव-गांव लगने वाली इन चौपालों में लोगों को रोजगार की योजनाओं, काम के अवसरों और अधिकारों के बारे में बताया जाएगा।

पोस्टर, बैनर और वाल पेंटिंग से योजना का प्रचार किया जाएगा। इसके साथ ही सरकारी कार्यालयों, पंचायत भवनों, स्कूलों, सामुदायिक हॉल और सार्वजनिक स्थलों पर प्रचार सामग्री लगाई जाएगी, ताकि कोई भी व्यक्ति इसकी जानकारी से अछूता न रहे। रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर भी संदेश से संबंधित लोगो लगाए जाएंगे। सभी तक जानकारी पहुंचाने के लिए सार्वजनिक स्थलों पर प्रचार-प्रसार का निर्णय लिया गया है। योगी सरकार का प्रयास है कि रोजगार से जुड़े फैसलों में आमजन की भागीदारी रहे। चौपालों के माध्यम से लोग अपनी जरूरतें और सुझाव सीधे प्रशासन तक पहुंचा सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अधिकारियों को ● शेष पेज 11 पर

## गणतंत्र दिवस पर कर्तव्य पथ पर उत्तर प्रदेश से प्रतिभाग करेगी 14 लखपति दीदियां

लखनऊ। गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में कर्तव्य पथ पर आयोजित परेड कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश से 14 लखपति दीदियां प्रतिभाग करेंगी।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के मार्गदर्शन मे उत्तर प्रदेश मे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहो से ग्रामीण महिलायें जुड़कर सफलता की नयी ऊंचाइयां छू रही हैं। प्रदेश मे स्वयं सहायता समूहो से जुड़ी लाखो दीदियां नई उड़ान भर रही हैं, वहीं गांव देहात की अन्य महिलाओ के लिए प्रेरणास्रोत साबित हो रही हैं। गणतंत्र दिवस के अवसर नई दिल्ली मे आयोजित परेड के दौरान सम्मिलित होने उत्तर प्रदेश के स्वयं सहायता समूहो के विभिन्न कैडर्स की 14 लखपति दीदियां विशेष अतिथि के रूप मे प्रतिभाग करेगीं।जिसमे आत्मविश्वास, मेहनत और सरकारी योजनाओं के सही उपयोग से आत्मनिर्भर बनी बिजनौर की ऋतु हलदर और सुमन रानी जो महिला सशक्तिकरण की सशक्त मिसाल हैं, भी सम्मिलित रहेगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा ● शेष पेज 11 पर

# जिलाधिकारी ने मोहनलालगंज में किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

**जिलाधिकारी ने परखी सुरक्षा व पारदर्शिता**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज, लखनऊ। लोकतंत्र की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख जी ने मोहनलालगंज तहसील स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान ईवीएम-वीवीपैट की सुरक्षा, रखरखाव और निर्धारित मानकों के अनुपालन की गहन जांच की गई।जिलाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में वेयरहाउस की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। जांच में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद पाई गई। सीसीटीवी निगरानी, सीलिंग प्रक्रिया, प्रवेश-निकास व्यवस्था तथा रजिस्टरों की जांच के दौरान सभी मानक संतोषजनक पाए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि ईवीएम और वीवीपैट की सुरक्षा व पारदर्शिता लोकतंत्र की रीढ़ है, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।निरीक्षण के दौरान आगामी चुनावों की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि चुनाव सामग्री की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण होनी चाहिए।इसके साथ ही जिलाधिकारी विशाख जी ने ठंड के प्रकोप को देखते हुए मोहनलालगंज क्षेत्र में रैन बसेरों और गो-आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि जरूरतमंद नागरिकों और बेसहारा लोगों के लिए अलाव, कंबल तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराई जाएं। वहीं, बेजुबान जानवरों को ठंड से बचाने के लिए गो-आश्रय स्थलों में भी समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।।निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी पवन पटेल, तहसीलदार ऋतुराज शुक्ला सहित अन्य राजस्व अधिकारी एवं प्रशासनिक कर्मचारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए चुनावी तैयारियों और जनसुविधाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

# लोनहा फाटक को खुलवाने के लिए स्टेशन मास्टर को सौंपा ज्ञापन

**भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सूर्य भान सांडिल्य ने रेलवें मण्डल प्रबंधक लखनऊ को एक ज्ञापन स्टेशन मास्टर को सौपा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । लखनऊ-कानपुर रेल खंड के रेलवे स्टेशन पिपरसंड के फाटक संख्या 11 पर बनाये जा रहे अंडरपास के लिए बंद किये जाने के लिए आस पास के गाँवों के किसानो का खेतो तक आना जाना बिलकुल बंद कर दिया गया हैं और निर्माण कार्य भी बंद है जिससे फाटक से आवागमन बिलकुल ठप हैं।

इसके विरोध मे भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सूर्य भान सांडिल्य ने स्टेशन मास्टर पिपरसंड के माध्यम से रेलवें मण्डल प्रबंधक लखनऊ को एक ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन मे लिखा गया हैं की लखनऊ कानपुर रेल खंड की रेलवे स्टेशन पिपरसंड के फाटक सांख्या 11 को अंडर ग्राउंड रास्ता बनाये जाने के लिए रास्ते के आवागमन को बंद कर दिया हैं। इसी रास्ते से कई गाँवों के किसानो का खेतो तक और अन्य गाँवों का आवागमन चौबीस घंटे बना रहता हैं। इससे किसानो का उनके अपने खेतो तक आना जाना बिलकुल बंद हो गया हैं।रेल विभाग द्वारा चलाये जाने वालें कार्यों को शुरू करने के बाद उसे बंद कर दिया जाता हैं यह आदत बहुत ज्यादा ख़राब हैं। अगर काम को शुरू किया जाता हैं तो उस काम को बंद न किया जाय। इसी के बिरोध मे डी आर एम रेलवे मण्डल प्रबंधक लखनऊ को एक ज्ञापन भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सूर्य भान सांडिल्य ने अपने साथियो के साथ रेलवे स्टेशन पिपरसंड के स्टेशन मास्टर को फाटक संख्या 11 को खुलवाने के लिए ज्ञापन सौंपा और कहा की यदि फाटक न खोला गया तो रेल पथ पर हजारों किसान धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे।ज्ञापन देने में सूर्यभान शांडिल्य प्रदेश अध्यक्ष भाकियू संयुक्त मोर्चा,संतोष सिंह चौहान प्रदेश अध्यक्ष ( प्रचार प्रकोष्ठ) भाकियू संयुक्त मोर्चा, जयप्रकाश प्रदेश महामंत्री (व्यापार प्रकोष्ठ)भाकियू संयुक्त मोर्चा मौजूद रहे।

## माघ मेला-2026 की तैयारियों को लेकर डीसीपी नगर मनीष कुमार शांडिल्य का थाना महावीर जी का औचक निरीक्षण



प्रयागराज । माघ मेला 2026 के सकुशल, सुरक्षित एवं निर्विघ्न आयोजन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में शनिवार दोपहर पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य ने माघ मेला क्षेत्र में स्थापित थाना महावीर जी का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान डीसीपी नगर ने थाना कार्यालय, महिला हेल्पडेस्क, साइबर हेल्पडेस्क, मेस सहित अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों को ड्यूटी के प्रति सतर्कता, अनुशासन एवं जनसुरक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।इसके साथ ही पुलिस उपायुक्त नगर ने थाने पर तैनात अधिकारी-कर्मचारियों के साथ मेस में भोजन ग्रहण कर भोजन की गुणवत्ता की भी परख की और आवश्यक सुधारात्मक सुझाव दिए।प्रशासनिक अधिकारियों का यह निरीक्षण माघ मेला की तैयारियों को लेकर पुलिस की सक्रियता और गंभीरता को दर्शाता है।

## इंडियन बैंक में हुए करोड़ों के गबन मामले में अभियुक्त गिरफ्तार

फिरोजाबाद । इंडियन बैंक थाना जसराना में करोड़ों रूपये के गबन मामले में वाँछित अभियुक्त को थाना जसराना पुलिस टीम व एसओजी टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्व कार्यवाही कर उसे जेल भेजा है।थाना जसराना पर 27 मार्च 2025 को तरूण कुमार विश्नोई ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह इंडियन बैंक अंचल कार्यालय, आगरा में अंचल प्रबन्धक के पद पर कार्यरत है। 19 मार्च 2025 को जसराना शाखा के समक्ष अमित गुप्ता एवं अन्य ग्राहक शिकायत पत्र लेकर आए। जिसमें उन्होंने अधिकारी एवं कर्मचारी के ऊपर गंभीर आरोप लगाए गए है। राघवेंद्र सिंह, पूर्व शाखा प्रबंधक, जसराना शाखा एवं जय प्रकाश सिंह कुर्क ने जसराना शाखा में अपने पद पर रहते हुए विभिन्न ग्राहकों के खातों में कुल मिलाकर 1,85,97,900/- से अधिक का गबन अपने शाखा प्रबंधक रहते हुए धोखाधड़ी से तथा अपने पद का दुरुपयोग करके किया है।पुलिस ने अभियुक्तगण घवेन्द्र सिंह व जय प्रकाश सिंह के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच की। विवेचना के दौरान अभियुक्तगण मन कुमार, कुँवरपाल, जयप्रकाश, आकाश मिश्रा, वीर बहादुर एवं सुखदेव का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने जांच के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया।

## लूट की वारदात, गन पॉइंट पर कपड़ा कारोबारी से 70 हजार की लूट

प्रयागराज । जनपद में अपराधियों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। गंगानगर जोन के नवाबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत लाल गोपालगंज में दिनदहाड़े लूट की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। तीन बदमाशों ने गन पॉइंट पर एक कपड़ा कारोबारी से करीब 70 हजार रुपये लूट लिए और मौके से फरार हो गए। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना के संबंध में डीसीपी गंगानगर कुलदीप गुनावत ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और बदमाशों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। पुलिस टीमें सक्रिय कर दी गई हैं।

## राष्ट्रीय लोकदल प्रदेश कार्यालय में मनाया गया जयंत चौधरी का जन्मदिन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। शनिवार को राष्ट्रीय लोकदल प्रदेश कार्यालय में हर्षोल्लास के साथ जयंत चौधरी का जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय लोकदल के व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने कहा कि जयंत चौधरी द्वारा युवाओं के हित में जो काम किए जा रहे हैं वह भविष्य के भारत का मिल का पत्थर साबित होंगे। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में भंडारा, रक्तदान, कंबल वितरण अस्पतालों में फल का वितरण व मंदिरों में हवन का आयोजन हुआ।

## क्रिसमस, तुलसी पूजन एवं अटल बिहारी वाजपेई और मदन मोहन मालवीय जी का मनाया गया जन्मदिवस



लखनऊ । फरीदी नगर मे मिनी मंचकिन्स स्कूल,मयूर रेजीडेंसी मे विभिन्न त्योहारों एवं प्रमुख दिवसो को मनाने के लिए एक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया द्य इस अवसर पर क्रिसमस, तुलसी पूजन,अटल बिहारी वाजपेई एवं मदन मोहन मालवीय जी का जन्मदिवस,वीर बाल शहीद दिवस एवं आने वाले नववर्ष के कार्यक्रम हुए।छोटे-छोटे बच्चों द्वारा बनाये गए मॉडल और उनके प्रेजेंटेशन की सबने खूब प्रशंशा की द्य कार्यक्रम की शुरुआत पार्षद प्रतिनिधि श्री रामकुमार वर्मा जी ने दीप प्रज्वलन करके किया। इस अवसर पर डॉ अजय शुक्ला, मिथिलेश मिश्रा, देवेंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या मे अभिभावकों की उपस्थिति रही। विद्यालय की प्राचार्या प्रियंका पाण्डेय ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास को देखते हुए मिनी मंचकिन्स अब नये कैंपस मे शिफ्ट हो चुका है। अब उन्हें आधुनिक क्लासरूम के साथ खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए भी ज्यादा जगह मिल रही है। कार्यक्रम के अंत मे प्रबंधक सुनील पाण्डेय ने सहयोग के लिए सबका धन्यवाद ज्ञापित किया।

## श्रद्धा व उल्लास से मनाया गया गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व

उरई । गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर शनिवार को उरई के गुरुद्वारा साहिब में श्रद्धा एवं उल्लास का माहौल रहा। गुरुद्वारा साहिब में अखंड पाठ सम्पन्न कर उरई के राठ रोड स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा की ओर से मुख्य समागम का आयोजन किया गया।समागम में रागी जत्था ने शब्द कीर्तन कर संगत को गुरु गोविंद सिंह के इतिहास का श्रवण कराया। गुरुद्वारा साहिब में विशेष दीवान सजाकर कीर्तन गायन कर संगत के लिए लंगर लगाया गया। संगत ने मत्था टेककर अरदास की। साथ ही संगत ने शब्द कीर्तन व गुरु गोविंद सिंह वाणी का गायन कर माहौल को भक्तिमय बनाया। समागम में सभी गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के संरक्षक सरदार हरजीत सिंह ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह का बलिदान देश-दुनिया के अनोखे बलिदानों में शामिल है। जीवन के मूल्यों को कायम करते हुए गुरु गोविंद सिंह ने अपने समूचा परिवार को देश-धर्म की रक्षा के लिए न्योछावर कर दिया। गुरु गोविंद सिंह ने 1699 में आनंदपुर साहिब, केशगढ़ साहिब में खालसा पंथ की स्थापना की।

# मिशन 2030: कानपुर के रेल नेटवर्क का होगा कायाकल्प, क्षमता होगी दोगुनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । भारतीय रेलवे ने 'विजन 2030' के तहत देश के 48 प्रमुख शहरों में रेल टर्मिनल और परिचालन क्षमता दोगुनी करने का लक्ष्य तय किया है, जिसमें उत्तर प्रदेश की औद्योगिक राजधानी कानपुर को प्रमुख केंद्र बनाया गया है।

बढ़ती जनसंख्या, औद्योगिक विस्तार और रोजाना यात्रियों के दबाव को देखते हुए अगले पांच वर्षों में कानपुर के रेल बुनियादी ढांचे का व्यापक पुनर्विकास किया जाएगा, जिससे शहर और आसपास के क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी मिल सके।कानपुर देश के उन चुनिंदा रेल जंक्शनों में शामिल है जहां से दिल्ली, हावड़ा/प्रयागराज, लखनऊ, बांदा, झांसी और फर्रुखाबाद—छह दिशाओं में ट्रेनों का संचालन होता है। इस सामरिक बढ़त को और मजबूत करने के लिए रेलवे कानपुर सेंट्रल, गोविंदपुरी और पनकी धाम (इउट्ट) का पुनर्विकास कर रहा है। गोविंदपुरी और पनकी धाम को 'अमृत भारत स्टेशन' योजना के तहत सैटेलाइट टर्मिनल के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे कानपुर सेंट्रल पर भीड़ का दबाव कम होगा। साथ ही अतिरिक्त प्लेटफॉर्म, नई स्टेबलिंग लाइन, आधुनिक पिट लाइन और उन्नत सिग्नलिंग व्यवस्था विकसित की जाएगी।केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार, यात्रियों की बढ़ती मांग को पूरा करने और भीड़भाड़ कम करने के लिए कोचिंग टर्मिनलों और परिचालन क्षमता का विस्तार किया जा रहा है। योजना को तत्काल, अल्पकालिक और दीर्घकालिक चरणों में लागू किया जाएगा, ताकि 2030 तक सभी प्रस्तावित मेगा परियोजनाएं पूरी हो सकें। इस पहल से कानपुर और उसके आसपास के क्षेत्रों के लिए एक मजबूत, आधुनिक और भविष्य-न्द्वथदभ रेल नेटवर्क तैयार होगा।

# डीआईजी अखिलेश निगम 'अखिल' को राजस्थान के राज्यपाल ने किया सम्मानित

**यतेन्द्र स्वरूप शर्मा स्मृति सम्मान से नवाजा साहित्य समाज की चेतना और मार्ग दर्शक : राज्यपाल, राजस्थान**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । साहित्य एवं समाजसेवा के क्षेत्र में राजस्थान की प्रतिष्ठित संस्था अनुराग साहित्य सेवा संस्थान द्वारा संस्था के 31 वर्ष पूर्ण होने पर लालसौट दौसा में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान के माननीय राज्यपाल श्री हरिभाऊ किसनराव बागडे की गरिमामयी उपस्थिति रही।उक्त कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश पुलिस में पुलिस उप महानिरीक्षक के पद पर कार्यरत अखिलेश निगम 'अखिल को उनके साहित्यिक योगदान एवं नशा मुक्ति के क्षेत्र में विशेष कार्य हेतु माननीय राज्यपाल द्वारा यतेन्द्र स्वरूप शर्मा स्मृति सम्मान प्रदान किया गया। संस्था के निर्णायक मण्डल द्वारा अखिलेश निगम की प्रसिद्ध काव्य कृति 'अखिल दोहा सतसई' हेतु उन्हें माननीय राज्यपाल द्वारा यह सम्मान प्रदान किया गया।इस कार्यक्रम में 11 प्रान्तों के 31 साहित्यिकारों को उनकी उत्कृष्ट कृतियों के लिए माननीय राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया। माननीय राज्यपाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि साहित्य समाज की चेतना है और समाज का मार्गदर्शन करता है। समाज की समस्याओं को केन्द्र में रखकर लिखा गया साहित्य पाठक को नये सिरे से सोचने के लिए प्रेरित करता है। अखिलेश निगम ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान बताया कि राज्यपाल द्वारा प्राप्त सम्मान मेरे लिए सौभाग्य और गौरव की बात है और साथ ही संस्था अनुराग साहित्य सेवा संस्थान को भी धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम में अनुराग सेवा संस्थान के संयोजक सियाराम मौर्य, पद्मश्री रवीन्द्र कुमार एवं बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी, बुद्धिजीवी, शिक्षक, छात्र एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# वित्त मंत्री ने जरूरतमंदों को बांटे कम्बल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार ने कड़ाके की सर्दी से राहत देने के उद्देश्य से तहसील सदर के गांव जमुही और गांव रामापुर बरकतपुर में प्रधानों के माध्यम जरूरतमंदों को 400 कम्बल बांटे। इस दौरान वित्त मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की सेवा के लिए पूरी तरह से संकल्पित है। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद में कोई भी व्यक्ति कड़ाके की सर्दी में असुरक्षित न रहे। कहा कि पात्र व्यक्तियों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाएं।? कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार, उपजिलाधिकारी सदर, तहसील सदर सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी व राजस्व विभाग की टीम आदि मौजूद रही।

## राजनीति के शलाका पुरुष थे अटल जी : अनीता त्रिपाठी

प्रयागराज । भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी राजनीति के शलाका पुरुष थे। उक्त बात अटल स्मृति जन्म शताब्दी समारोह के तहत शनिवार को भाजपा प्रयागराज महानगर द्वारा शहर पश्चिमी विधानसभा में हनुमान वाटिका में अटल स्मृति सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए बतौर मुख्य वक्त कौशाम्बी की पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने कही।उन्होंने कहा कि वे अपनी दूरदर्शिता, बेदाग छवि, कवि हृदय, ओजस्वी वक्तृत्व और सभी दलों में सम्मान पाने वाले उदारवादी विचारों के लिए जाने जाते थे। जो उन्हें एक असाधारण और आदर्श राजनेता बनाता था, जिसने भारत को नई दिशा दी। उन्होंने राष्ट्र के सम्मान के लिए कभी समझौता नहीं किया। अमेरिका के दबाव को ठुकराकर परमाणु परीक्षण कराने का साहसिक निर्णय लेकर उन्होंने भारत को विश्व मंच पर परमाणु शक्ति के रूप में स्थापित किया। जनसेवा और राष्ट्रसेवा को समर्पित अटल जी का जीवन देशवासियों को हमेशा प्रेरित करता रहेगा। वे सर्वप्रिय नेता थे।शहर पश्चिमी विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि अटल जी हमेशा राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते थे और पक्ष-विपक्ष, दोनों के ही लिए समान रूप से सम्मानित नेता थे।

# माघ मेला 3 जनवरी से, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीएम और पुलिस कमिश्नर अलर्ट




कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। 3 जनवरी से शुरू होने वाले माघ मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह सतर्क है। जिलाधिकारी मनीष वर्मा एवं पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार ने मेला क्षेत्र में स्थित पुलिस लाइन में अधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की।बैठक के दौरान मेला ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मियों को ब्रीफ करते हुए कानून-व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तत्पर रहने को कहा। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि माघ मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

# डीएम ने किया रैन बसेरो का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। शीत लहर के प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए जनपद लखनऊ में आमजन, विशेषकर निराश्रित एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को राहत प्रदान किए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी लखनऊ विशाख जी. द्वारा नगर क्षेत्र के परिवर्तन चौक, केडी सिंह स्टेडियम, हजरतगंज चौराहा, बालू अड्डा सहित विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा जरूरतमंद व्यक्तियों को कंबलों का वितरण किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा परिवर्तन चौक स्थित अस्थाई रैन बसेरा एवं बालू अड्डा स्थित अस्थाई रैन बसेरे का निरीक्षण करते हुए रैन बसेरों में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में निर्देशित किया गया कि सभी रैन बसेरों में स्वच्छता, प्रकाश, पेयजल, बिस्तर एवं पर्याप्त संख्या में कंबलों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही शीत लहर के दृष्टिगत नगर क्षेत्र के प्रमुख स्थलों पर अलाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभागों को दिए गए। भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि रात्रिकालीन गश्त एवं फील्ड भ्रमण को और अधिक प्रभावी बनाया जाए, ताकि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति शीत लहर के कारण असुरक्षित न रहे। जरूरतमंद लोगों को रैन बसेरों में पहुंचाने की समुचित व्यवस्था स्थानीय अपर नगर मजिस्ट्रेट एवं नगर निगम के जोनल कार्यालय द्वारा सुनिश्चित की जाए।उक्त निरीक्षण में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, तहसीलदार सदर, नगर निगम जोनल अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# डॉ. अनुराग ने बेंगलुरू में जीता कोषाध्यक्ष का चुनाव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। एसएस कॉलेज के उपप्राचार्य एवं वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. अनुराग अग्रवाल ने 20 दिसम्बर को बेंगलुरू के गार्डन सिटी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय स्तर पर हुए इण्डियन कार्मस एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष एवं मैनेजिंग एडिटर पद पर चुनाव जीता है।

इण्डियन कॉर्मस एसोसिएशन सम्पूर्ण भारत के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के कॉमर्स शिक्षकों तथा शोधार्थियों का रजिस्टर्ड संघ है, जो वाणिज्य शिक्षा के क्षेत्र में सरकार को आवश्यक सुझाव देने, पाठ्यक्रमों में सुधार करने, शोधपत्रों को प्रकाशित करने राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सेमिनार आयोजित करने, वाणिज्य के क्षेत्र में प्रतिभाओं को खोजने और उन्हें सम्मानित करने आदि का कार्य करता है। इसके पदाधिकारियों का चुनाव प्रति तीन वर्ष में एक बार होता है। इस वर्ष गार्डन सिटी विश्वविद्यालय बेंगलुरू में 19, 20, 21 दिसम्बर को आयोजित कॉन्फ्रेंस में चुनाव कराया गया। भावी सत्र के लिए प्रो. एम. जयप्पा को इण्डियन कॉमर्स एसोसिएशन का अध्यक्ष निर्विरोध चयनित किया गया जबकि उपाध्यक्ष, महासचिव, संयुक्त सचिव और कोषाध्यक्ष-मैनेजिंग एडिटर पदों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव हुआ। चुनाव में बिहार के प्रो. एनके झा. उपाध्यक्ष, मुम्बई के प्रो. कुलदीप शिवप्रसाद शर्मा महासचिव, हैदराबाद के प्रो. जस्ति रवि कुमार संयुक्त सचिव और डॉ. अनुराग अग्रवाल कोषाध्यक्ष मैनेजिंग ऐडिटर पद पर विजय घोषित हुए।कार्यक्रम में सभी विजेताओं को ऐसोसिएशन के वर्तमान अध्यक्ष प्रो. केएस. ठाकुर, कुलपति बांसबाढा विश्वविद्यालय, राजस्थान द्वारा विजय प्रमाणपत्र दिया गया। वहीं, जनपद वापसी पर डॉ. अनुराग अग्रवाल का महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया और पूर्व केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री स्वामी चिन्मयानन्द सरस्वती ने आशीर्वाद दिया। साथ ही महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के सचिव डॉ. एके मिश्रा, प्राचार्य डॉ. आरके आजाद, डॉ. देवेन्द्र सिंह, डॉ. कमलेश गौतम, डॉ. गौरव सक्सेना, डॉ. पद्मजा मिश्रा, डॉ. अपर्णा त्रिपाठी आदि शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए नवीन दायित्व हेतु शुभकामनाए दीं।

# भारतेंदु हरिश्चंद्र वार्ड में पोर्टेबल कॉम्पैक्टर ट्रांसफर स्टेशन का उद्घाटन

**स्वच्छ लखनऊ की दिशा में बड़ा कदम**

कैनविज टाइम्स संवाददात




लखनऊ । नगर निगम लखनऊ द्वारा शहर की स्वच्छता व्यवस्था को आधुनिक और प्रभावी बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई। भारतेंदु हरिश्चंद्र वार्ड, अलीगंज सेक्टर-एल स्थित यादव लोहा भंडार परिसर में पोर्टेबल कॉम्पैक्टर ट्रांसफर स्टेशन (PCTS) का उद्घाटन महापौर सुषमा खर्कवाल जी द्वारा विधिवत रूप से किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

उद्घाटन समारोह में माननीय पार्षद श्री मान सिंह यादव, नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार, पर्यावरण अभियंता श्री संजीव प्रधान, प्रोजेक्ट हेड लखनऊ स्वच्छता अभियान (एलएसए) श्री अभय रंजन, पूर्व जीएम जलकल एवं एलएसए कंसल्टेंट श्री एस.के. वर्मा सहित नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने इस परियोजना को शहर के समग्र विकास और स्वच्छता सुधार के लिए अत्यंत आवश्यक बताया।माननीय महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल ने अपने संबोधन में कहा कि लखनऊ को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ शहर बनाने के लिए नगर निगम लगातार आधुनिक तकनीकों को अपना रहा है। पोर्टेबल कॉम्पैक्टर ट्रांसफर स्टेशन से कचरा खुले में फेंके जाने की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण होगा, साथ ही कचरा बिखराव और दुर्गंध में भी कमी आएगी। उन्होंने नागरिकों से स्वच्छता नियमों का पालन करने और नगर निगम का सहयोग करने की अपील की।नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार ने जानकारी दी कि यह परियोजना पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (घ्घ्घ्) मॉडल के अंतर्गत संचालित की जा रही है। इसके तहत लखनऊ स्वच्छता अभियान प्रा. लि. को नगर निगम के 5 जोनों में अपशिष्ट प्रबंधन सेवाओं का दायित्व सौंपा गया है। इसमें डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, सेकेंडरी कलेक्शन एवं ट्रांसपोर्टेशन, सड़क व गलियों की सफाई, नालियों की सफाई सहित परिवहन तथा पोर्टेबल एवं फिक्स्ड कॉम्पैक्टर ट्रांसफर स्टेशन (घ्ग्ड्ढ्/क्ग्ड्ढ्) का निर्माण एवं संचालन शामिल है। यह कार्य वार्ड संख्या 01, 03, 04, 06 एवं 07 में किया जा रहा है।परियोजना के अंतर्गत कुल 32 साइटें प्रस्तावित हैं, जिनमें प्रथम चरण की 8 तथा द्वितीय चरण की 24 साइटें शामिल हैं। प्रथम चरण की सभी 8 साइटों को पूर्ण कर ऑपरेशनल किया जा चुका है। द्वितीय चरण की 24 में से 13 साइटों पर निर्माण कार्य पूरा कर संचालन शुरू हो गया है। भारतेंदु हरिश्चंद्र वार्ड की यह साइट 14वीं साइट है, जिसका शनिवार को उद्घाटन किया गया। शेष 10 साइटों पर कार्य तेजी से प्रगति पर है, जिन्हें फरवरीऽमार्च 2026 तक पूर्ण कर संचालन में लाने का लक्ष्य रखा गया है।इस घ्ग्ड्ढ् में 2 पोर्टेबल हाइड्रोलिक कॉम्पैक्टर लगाए गए हैं, जिनकी क्षमता 20 घन मीटर है। हाइवा (क्ञ्भ्फ्थ्) निर्मित वाहनों के माध्यम से 15ऽ16 घन मीटर क्षमता वाले वाहक वाहन तथा भारत बेंज (उद्धथ्न्थ्प् उद्द्व्भ्) निर्मित 35 क्व्छुड क्षमता वाले ट्रक कचरा परिवहन में उपयोग किए जाएंगे।इस ट्रांसफर स्टेशन का मुख्य उद्देश्य ठोस अपशिष्ट को खुले में फेंकने से रोकना, कचरा उछर-बिखराव पर नियंत्रण, संग्रहण बिंदुओं पर स्वच्छता सुनिश्चित करना, कचरा परिवहन व्यवस्था को सुव्यवस्थित करना, निस्तारण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाना, कचरा प्रबंधन नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करना तथा नागरिक सुविधाओं में सुधार करना है।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल जूनियर शाखा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विंटर वंडरलैंड कार्निवाल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । गोमती नगर विस्तार स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल जूनियर शाखा में शनिवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ विंटर वंडरलैंड कार्निवाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलतार सिंह सिंगर एंड म्यूजिशियन एवं अतिथि के रूप में फीवर एफएम की मशहूर आर जे पंखुड़ी रही। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए सीख, मनोरंजन और रचनात्मकता का एक अनोखा संगम सिद्ध हुआ।

विद्यालय को रंग-बिरंगी सजावट, झिलमिलाती लाइट्स और आकर्षक पोस्टरों से सजाया गया था, जिसने हर आगंतुक को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्निवाल में कक्षा अनुसार आयोजित खेल गतिविधियाँ बच्चों के लिए विशेष आकर्षण रहीं। नर्सरी कक्षा के मैच एंड डैश और स्क्विड गेम से लेकर प्रेप की व्हील ऑफ़ फॉर्च्यून और स्पीडी स्ट्रॉ चैलेंज, पी.जी. की स्कूप द बॉल एवं कॉइन इन द बैंगल तथा कक्षा 3 के टेस्ट द लक और वैक्यूम विद बॉल्स हर खेल ने बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। वहीं विभिन्न फूड और गेम स्टॉल्स कार्निवाल की शोभा को और बढ़ा रहे थे। कार्यक्रम के अंत में लकी ड्रा पुरस्कार वितरण समारोह ने विजेताओं का उत्साह दोगुना कर दिया। इस मौके पर प्रिंसिपल रूपम सलूजा, वाइस प्रिंसिपल वरिंदर कौर समेत स्कूल का स्टाफ, बच्चे व उनके अभिभावक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# बीकेटी के रैथा गांव में एक ही रात दो घरों में चोरी, दहशत का माहौल

**भागते चोरों ने की हवाई फायरिंग, खोखा बरामद**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के बीकेटी थाना क्षेत्र अंतर्गत रैथा गांव में शुक्रवार रात चोरों ने एक ही रात दो अलग-अलग घरों को निशाना बनाकर लाखों की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। दोनों घटनाओं के बाद गांव में दहशत का माहौल है।

पहली घटना किसान रामू सिंह के घर की है, जहां चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे कीमती जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। चोरी किए गए सामान में पायल, एक जोड़ी पाजेब, चार से पांच सोने की अंगूठियां और एक सोने की चेन शामिल है, जिसकी कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है।वहीं दूसरी घटना मजदूरी कर जीवन यापन करने वाले पप्पू निषाद के घर हुई। पप्पू निषाद ने बताया कि रात करीब 12 से 1 बजे के बीच चोर उनके घर में घुसे। घटना के समय वह और उनकी पत्नी शालनी निषाद कमरे में सो रहे थे। शालनी निषाद के अनुसार उनका छोटा बेटा अचानक जाग गया, तभी उन्होंने अलमारी खुली देखी। शक होने पर पति को जगाया गया और अलमारी की जांच की गई, जिसमें रखा सामान गायब मिला।चोर पप्पू निषाद के घर से कान के झाले, दो मंगलसूत्र, एक सोने की अंगूठी और करीब 5 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। चोरी किए गए सामान की कीमत लगभग एक लाख रुपये बताई जा रही है। इसके बाद परिजनों ने तत्काल पुलिस को 112 नंबर पर सूचना दी।

### पीछा करने पर चोरों ने की हवाई फायरिंग

किसान रामू सिंह के घर में चोरी के बाद जब परिजनों ने भाग रहे चोरों का पीछा किया तो चोरों ने दहशत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग कर दी और मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया है।

### सीसीटीवी के सहारे जांच में जुटी पुलिस

दोनों चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। गांव और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। एक सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध चोर भागते हुए दिखाई दे रहा है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# भाकियू महात्मा टिकैत की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न उत्तर प्रदेश प्रभारी नियुक्त हुए ताराचंद बिष्ट



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । गोमती नगर स्थित उत्तराखंड भवन में शनिवार को भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन की मजबूती, विस्तार और आगामी रणनीति को लेकर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के नाम से एक नए संगठन का गठन किया गया है। जिसमें संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल तालान बनाए गए हैं। संगठन का उद्देश्य महात्मा टिकैत की विचारधारा पर चलते हुए किसानों की समस्याओं, अधिकारों और मांगों को सरकार तक मजबूती से पहुंचाना है। वहीं इस मौके पर ताराचंद बिष्ट को उत्तर प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया गया। बैठक में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए जिला अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

## कन्सकैप्सकोलन द नालेज स्कूल में लखनऊ ताइकान्डों एसोसिएशन द्वारा प्रतियोगिता आयोजित



लखनऊ । केडी सिंह बाबू स्टेडियम के ताइकान्डों सीखने वाले बच्चों ने कन्सकैप्सकोलन द नालेज स्कूल स्थित शहीद पथ में लखनऊ ताइकान्डों एसोसिएशन द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिता मे विभिन्न स्कूलों एवं क्लबों के बच्चो ने प्रतिभाग किया जिसमे अमीनाबाद (रकाबगंज) निवासी अनन्या सिंह चैहान पुत्री संदीप सिंह चैहान ने यलो बेल्ट से ग्रीन बेल्ट का प्रथम स्थान हासिल कर के0डी0 सिंह बाबू स्टेडियम और अपने परिवार का नाम रौशन किया साथ ही यह संदेश भी दिया की आज लड़किया देश का नाम रौशन करने में किसी भी स्तर से पीछे नही है।

## इंदिरा नगर के तकरोही क्षेत्र में एक ही रात तीन दुकानों में चोरी



लखनऊ । इंदिरा नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत तकरोही मे बीती रात चोरों ने बेखौफ होकर एक के बाद एक तीन दुकानों को निशाना बनाया। चोरों ने मोबाइल की दुकान, साइबर कैफ़े और मेडिकल स्टोर में शटर तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, रात के समय चोरों ने मोबाइल की दुकान का शटर तोड़ा, जहां से कई मोबाइल फोन और लगभग 15 से 20 हजार नकदी चोरी होने की बात सामने आ रही है। इसके बाद पास ही स्थित एक मेडिकल स्टोर से 2 हजार नगद वा चार च्यवनप्राश के डिब्बे, और साइबर कैफ़े से 30 हजार नगद वह दो लैपटॉप और 4 एटीएम समेत कई कागजात चोरी हुई सुबह जब अन्य दुकानदारों के माध्यम से चोरी की जानकारी हुई, जिसके बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही इंदिरा नगर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। स्थानीय व्यापारियों का आरोप है कि रात में पुलिस गश्त न के बराबर होती है, जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं। एक ही रात में तीन दुकानों में चोरी की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने की बात कह रही है और दुकानदारों ने मांग की है कि क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाई जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## डीपीएस इन्दिरा नगर में हुआ स्पोर्ट्स मीट का आयोजन



लखनऊ । इन्दिरा नगर स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में पूर्व छात्रों को विद्यालय से जोड़ने हेतु एक स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। जिसमे भूतपूर्व छात्रों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इसमें सबसे पहले वॉली बॉल फिर बास्केट बॉल तथा फुटबॉल खेलो को पूर्व छात्रों और विद्यालय के विद्यमान छात्रों में कराया गया। वहीं इस खेलो के पश्चात क्रिकेट का खेल हुआ, जिसमें भूतपूर्व छात्रों ने विद्यालय के स्टाफ का सामना किया। हालांकि यह मैच बहुत ही रोमांचक रहा। आयोजित खेलों में बेस्ट प्लेयर में वॉली बॉल में गौरव साहनी, बास्केट बॉल में शाज अली खान, फुटबॉल में सार्थक व क्रिकेट में प्रतीक्षा द्विवेदी रही। बेस्ट टीम में एलुमनाई व ओवरऑल चैम्पियन एलुमनाई रही। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या गजाला अफसर ने भूतपूर्व छात्रों के उत्साह व खेलो की सराहना करते हुए उन्हे आने वाले नववर्ष की बधाई दी।

## शिक्षा क्षेत्र का एक नया कीर्तिमान, मिस्टर अमेठवी को डॉक्टरेट सम्मान



लखनऊ। प्रख्यात कवि,शायर,लेखक,समाजसेवी,वशिक्षक मुहम्मद अफ़ज़ल जमील ''मिस्टर अमेठवी'' को शिक्षा के क्षेत्र में डॉक्टरेट उपाधि प्रदान की गई।मिस्टर अमेठवी के निरन्तर,अथक प्रयासों के परिणाम स्वरूप मानवीय शिक्षा में ये उपलब्धि हासिल हुई है ।पेशे से शिक्षक मिस्टर अमेठवी की रुचि बचपन से ही साहित्य के क्षेत्र में रही है। वे बच्चों को पढ़ाने के साथ ही कविता,शायरी,लेखन और समाजसेवा में उनकी रुचि रही है। इस पहचान के लिए वे किसी के मोहताज नहीं है।मिस्टर अमेठवी का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर की अनमोल शख्सियत नामक बुक में भी दर्ज है।इस नई उपलब्धि पर उनके इष्ट मित्रों एवं क्षेत्रीय लोगों ने उन्हें बधाई दी साथ ही उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना भी की ।पूर्व में भी मिस्टर अमेठवी अपना नाम द बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कर लखनऊ जनपद के क़स्बा अमेठी को गौरवान्वित किया है।

# आपसी रंजिश में मारपीट समेत चाकूबाजी




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । महानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत आपसी रंजिश के चलते चाकू से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। यह घटना हनुमान सेतु के पास की बताई जा रही है। हमले में घायल युवक की पहचान तनिष्क वर्मा के रूप में हुई है, जबकि आरोपी का नाम प्रिंस वाल्मीकि बताया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों युवक एक-दूसरे को पहले से जानते थे। किसी बात को लेकर हुई कहासुनी के बाद आरोपी ने चाकू से हमला कर दिया और वारदात के बाद फरार होने की फिराक में था।घटना की सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल कार्रवाई की और आरोपी को मौके के आसपास से ही गिरफ्तार कर लिया।घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। महानगर पुलिस की त्वरित व प्रभावी कार्रवाई से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रही। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर धूमधाम से मनाया गया चौधरी जगदीप सिंह यादव जी का 80 वां जन्मदिन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर राष्ट्रीय राष्ट्रीय सचिव चौधरी जगदीप सिंह यादव जी का 80वां जन्मदिन बूंदी का केट काटकर बड़ी धूमधाम से मनाया गया। साथ ही जन्मदिन के शुभ अवसर पर तहरी भोज का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' ने की। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान ने किया। इस शुभ अवसर पर जिला एवं महानगर के सैकड़ों कार्यकर्ताओं अंगवस्त्र एवं फूल-मालाओं से चौधरी जगदीप सिंह यादव को जन्मदिन की बधाई दी और सभी लोगों ने ईष्वर से उनकी दीर्घायु होने की कामना की। इस शुभ अवसर पर सांसद मोहनलालगंज आर0के0 चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष सी0एल0 वर्मा, वरिष्ठ नेता सूर्यकुमार सिंह, निर्मल सिंह, फिदा हुसैन अंसारी, जगनायक सिंह चैहान, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला सभा जूही सिंह, महानगर अध्यक्ष फाखिर सिद्दीकी, राजेश यादव राजू पूर्व एम एल सी,राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज यादव, पूर्व नगर महासचिव सौरभ यादव, नगर महासचिव गौरव यादव, डॉ0 मधु गुप्ता, मीरा वर्धन, पूर्व एम0एल0सी0 अरविन्द कुमार सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक यादव, नागेन्द्र यादव, पूर्व विधायक गोमती यादव, रेहान नईम, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजकुमार मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड अनीस राजा, पूर्व मंत्री यामीन खान, पूर्व महानगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित, मुकेश शुक्ला, नवीन धवन बंटी, वरिष्ठ नेता भरत यादव, प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता सभा सिकन्दर यादव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष छात्र सभा महेंद्र कुमार यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय सिंह यादव, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राजबाला रावत, दीपक रंजन, पूजा शुक्ला, प्रदेश सचिव विजय सिंह यादव, रामगोपाल यादव, सरोज यादव, रामसागर यादव, वीर बहादुर सिंह, रंजीत यादव, महताब सिंह यादव, कुलदीप यादव, पूर्व चेयरमेन प्रत्याशी इब्राहीम मंसूरी, प्रदीप कनौजिया, त्रिवेणी प्रसाद पाल, गिरधारी लाल लोधी, महेश सिंह लोधी, अकरम उर्फ बब्लू, सुशील यादव 'गुड्डू', यशवीर लोधी, दुर्गेश यादव 'सोनू', ब्लाक प्रमुख ऊषा सेन, वसी अहमद खान, लुकमान अली, मीनाक्षी सिंह, नाहिद बेगम, प्रेमलता यादव, विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, चन्द्रशेखर यादव, सोनीश कुमार मौर्या, अजय कुमार रावत, एड0 रामनाथ रावत, रामसमुझ रावत समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# आग लगने से गरीब मजदूर का घर जलकर खाक

**प्रशासन से मदद की दरकार व्यापार मंच के जिलाध्यक्ष विकास पटेल ने दी राहत**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ । क्षेत्र की ग्राम पंचायत गढ़ा के मजरा अमजाद पुर में बीते रविवार की रात अचानक लगी भीषण आग से मजदूर जगदीश का मकान पूरी तरह जलकर खाक हो गया। आग की चपेट में आकर घर में रखा सारा सामान, खाद्य सामग्री, गर्म कपड़े और गृहस्थी का सामान जलकर स्वाहा हो गया।

हालांकि, परिवार की सूझबूझ से जगदीश की पत्नी और तीनों बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना की सूचना मिलते ही नगराम पुलिस और दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आग सब कुछ नष्ट कर चुकी थी। पीड़ित परिवार का कहना है कि घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद प्रशासन की ओर से अब तक किसी प्रकार की सहायता नहीं मिल पाई है, जिससे परिवार आर्थिक और मानसिक संकट से जूझ रहा है। इस कठिन समय में कुछ समाजसेवियों द्वारा पीड़ित परिवार की मदद की जा रही है। शनिवार को अपना दल (एस) व्यापार मंच के जिलाध्यक्ष विकास पटेल दर्जनों साथियों के साथ मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उन्होंने आर्थिक सहायता प्रदान करने के साथ ही खाद्य सामग्री, कंबल और पूरे परिवार के लिए गर्म वस्त्र वितरित किए तथा भविष्य में भी हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। ग्रामीणों ने बताया कि विकास पटेल द्वारा क्षेत्र में गरीब और असहाय लोगों की समय-समय पर विभिन्न तरीकों से सहायता की जाती रही है, जिससे जरूरतमंदों को राहत मिलती है। इस मौके पर अपना दल (एस) के जिला महासचिव हरिशंकर वर्मा सहित अनंत कुमार, सर्वेश कुमार, अनुज कुमार, श्याम जी पटेल, राहुल समेत कई लोग मौजूद रहे।

### चार बिजली के पोल व 3 फ़ेज एबीसी लाइन लगवाए जाने के लिखित आश्वासन पर मंगलवार तक टला विरोध प्रदर्शन

लखनऊ । फैजुल्लागंज चतुर्थ वार्ड के अन्नपूर्णा नगर में बांस बल्ली के सहारे बिजली आपूर्ति होने से उपभोक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, लटकते केबिलो के कारण पूर्व में लोग व जानवर भी कई बार करंट की चपेट में आ चुके हैं। शनिवार को अन्नपूर्णा नगर के उपभोक्ताओं ने सामाजिक कार्यकर्ता ममता त्रिपाठी के नेतृत्व में दाउदनगर उपकेंद्र तक लेसा जानकीपुरम जोन के विरोध में मौन जुलूस निकाले जाने की घोषणा की थी। ऐसे में सामाजिक कार्यकर्ता ममता त्रिपाठी द्वारा बताया गया है कि लेसा जानकीपुरम जोन के अवर अभियंता के द्वारा मंगलवार को चार बिजली के पोल व तीन फ़ेज एबीसी लाइन लगवाए जाने के लिखित आश्वासन के बाद विरोध मौन जुलूस को टाल दिया गया है। ममता त्रिपाठी ने कहा कि जिम्मेदार अधिकारी दो दिन बाद चार बिजली के खंभे व तीन फ़ेज एबीसी लाइन लगवाए जाने की बात कह रहे हैं इसलिए विरोध प्रदर्शन को मंगलवार तक के लिए टाल दिया गया है।

# ममई मऊ स्थित बड़े बाबा के परिसर पर लगा दो दिवसीय आस्था का विशाल मेला

**जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज ने दो दिवसीय मेले का किया समापन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ । नगराम क्षेत्र के ममई मऊ गांव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े बाबा के स्थान पर दो दिवसीय विशाल मेले का भव्य आयोजन किया गया। मेले में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बड़े बाबा के दर्शन किए, प्रसाद चढ़ाया और धार्मिक वातावरण के बीच मेले का भरपूर आनंद लिया।

मेले में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक खासा उत्साह देखने को मिला। झूले, खान-पान की दुकानें और धार्मिक कार्यक्रम मेले का मुख्य आकर्षण रहे। मेले के मुख्य आयोजक ग्राम प्रधान दीपक सिंह ने बताया कि यह मेला विगत कई वर्षों से सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ लगातार लगता आ रहा है, जिसमें हर वर्ष हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। यह मेला गांव की आस्था और सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है। शुक्रवार की रात मेले का समापन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें जिला पंचायत सदस्य अमरेंद्र भारद्वाज दर्जनों समर्थकों के साथ पहुंचे। समापन अवसर पर उन्होंने कहा कि ब्लयह मेला केवल आयोजन नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने वाला मेल है, जहां सामाजिक समरसता और भाईचारे की भावना देखने को मिलती है।ङ्क इस मौके पर रामलाल, विनोद वर्मा, कय्यूम , सूरज प्रधान , लाला रावत , रघुवर रावत , हरि कृष्ण भारद्वाज (गौरव) विशाल भारद्वाज मुख्य रूप से शामिल हुए । वहीं आयोजकों ने सहयोग के लिए क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया।

# खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय मिश्रिख में विकसित उत्तर प्रदेश पर प्रदर्शनी का उद्घाटन

**डिजिटल विकास से लेकर कानून व्यवस्था तक 'विकसित उत्तर प्रदेश' प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केन्द्र मिश्रिख में विकास की झलक, 29 दिसम्बर तक आमजन के लिए खुली प्रदर्शनी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय मिश्रिख के परिसर में विकसित उत्तर प्रदेश विषय पर आयोजित भव्य प्रदर्शनी का शुभारम्भ मा0 विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव, मा0 ब्लॉक प्रमुख मिश्रिख रामकिंकर पांडे, मा0 सांसद मिश्रिख प्रतिनिधि राज कुमार सोनी, मा0 अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मिश्रिख प्रतिनिधि अजय भार्गव सहित उपस्थित मा0 जनप्रतिनिधिगणों ने फीता काटकर कर किया एवं प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस प्रदर्शनी में उ0प्र0 के डिजिटल क्षेत्र में विकास को भी प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया है। उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था में सुधार, अपराधों में पर अंकुश, सर्वाधिक मेट्रो रेल संचालित करने वाला प्रदेश, बेहतर चिकित्सा सेवाएं, किसानों को उपलब्ध सुविधाएं, रोबोट उत्पादन में उत्तर प्रदेश की उपलब्धियां, मोबाइल मैन्यूफैक्चरिंग हब के रूप में उत्तर प्रदेश अग्रणी, स्वदेशी, उत्पादों को प्रोत्साहन, धर्म संस्कृति विरासत का सतत विकास, महिलाओं का विकास, महिलाओं को सुरक्षा एवं सम्मान आदि संबंधित योजनाओं के फोटोग्राफ एवं विवरण लोगों के आकर्षण का मुख्य केन्द्र हैं। प्रदर्शनी दिनांक-29 दिसम्बर 2025 तक खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय मिश्रिख के परिसर में स्थापित रहेगी, जिसे आमजनमानस देखकर विभिन्न जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर मा0 विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव ने अपने सम्बोधन में कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी एवं मा0 मुख्यमंत्री जी के कुशल निर्देशन में केन्द्र एवं प्रदेश की सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन करते हुये पात्रों को लाभान्वित किया जा रहा है। प्रदेश अनेक क्षेत्रों में निरन्तर प्रगति कर रहा है। रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। महिलाओं की सुरक्षा की व्यवस्था अत्यन्त सुदृढ़ हुयी है तथा अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण करने के साथ-साथ अपराधियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में प्रदर्शनी का अवलोकन कर विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें तथा पात्रता के अनुसार लाभान्वित हों। ब्लॉक प्रमुख मिश्रिख रामकिंकर पाण्डेय ने मिश्रिख क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कराया जा रहा है तथा नैमिष क्षेत्र के पुरातन महत्व को नित नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिये सतत प्रयास किये जा रहे हैं। नैमिष-मिश्रिख की पुन्य धरा पर व्यापक स्तर पर योजनाओं के संचालन हेतु उन्होंने केन्द्र एवं प्रदेश सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मिश्रिख शैलेन्द्र मिश्रा, खण्ड विकास अधिकारी मिश्रिख सुनील कौशल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुणे में साहित्य सृजन संस्थान के अध्यक्ष संदीप मिश्र सरस के सम्मान में हुआ साहित्यिक संवाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। हाल ही में हिंदी के सुप्रतिष्ठित कवि संदीप मिश्र 'सरस' के पुणे आने की ख़ुशी में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया था । हिंदी - सिन्धी-उर्दू कवयित्री इंदिरा पूनावाला ने इस गोष्ठी का आयोजन किया ।

काव्यगोष्ठी के अध्यक्ष कवि संदीप मिश्र 'सरस' और राजेंद्र श्रोत्रिय को पुष्प, श्रीफल, शाल देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर ज्येष्ठ कवि नंद कुमार मिश्र 'आदित्य सामवेदी', गोविंद मिश्र, राजेंद्र श्रोत्रिय, डॉ. प्रेरणा उबाले, भावना गुप्ता, कुमार गौरव, वेद स्मृति कृति, दिव्यांशु आदि मौजूद थे और उन्होंने अपनी कविताएँ काव्य गोष्ठी में प्रस्तुत की। हास्य व्यंग्य कवि, नाटककार राजेंद्र श्रोत्रिय, मध्य प्रदेश ने सरस्वती वंदना गाकर काव्य गोष्ठी का आरंभ किया तथा गाँव की स्मृतियाँ ताजा करने वाली 'शहरों से आया है प्रभाव, कितना बदल गया है गाँव' कविता लय में प्रस्तुत कर सबको गाँव के वातावरण में ले गए।काव्य गोष्ठी की आयोजक इंदिरा पूनावाला 'शबनम' ने 'डरते-डरते एक-दूसरे के करीब आते हैं क्यों' शीर्षक ग़ज़ल पढ़कर समां बाँध दिया द्य पुणे की हिंदी-मराठी में लेखन करने वाली कवयित्री डॉ. प्रेरणा उबाले ने जीवन की शाश्वतता और क्षणभंगुरता को प्रतिपादित करने वाली 'मिटता कुछ नहीं जिन्दगी से, मिलता सबकुछ जिन्दगी से' और 'भूख थोड़ी बची रहें, पेट में आग थोड़ी बची रहें ' शीर्षक कविताएँ प्रस्तुत की द्य साहित्यकार गोविन्द मिश्र ने अपने गाँव और पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के कार्य की महती गानेवाला गीत प्रस्तुत किया और वेद स्मृति 'कृति' ने कुंडलियाँ छंद में माता धवला दो मुझे वरदान' कविता का सरस पठन किया । काव्य गोष्ठी के अध्यक्ष और प्रमुख अतिथि , साहित्य सृजन संस्थान के संस्थापक संदीप मिश्र सरस ने पुणे के अपने अनुभव सबसे साझा किए। पुणे की सभ्यता-संस्कृति की उन्होंने मुक्त कंठ प्रशंसा की द्य साथ ही पुणे के लोगों का हिंदी भाषा और साहित्य के प्रति रुझान उन्हें अच्छा लगा और अपनी अनुभूतियों से निर्मित कविताओं का सस्वर पठन किया। 'मायके को संभाल देती हैं। बेटियां मन खंगाल देती हैं। देहरी लांघते हुए भी वे, पुण्य अक्षत उछाल देती हैं।' कविता से उन्होंने सबको मोह लिया द्य 'वेद मन्त्रों का पुण्य फल अम्मा। और गंगा दिव्य जल अम्मा। जिन्दगी की कठिन परीक्षा में , सारे प्रश्नों का एक हल अम्मा।' कविता ने सबकी वाहवाही बटोरी द्यइसके साथ ही भावना गुप्ता ने 'मैं कैसे कह दूं रुक जाना,' और 'शांत हूँ खुद में' कविताओं को प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक, सामाजिक दृष्टियों से साहित्य और भाषा को संरक्षण देने वाली तथा उनका संवर्धन करने वाली इस तरह की गोष्ठियों का आयोजन बहुत आवश्यक प्रतीत होता है द्यइंदिरा पूनावाला 'शबनम' द्वारा आयोजित इस काव्य गोष्ठी में सभी ने कविताओं का आनंद लिया। विभिन विषयों पर पढ़ी गई कविताओं से हर्षोल्लास का वातावरण काव्य गोष्ठी में छाया रहा।

# एसपी ने गुरूद्वारे में टेका मत्था किया गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ

**एसपी ने कहा कि गुरु साहिब द्वारा स्थापित समानता, साहस, सत्य एवं न्याय के सिद्धांत आज भी समाज को सही दिशा दिखाने का कार्य कर रहे हैं**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। सिख धर्म के दसवें गुरु श्रीगुरु गोविन्द सिंह के पावन प्रकाश पर्व के शुभ अवसर पर कचहरी रोड स्थित श्रीगुरु सिंह सभा में श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेका और समस्त जनपदवासियों को प्रकाश पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

इस दौरान एसपी ने श्रीगुरु गोविन्द सिंह के महान जीवन, त्याग, शौर्य, बलिदान एवं मानवता के लिए दिए गए संदेशों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु साहिब द्वारा स्थापित समानता, साहस, सत्य एवं न्याय के सिद्धांत आज भी समाज को सही दिशा दिखाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं से गुरु महाराज के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा समाज में आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं सद्भाव को बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान एसपी ने गुरुद्वारा परिसर में भजन-कीर्तन, अरदास एवं गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ किया। इसके बाद संगत के साथ गुरु का लंगर का प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने जनपदवासियों से सामाजिक सौहार्द, धार्मिक सहिष्णुता एवं आपसी भाईचारे को बनाए रखने की अपील की। वहीं, पुलिस प्रशासन द्वारा कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के समुचित प्रबंध किए गए, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो। कार्यक्रम पूर्णतः शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी, कर्मचारी, गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के पदाधिकारी सहित तमाम श्रद्धालु संगत मौजूद रही।

## अवैध शस्त्र सहित अभियुक्त गिरफ्तार



सीतापुर। अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में सघन चेकिंग एवम् अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी महोली नागेन्द्र चौबे के निकट पर्यवेक्षण में व थाना प्रभारी जेबी पांडे के कुशल नेतृत्व मे व थाना महोली पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त सलाउद्दीन उर्फ पंड़ित पुत्र हुसैनी निवासी ग्राम मस्जिद बाजार थाना महोली जनपद सीतापुर को कस्बा महोली के पास से एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 02 अदद कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामद अवैध शस्त्र के संबंध में थाना महोली पर मु0अ0सं0 514/2025 धारा 25(1-बी) आयुद्ध अधिनियम पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त का चालान न्यायालय किया गया है।

# सड़क सुरक्षा पर बनी लघु फिल्म लास्ट कॉल, एसपी ने किया विमोचन

**निर्देशक व कलाकारों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर । एसपी राजेश द्विवेदी ने रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात पुलिस एवं परिक्रमा प्रेजेंट्स की संयुक्त पहल से बनी लघु फिल्म लास्ट कॉल का विमोचन किया। साथ ही फिल्म के निर्देशक रंगकर्मी प्रमोद प्रमिल सहित कलाकारों डॉ. विकास पांडेय, डॉ. पुनीत मनीषी, युवराज रस्तोगी, किरण, अलकमा, पुनीत शर्मा एवं श्याम सलोने शुक्ला को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

एसपी ने कहा कि इस फिल्म के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों एवं उनके दुष्परिणामों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु संख्या कोविड जैसी महामारी अथवा अन्य कारणों से होने वाली मृत्यु संख्या की तुलना से कहीं अधिक है। इस शॉर्ट फिल्म के माध्यम से समाज को संदेश दिया गया है कि यातायात नियमों में लापरवाही न केवल आपकी जान को जोखिम में डालती है, बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य नागरिकों की सुरक्षा भी प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन कर स्वयं को सुरक्षित रखते हुए दूसरों की जान भी बचाई जा सकती है। कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में शून्य मृत्यु का लक्ष्य प्राप्त करना ही हमारा संकल्प है।जिसके लिए यातायात पुलिस द्वारा जागरूकता एवं प्रवर्तन की कार्रवाई निरंतर जारी है। यह शॉर्ट फिल्म यातायात नियमों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने में एक प्रभावी साधन सिद्ध होगी। कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

# लखीमपुर जिला अस्पताल में मानवता शर्मसार, अवैध वसूली से टूटी बहन ने की आत्महत्या की कोशिश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जिला अस्पताल लखीमपुर एक बार फिर गंभीर आरोपों के घेरे में है। इलाज के नाम पर खुलेआम अवैध वसूली, मरीज को जबरन डिस्चार्ज करने का दबाव और डॉक्टरों की मनमानी से आहत एक बहन ने अस्पताल परिसर में ही शैंपू पीकर आत्महत्या की कोशिश कर ली।

इस घटना से पूरे अस्पताल में हड़कंप मच गया है और सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवालों की बौछार शुरू हो गई है।शहर के उदयपुर महेवा निवासी युवक की हड्डी टूटने पर उसकी बहन सौम्या शर्मा उसे इलाज की उम्मीद लेकर जिला अस्पताल पहुंची थी। आरोप है कि डॉक्टर शरद वर्मा ने हड्डी के ऑपरेशन के नाम पर पहले ही 12,500 रुपये वसूल लिए। इसके बावजूद ऑपरेशन असफल रहा और मरीज की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ, बल्कि दर्द और तकलीफ बढ़ती चली गई।जब परिजनों ने खराब इलाज पर सवाल उठाए तो डॉक्टर और अस्पताल स्टाफ ने सुधार के नाम पर दोबारा 15 हजार रुपये की मांग कर दी। आरोप है कि पैसा न देने पर मरीज को अस्पताल से जबरन डिस्चार्ज करने का दबाव बनाया जाने लगा। सरकारी अस्पताल में इस तरह की वसूली ने पूरे सिस्टम की सच्चाई उजागर कर दी।डॉक्टरों और व्यवस्था की बेरुखी से मानसिक रूप से टूट चुकी बहन सौम्या शर्मा ने जिला अस्पताल परिसर में ही शैंपू पीकर आत्महत्या करने की कोशिश कर ली। युवती की हालत बिगड़ते ही अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। सवाल यह है कि जब तक मामला जानलेवा न बन जाए, तब तक प्रशासन आखिर क्यों आंखें मूंदे रहता है?घटना का वीडियो सामने आने के बाद मामला और भी विस्फोटक हो गया। वीडियो में अस्पताल और डॉक्टरों पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। मीडिया के सवालों से घिरे कुछ डॉक्टरों का बचाव में आना और भड़कना, आरोपों को और मजबूत करता नजर आ रहा है।मामला बिगड़ता देख स्वास्थ्य महकमे के मुखिया आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचे। आरोप है कि निष्पक्ष जांच के बजाय मामले को ल्लमैनेजङ्क करने की कोशिश शुरू हो गई, जिससे पीड़ित परिवार और आम जनता में गहरा रोष व्याप्त है।चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपी डॉक्टर शरद वर्मा पहले भी विवादों में रह चुके हैं।पूर्व में ड्यूटी से गायब रहने के आरोप में स्वयं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा उन्हें नोटिस जारी किया जा चुका है। इसके बावजूद ऐसे डॉक्टर का जिला अस्पताल में प्रभाव बना रहना स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।जिला अस्पताल की यह घटना केवल एक परिवार की पीड़ा नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम पर करारा तमाचा है। अब जनता जवाब चाहती है, सिर्फ आश्वासन नहीं।

# रेलवे स्टेशन पहुंचे एडीएम, रैन बसेरों का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आ रहा है। इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी (एडीएम) नरेंद्र बहादुर सिंह ने रेलवे स्टेशन परिसर स्थित रैन बसेरे का औचक निरीक्षण कर वहां ठहरे जरूरतमंदों के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान एडीएम ने रैन बसेरे में मौजूद लोगों से सीधे संवाद कर उन्हें मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने रैन बसेरे में उपलब्ध बिस्तर, कंबल, साफ-सफाई, पेयजल एवं शौचालय व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी (ईओ) को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि शीतलहर को देखते हुए रेलवे स्टेशन सहित सभी प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि ठंड के कारण किसी भी जरूरतमंद, बेसहारा या राहगीर को असुविधा नहीं होनी चाहिए।एडीएम ने यह भी निर्देश दिए कि रैन बसेरों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और बिस्तर, कंबल या अन्य आवश्यक सुविधाओं की किसी भी प्रकार की कमी न होने पाए। यदि कहीं भी अव्यवस्था या लापरवाही सामने आती है तो संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। प्रशासनिक निरीक्षण से जहां व्यवस्थाओं को और मजबूत करने के निर्देश दिए गए, वहीं रैन बसेरे में ठहरे लोगों ने प्रशासन की इस पहल पर संतोष व्यक्त किया।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ठंड के पूरे मौसम में रैन बसेरों और अलाव की व्यवस्था पर विशेष निगरानी रखी जाएगी, ताकि जरूरतमंदों को सुरक्षित और गर्म वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

## बांग्लादेश में हुए दलित युवक की निर्मम हत्या को लेकर ग्रामीणों ने फूंका पुतला



रायबरेली। बीते दिनों बांग्लादेश में दलित हिंदू युवक की हुई निर्मम हत्या को लेकर पूरे देश में आक्रोश व्याप्त है। इसी आक्रोश के तहत शनिवार को विकास क्षेत्र के शेखपुर समोधा ग्राम सभा के मुख्य चौराहे पर हिंदू संगठनों एवं पूर्व प्रधान के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बांग्लादेश का पुतला फूंक कर नारेबाजी की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आपको बताते चलें कि बीते दिनों बांग्लादेश में दलित युवक दीपचंद्र दास की हत्या को लेकर विभिन्न हिंदू संगठनों के पदाधिकारियो एवं कार्यकर्ताओं सहित पूर्व प्रधान राजेश सिंह के नेतृत्व में सैकड़ो युवाओं एवं ग्रामीणों ने बांग्लादेश की यूनिस सरकार का पुतला दहन कर बांग्लादेश के खिलाफ नारेबाजी की है। साथ ही साथ उक्त कार्यक्रम में मौजूद आक्रोशित युवाओं का कहना है कि भारत की सरकार बांग्लादेश में हुई दलित युवक की इस निर्मम हत्या को लेकर अंतरराष्ट्रीय कोर्ट में बांग्लादेश की सरकार के खिलाफ एक्शन की मांग उठाए। साथ ही साथ उक्त आक्रोशित युवाओं ने घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए बताया कि यह हत्या केवल एक व्यक्ति की हत्या नहीं बल्कि यह समाज की शांति सौहार्द और मानवता पर सीधा हमला है। इस तरह की घटनाएं उक्त देश में अल्पसंख्यकों मे भय का माहौल पैदा करती हैं। इस मौके पर पूर्व प्रधान राजेश सिंह, विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी सुंदर सिंह, मोहित सिंह, देवेंद्र अवस्थी, अनु शुक्ला, अनिल शुक्ला, रामू सिंह, आरजू सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में हिंदू संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण भी मौजूद रहे।

## बहादुरपुर में होली की जगह पर अतिक्रमण, परंपरा पर संकट



रायबरेली। बछरावां विकासखंड की ग्राम सभा बहादुरपुर में होली जलाने की सार्वजनिक भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा किए जाने का मामला लगातार बना हुआ है। आरोप है कि कब्जाधारियों ने होली की निर्धारित जगह पर शौचालय बनवा लिए हैं और अन्य निर्माण खड़े कर रहे हैं, जिससे गांव में होली दहन के लिए कोई भी खाली स्थान नहीं बचा है।ग्रामीणों का कहना है कि यह भूमि वर्षों से होली के आयोजन के लिए उपयोग में लाई जाती रही है, लेकिन अतिक्रमण के कारण अब गांव की परंपरा प्रभावित हो रही है। कई बार अधिकारी, जनप्रतिनिधि और लोग मौके पर देखने आ चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद आज तक यह जगह खाली नहीं कराई गई है, जिससे ग्रामीणों में भारी रोष है।ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान से मांग की है कि अतिक्रमण को तत्काल हटवाकर होली की जगह को खाली कराया जाए और भविष्य के लिए उस स्थान को सार्वजनिक रूप से सुरक्षित किया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि अब भी कार्रवाई नहीं हुई तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत करेंगे। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, यदि अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अब देखना यह होगा कि ग्राम प्रधान और प्रशासन इस गंभीर मामले में कितनी शीघ्रता से ठोस कदम उठाते है, ताकि गांव की परंपरा और सार्वजनिक भूमि की रक्षा हो सके।

## पंचमुखी हनुमान जी महाराज की मूर्ति की रंग-रोगन

रायबरेली। क्षेत्र के पूरे अहलादी मजरे मऊ गांव में स्थित पंचमुखी हनुमान जी महाराज की मूर्ति की चित्रकारी (रंग-रोगन) का कार्य क्षेत्रवासियों के सहयोग से प्रारंभ हो गया है। यह कार्य अमेठी जनपद के तिलोई निवासी एवं बसेरा आर्ट के प्रोपराइटर राजाराम कोविंद द्वारा किया जा रहा है। आपको बता दें कि, राजाराम कोविंद एक अनुभवी मूर्तिकार एवं चित्रकार हैं, जिन्हें भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी तथा तत्कालीन सिंचाई आयोग के अध्यक्ष के हाथों सम्मानित होने का गौरव प्राप्त है। उन्होंने बताया कि, अब तक वे 100 से अधिक मूर्तियों की चित्रकारी एवं साज-सज्जा का कार्य कर चुके हैं। मऊ गांव स्थित पंचमुखी हनुमान जी महाराज की यह 101वीं मूर्ति है, जिस पर वे कार्य कर रहे हैं। राजाराम कोविंद ने बताया कि, वे दुर्गा जी, काली जी, गणेश जी, भगवान शंकर, हनुमान जी सहित अनेक देवी-देवताओं और साधु-संतों की मूर्तियों की चित्रकारी कर चुके हैं। इसके साथ ही उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं क्रांतिकारियों की मूर्तियों की भी चित्रकारी करी है। वे दीवारों पर चित्रकारी और लेखन कार्य में भी दक्ष हैं।

# तेज रफ्तार बाइक ने ली महिला की जान, मौके पर मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा खीरी। धौरहरा कस्बे में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। तहसील तिराहे के पास स्थित धर्मकांटे के ठीक सामने तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि महिला को संभलने का मौका तक नहीं मिला।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतका की पहचान पठान वार्ड निवासी सायरा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सायरा सड़क पार कर रही थीं, तभी तेज रफ्तार से आ रही बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महिला ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोग तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।घटना की खबर मिलते ही मृतका के परिजन मौके पर पहुंच गए, जहां चीख-पुकार और कोहराम मच गया। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे से पूरे पठान वार्ड में शोक की लहर दौड़ गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बाइक की रफ्तार काफी तेज थी और चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण यह दर्दनाक हादसा हुआ। पुलिस बाइक चालक की तलाश में जुट गई है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है।पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और तहरीर मिलने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही ने एक बेगुनाह की जान ले ली। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तहसील तिराहे जैसे व्यस्त चौराहों पर स्पीड कंट्रोल और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है।

# एडिशनल सीएमओ के औचक निरीक्षण से सीएचसी निघासन में मचा हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता




निघासन खीरी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) निघासन में उस समय हड़कंप मच गया जब एडिशनल मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एडिशनल सीएमओ) ने अचानक औचक निरीक्षण किया। बिना पूर्व सूचना किए गए इस निरीक्षण से अस्पताल प्रशासन और स्वास्थ्य कर्मियों में अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला।

निरीक्षण के दौरान एडिशनल सीएमओ ने सबसे पहले ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड, दवा वितरण काउंटर, प्रसव कक्ष, लैब तथा अस्पताल परिसर की साफ-सफाई का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों से सीधे संवाद कर अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता और इलाज की गुणवत्ता की वास्तविक स्थिति जानी।निरीक्षण के समय कुछ स्थानों पर व्यवस्थाओं में कमियां भी सामने आईं, जिस पर एडिशनल सीएमओ ने नाराजगी जाहिर की और संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और मरीजों के साथ संवेदनशील व मानवीय व्यवहार अनिवार्य रूप से किया जाए।एडिशनल सीएमओ ने निर्देशित किया कि सभी मरीजों को समय पर उपचार मिले, आवश्यक दवाएं बिना किसी परेशानी के उपलब्ध कराई जाएं तथा अस्पताल में स्वच्छता व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। साथ ही उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि भविष्य में निरीक्षण के दौरान यदि अनियमितताएं पाई गईं तो जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।निरीक्षण के दौरान संबंधित चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने एडिशनल सीएमओ को भरोसा दिलाया कि दिए गए निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाएगा।औचक निरीक्षण से जहां स्वास्थ्य कर्मियों में हड़कंप मचा, वहीं मरीजों ने भी उम्मीद जताई कि इस निरीक्षण के बाद सीएचसी निघासन की स्वास्थ्य सेवाओं में वास्तविक सुधार देखने को मिलेगा।

# नारी शक्ति को समर्पित कार्यक्रम का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। नारी शक्ति को समर्पित कार्यक्रम 'नई चेतना 4.0' ब्लूमिंगडेल स्कूल परिसर में अत्यंत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें छात्राओं ने नारी शक्ति को उजागर करते हुए अनेक कार्यक्रमों का प्रस्तुतिकरण किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्यातिथि वंदना राठौर, विद्यालय मैनेजिंग हेड श्वेता मेंहदीरत्ता एवं विद्यालय की मेधावी छात्रा संस्कृति गुप्ता ;डठठै लखनऊ के कर कमलों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। छात्राओं ने जहाँ एक ओर स्वागतगीत से मुख्यातिथि, स्कूल प्रबंधन का स्वागत किया वहीं दूसरी ओर नारी शक्ति को समाहित किए काव्य पाठ, लघु नाटिका, भाषण आदि को प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया, इतना ही नहीं इस मौके पर छात्राओं ने अपनी जिज्ञासाओं एवं मन में चल रहे अनेक सवालों के समाधान हेतु आगन्तुक अतिथियों से प्रश्नोत्तरी भी की जिनका प्रेरणादायक उत्तर सुन सभी उपस्थित छात्राएं, अभिभावक एवं शिक्षिकाएं आदि नारी सशक्तिकरण एवं उत्थान को प्रेरित हुये। इस सम्पूर्ण कार्यक्रम का आयोजन ब्लूमिंगडेल स्कूल की छात्राओं द्वारा उनके शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में किया गया। इस मौके पर मुख्यातिथि ने समस्त छात्राओं एवं उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए नारी जीवन की संघर्ष गाथा जीवन के उतार-चढ़ाव आदि के विषय में अवगत कराया एवं अनेक विख्यात महिलाओं के विषय में जानकारी दी। इस मौके पर स्कूल अध्यक्षा पम्मी मेंहदीरत्ता ने भी इस विषय पर अपने विचार अभिव्यक्त करते हुए प्रत्येक नारी के जीवन मूल्यों व संघर्षशील एवं समाज की दोहरी मानसिकता आदि के विषय में बताया और जीवन के संघर्षों का सामना करते हुए बिना किसी भय के निरंतर दायित्वों की पूर्ति करने का आहवान किया। इतना ही नहीं विद्यालय की मेधावी छात्रा रही संस्कृति गुप्ता ने भी इस मकाम तक पहुँचने के लिए अपनी संघर्षशील जीवनशैली एवं स्कूल की अविस्मरणीय यादों को साझा किया। इस मौके पर कॉर्डिनेटर अंजला सोनी, मृणाल सक्सेना, सुषमा वर्मा एवं समस्त शिक्षिकाएं आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजन में कक्षा 11 एवं कक्षा 12 की छात्राओं सांस्कृतिक क्लब हेड मरियम एवं क्लब की सदस्य छात्राओं सौम्या, तहूरा, उमाएजा, शिविका, सान्वी, कनिष्का एवं आदि के साथ-साथ सहयोगी शिक्षिकाओं का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## धूप भी नहीं छांट सकी कोहरा, सर्द हवा से बढ़ी ठिठुरन

बदायूं। जिले में सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा। इससे सड़कों पर दृश्यता कम हो गई। वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहर में हल्की धूप निकली, जो कोहरे पर हावी नहीं हो सकी। जिले में लगातार तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। बुधवार को अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 9 डिग्री दर्ज किया गया था, जबकि शनिवार को अधिकतम तापमान एक डिग्री घटकर 21 रह गया और न्यूनतम 9 डिग्री पर ही स्थिर बना रहा। अधिकतम तापमान में एक डिग्री की गिरावट ने ठंड के असर को और बढ़ा दिया। वहीं सर्द हवा ने वातावरण में कंपकंपी बढ़ा दी। बाजारों में भी सुबह के समय रौनक कम दिखाई दी। आवश्यक कार्यों से बाहर निकलने वाले लोग गर्म कपड़ों, शॉल और अलाव का सहारा लेते नजर आ रहे हैं। हालांकि, क्रिसमस की छुट्टी होने से बहुत से लोगों को कुछ राहत जरूर मिली है। छुट्टी के चलते लोगों को सुबह जल्दी बाहर नहीं निकलना पड़ा। इससे वे ठंड से कुछ हद तक बचे रहे, लेकिन जो लोग रोजमर्रा के कामों से बाहर निकलने को मजबूर हैं, उनके लिए मौसम चुनौती बना हुआ है।

# विद्यार्थी परिषद की प्रदर्शनी का हुआ उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ब्रज प्रांत के 66वें प्रदेश अधिवेशन का शुभारंभ शनिवार को प्रोफ़ेसर यशवंत राव केलकर प्रदर्शनी के उद्घाटन के साथ हुआ। प्रदर्शनी का उद्घाटन भाजपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य हरिप्रसाद सिंह पटेल, प्रांत उपाध्यक्ष डॉ. राकेश लवानिया, नगर अध्यक्ष कृष्ण हरि शर्मा, विभाग छात्रा प्रमुख स्पर्शी शर्मा एवं नगर मंत्री अक्षित शाक्य ने संयुक्त रूप से किया। प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थी परिषद के संगठनात्मक कार्य, राष्ट्रनिर्माण में विद्यार्थियों की भूमिका, सामाजिक समरसता, शिक्षा, संस्कृति एवं सेवा कार्यों को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया है। उद्घाटन अवसर पर प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए हरिप्रसाद सिंह पटेल ने कहा कि यह प्रदर्शनी विद्यार्थी परिषद की वैचारिक यात्रा को दर्शाने के साथ युवाओं को राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करती है। प्रांत उपाध्यक्ष डॉ. राकेश लवानिया ने कहा कि प्रदर्शनी में शैक्षणिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय विषयों को आकर्षक व ज्ञानवर्धक रूप में प्रदर्शित किया गया है। ऐसे आयोजन युवाओं में सकारात्मक सोच, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक दायित्व की भावना को मजबूत करते हैं। नगर अध्यक्ष कृष्ण हरि शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी केवल एक सभागार नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के लिए शिक्षा, संस्कृति और इतिहास की जानकारी देने वाला मंच है, जिसमें परिषद कार्यकर्ताओं के वर्षभर के कार्य और परिश्रम को प्रदर्शित किया गया है। इस अवसर पर क्षेत्रीय संगठन मंत्री मनोज नीखरा, क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री विपिन गुप्ता, निवर्तमान प्रांत संगठन मंत्री अंशुल श्रीवास्तव, प्रांत संगठन मंत्री अनुज ठाकुर,निवर्तमान प्रांत मंत्री अंकित पटेल, विभाग प्रमुख सत्यम मिश्रा, जिला प्रमुख विजयपाल सोलंकी, प्रांत सह मंत्री पायल गिहार, विभाग संयोजक हरिमोहन सिंह पटेल, विभाग सह संयोजक मोहित शर्मा, जिला संयोजक धर्मेंद्र बाहुबली, नमन गुप्ता, जिला सह संयोजक आशीष देव मिश्रा, जिला विस्तारक अरुण सूर्यवंशी, संजीव रघुवंशी सहित 16 जिलों से आए बड़ी संख्या में विद्यार्थी व युवा उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीयता ही हमारा धर्म का दिया गया संदेश



बल्दीराय/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । वर्तमान समय में देशभर में चल रहे हिन्दू सम्मेलनों की श्रृंखला के अंतर्गत बल्दीराय तहसील में तीन अलग-अलग स्थानों पर विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इन सम्मेलनों में बड़ी संख्या में हिन्दू समाज के लोगों ने सहभागिता की। वक्ताओं ने राष्ट्र, समाज और हिन्दू संस्कृति की एकता, गरिमा और दायित्वों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए समाज को संगठित रहने का आह्वान किया। न्याय पंचायत समरौना के इटवा मलनापुर में आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रमुख वक्ता सुशील कुमार सिंह, प्रांत संयोजक बजरंग दल ने कहा कि ãहम केवल हिन्दू हैं, राष्ट्रीयता ही हमारा धर्म है।ä उन्होंने हिन्दू समाज को पांच प्रमुख बिंदुओंकृराष्ट्रप्रेम एवं स्वदेशी, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य, समरस परिवार व्यवस्था और पर्यावरण संरक्षणकृके प्रति जागरूक किया। उन्होंने दो टूक कहा कि हिन्दुओं को जाति-पाति में बंटने के बजाय एकजुट होकर समाज और राष्ट्र के लिए कार्य करना होगा।उन्होंने संतवाणी का उल्लेख करते हुए कहाकृ ãहरि का भजै, सो हरि का होई। जाति पाति पूँछै न कोई।ä हिन्दू समाज की शक्ति उसकी एकता में निहित है। इटवा मलनापुर सम्मेलन में मंचासीनप्रदीप पासी के अतिरिक्त जमुना प्रसाद पाण्डेय (विभाग संयोजक, धर्म जागरण प्रमुख सुल्तानपुर), त्रिनेत्र पाण्डेय (ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि धनपतगंज), हेमंत सिंह (खंड कार्यवाह), गिरीश सिंह (समरसता प्रमुख) तथा शिवम सिंह (कार्यक्रम आयोजक) सुभाष धरिकार ,मनीराम गुप्ता ,दिलीप चौहान ,संतराम पासी, विनोद गिरी, संतोष कोरी राज बहादुर यादव, हरिश्चंद्र नाई प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसी क्रम में इसौली में आयोजित सम्मेलन को प्रमुख वक्ता प्रकाश जी महाराज ने संबोधित किया, वहीं पारागनापुर में सगराधाम के महंत स्वामी दयानंद मुनि जी ने हिन्दू समाज को धर्म, संस्कृति और राष्ट्रहित में संगठित रहने का संदेश दिया।सम्मेलनों के माध्यम से स्पष्ट संदेश दिया गया कि वर्तमान परिस्थितियों में हिन्दू समाज को जागरूक, संगठित और कर्तव्यनिष्ठ होकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

## दबंगों से त्रस्त पीड़ित महिला दर-दर भटकने को मजबूर

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता । कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला ब्राह्मपुर निवासी पीड़ित महिला जौली वैश्य ने संबाददाता कों सुनाई अपनी व्यथा। उन्होंने बताया कि उनके मोहल्ले के रहने वाले पड़ोसी राहुल गुप्ता मंगलम, मोहित गुप्ता, लवकुश गुप्ता एवं रवि साहू की दबंगई का एक और मामला सामने आया है। पीड़ित महिला का आरोप है कि दबंगों द्वारा लगातार उत्पीड़न और धमकियों से वह मानसिक रूप से परेशान है। न्याय की गुहार लेकर महिला थाने से लेकर अधिकारियों तक भटक चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता के अनुसार दबंग उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं, जिससे वह भय के साए में जीवन यापन कर रही है। प्रशासन की निष्क्रियता से आहत महिला ने निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है, लोग प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## स्वास्थ्य सेवाओं को परखने के लिए एसआरएम टीम ने किया निरीक्षण

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को परखने के लिए एसआरएम टीम द्वारा शनिवार को सुबह आठ बजे अधिकारियों की टीम बनाकर अलग अलग स्वास्थ्य केंद्रों पर गोपनीय निरीक्षण को भेजा था। वहां चिकित्सकों की उपस्थिति देखी गई थी।एसआरएम टीम द्वारा यूपीएचसी कबूलपुरा का औचिक निरीक्षण किया गया, जिसमें सभी विभाग की सुविधाएं अच्छी मिली।एसआरएम टीम में डॉ अरविन्द कुमार सचान, एसीएमओ हरदोई, मो. शाहिद, डीईआईसी मैनेजर हरदोई रहे। साथ में एमओआईसी प्रशांत सिंह पटेल , एनयूएचएम यूनिट से अभय प्रताप सिंह एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## भूमाफियों ने चकरोड नाली पर किया कब्जा ग्रामीणों को हो रही आवागमन में परेशानी

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ढका जमिमा पूरनपुर में चक रोड और नाली पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। आरोप है कि भूमाफियों ने गाटा संख्या 105 मि व 103 मि प्लाटियो ने सरकारी नाले व चकरोड पर कब्जा कर लिया है।जिससे ग्रामीणों को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।आराजी काश्त की सिंचाई हेतु नहर विभाग द्वारा एक पक्का नाला बनाया गया था जिससे ग्रामीण अपनी फसलों की सिंचाई करते चले आ रहे अब भू-माफियाओं के द्वारा नियमों व मानकों की अनदेखी करते हुए अपने खेतों में प्लाटिंग कराई जा रही है।भू-माफियाओं ने नहर विभाग के सरकारी नाले को नष्ट कर चकरोड की जगह पर अपनी बुनियादें बना दी है।जिस कारण मौके पर रास्ता भी काफी सकरा हो गया है।जिस कारण फसलों की सिंचाई प्रभावित होने के साथ ही कृषि उपकरण आदि खेतों में ले जाने में बेहद परेशानी हो रही है। भू-माफियाओं द्वारा मौके पर निर्माण कार्य जारी है यदि उक्त लोगों द्वारा निर्माण पूरा कर लिया गया तो लोगों को अपने खेतों की देख-रेख एवं सिंचाई करने में बेहद परेशानी होगी चक रोड पर बाउंड्री वॉल खड़ी करके अतिक्रमण किया है।

## एंबुलेंस कर्मियों ने निकाली आक्रोश रैली, हड़ताल से लोगों की बढ़ी परेशानी

धर्मशाला कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिला कांगड़ा 108 व 102 एंबुलेंस यूनियन की शनिवार को दूसरे दिन भी हड़ताल जारी रही। इस दौरान एम्बुलेंस सेवा के कर्मचारियों ने जिला मुख्यालय धर्मशाला में आक्रोश रैली भी निकाली। यूनियन के जिला प्रधान प्रशांत ने कहा कि यूनियन ने इससे पहले भी मई और अक्टूबर माह में यूनियन हड़ताल कर चुकी है, ताकि सरकार जागे और हमें हमारे अधिकार दे। ओवरटाइम, न्यूनतम वेतन, छुट्टियों का प्रावधान है, किसी भी मांग को नहीं माना जा रहा है। उन्होंने बताया कि 108 व 102 के प्रदेश भर में 1300 के करीब कर्मचारी हैं, जिनका कंपनी द्वारा शोषण किया जा रहा है। सीटू के साथ जुड़ने के साथ ही कर्मचारियों का शोषण शुरू कर दिया गया है, क्योंकि कंपनी को लगता है कि कर्मचारी अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो चुके हैं। हालांकि एंबुलेंस कर्मी बेहद सावधानी से वाहन चलाते हैं, इसके बावजूद कोई गलती होने पर कर्मी यानी चालक को सोलन बुलाया जाता है। यही नहीं ऐसे कर्मी या तो ट्रांसफर कर दी जाती है या फिर ट्रांसफर कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि न कंपनी हमारी सुन रही है और सरकार भी मांगों को अनदेखा कर रही है। उन्होंने कहा कि हड़ताल के चलते एंबुलेंस सेवा ठप होने की वजह से हालांकि जनता को परेशानी हुई, लेकिन हम भी मजबूर हैं, अपनी मांगों के लिए ही हमें सड़कों पर उतरने को विवश होना पड़ रहा है।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने फूंका बांग्लादेश सरकार का पुतला



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुशभवनपुर ने बांग्लादेश सरकार का पुतला फूंका । प्रदर्शनकारियों और बांग्लादेश सरकार को संबोधित करते हुए नगर मंत्री राज मिश्रा ने कहा कि भारतीय लोगों की संवेदनाएं बांग्लादेश के हिन्दू अल्पसंख्यकों के साथ जुड़ी हुई हैं और हम उनके साथ किसी भी प्रकार का अत्याचार स्वीकार नहीं करेंगे पुनः नगर मंत्री ने कहा की बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार तत्काल प्रभाव से बंद किए जाएं अन्यथा इसके परिणाम भयावह होंगे नगर मंत्री ने कहा कि विद्यार्थी परिषद परिवार सदैव से समाज के हित की राष्ट्र के हित की आवाज उठाता रहा है और उठाता रहेगा उन्होंने भारत सरकार महामहिम राष्ट्रपति महोदय से निवेदन किया कि भारत सरकार इस मामले में अपना दखल देकर बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के हितों का संरक्षण सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अर्चिता,महक,शुभेंद्र वीर सिंह, सौरभेन्द्र सिंह, आदर्श शुक्ला, हर्ष श्रीवास्तव शिखर, अखिल, सनी मिश्र, शिवांश, ओम, आदित्य, सत्यम अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एनएचएम रायबरेली बना भ्रष्टाचार का अड्डा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रायबरेली। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) रायबरेली में भ्रष्टाचार अब अपवाद नहीं, बल्कि व्यवस्था बन चुका है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डीह में तैनात ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक (BPM) प्रदीप कुमार पाण्डेय पर पद का खुला दुरुपयोग करते हुए सरकारी धन की संगठित लूट, फर्जीवाड़ा और नियमों की हत्या के अत्यंत गंभीर आरोप सामने आए हैं, जिसने पूरे विभाग को कटघरे में खड़ा कर दिया है। दस्तावेज़ों के अनुसार आरोप है कि श्री पाण्डेय ने सेवा में रहते हुए अपनी पत्नी व रिश्तेदारों के नाम फर्जी फर्में और क्व्द्दट्ठ पंजीकरण कराकर स्वास्थ्य विभाग से भुगतान प्राप्त किया। यह कृत्य न केवल सेवा नियमों का खुला उल्लंघन है, बल्कि सरकारी पद पर बैठकर निजी व्यापार के जरिए कमाई करने का आपराधिक प्रयास भी माना जा रहा है। इतना ही नहीं, श्री पाण्डेय द्वारा LIC अभिकर्ता के रूप में कार्य करना, विरोध होने पर अभिकर्ता कोड पत्नी के नाम स्थानांतरित करना, तथा पद की आड़ में निजी हित साधना यह साबित करता है कि नियमों को जानबूझकर रौंदा गया। यह पूरा मामला हितों के टकराव और नैतिक पतन का जीता-जागता उदाहरण है। आरोप यह भी है कि सेवा प्रदाता एजेंसी से हुई नियुक्ति को पिछले दरवाज़े से नियम विरुद्ध रूप में स्थानान्तरण कर जिला स्वास्थ्य समिति में समायोजित कराया गया, जिसमें आरक्षण नियमों और चयन प्रक्रिया को ताक पर रखा गया। भ्रष्टाचार से अर्जित धन से वाहन व संपत्तियाँ खरीदकर काले धन को सफ़ेद करने की आशंका ने मामले को और भी विस्फोटक बना दिया है।

**बार-बार शिकायतों और दस्तावेज़ी साक्ष्यों के बावजूद विभाग मौन**

यह चुप्पी केवल लापरवाही नहीं, बल्कि संरक्षण और मिलीभगत की बू दे रही है। सवाल उठता है कि क्या एनएचएम में भ्रष्टाचारियों को खुली छूट दे दी गई है।जनहित में मांग की जाती है कि इस पूरे प्रकरण की स्वतंत्र, निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जाँच कराकर दोषी अधिकारियों पर तत्काल निलंबन, एफआईआर और कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, अन्यथा यह माना जाएगा कि स्वास्थ्य विभाग स्वयं भ्रष्टाचार का संरक्षक बन चुका है। इस मामले को लेकर फोन पर बात किया गया है। उन्होंने बताया कि अभी स्टॉप के साथ फील्ड मे है। इस मामले पर अभी कोई जानकारी नही है अगर ऐसा है तो जांच कर कार्रवाई की जएगी। सीएचसी अधीक्षक डॉ सत्यपाल सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डीह जनपद रायबरेली इस प्रकरण को लेकर फोन पर बात किया गया है। उन्होंने बताया कि यह प्रकरण अभी संज्ञान में नही है अगर ऐसा है तो जांच कर कार्रवाई की जएगी।

# ट्रेन पकड़ने आए यात्री की प्लेटफॉर्म पर मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। सुल्तानपुर जंक्शन के प्लेटफॉर्म संख्या दो पर एक यात्री मृत अवस्था में पाया गया। यह घटना शनिवार को भीषण ठंड के बीच हुई। मृतक की पहचान 55 वर्षीय रमेश चंद्र मिश्रा के रूप में हुई है, जो गंभीर बीमारी से पीड़ित थे और डायलिसिस के लिए लखनऊ जाने हेतु ट्रेन पकड़ने आए थे। रेलवे के डॉक्टरों ने प्लेटफॉर्म पर अचेत अवस्था में मिले रमेश चंद्र मिश्रा को मृत घोषित कर दिया। हालांकि, सूचना मिलने के बावजूद शव लगभग दो घंटे तक प्लेटफॉर्म पर पड़ा रहा जिससे अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे। मृतक के शव को सुल्तानपुर मेडिकल कॉलेज ले जाने को लेकर रेलवे सुरक्षा बल और राजकीय रेलवे पुलिस के बीच गतिरोध देखा गया। जीआरपी थानाध्यक्ष ने बताया कि रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने अधेड़ युवक के शव को आगे की कार्रवाई के लिए ले लिया। मृतक रमेश चंद्र मिश्रा पुत्र स्व. छोटेलाल मिश्रा, पयागीपुर, थाना कोतवाली नगर, सुल्तानपुर के निवासी थे। उनकी पत्नी सुनीता मिश्रा भी मौके पर मौजूद थीं। रमेश चंद्र मिश्रा गंभीर बीमारी से पीड़ित थे और सुबह डायलिसिस कराने के लिए लखनऊ जाने वाली ट्रेन पकड़ने प्लेटफॉर्म पर पहुंचे थे। उधर बीते मंगलवार को रोडवेज बस स्टेशन स्थित रैन बसेरे में एक मुसाफिर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। रोडवेज प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद कोतवाली नगर पुलिस ने पहुंचकर मृत मुसाफिर के शव को कब्जे में लेकर सुल्तानपुर चिकित्सा महाविद्यालय भिजवाया। रैन बसेरे में रुके यात्री ने रजिस्टर में अपना नाम राजकुमार शर्मा, निवासी ग्राम महरुआ, अंबेडकरनगर दर्ज करवाया था। हालांकि, यात्री के पास से मिले आधार कार्ड में उसका नाम राजकुमार राम केवल शर्मा, उम्र 45 वर्ष, पता जैतूनपुरा, भिवंडी, ठाणे, महाराष्ट्र लिखा मिला। पुलिस शराब के सेवन की आशंका सहित अन्य पहलुओं पर जांच कर रही है।

## अभिषेक का भारतीय वायुसेना में चयन, गांव में जश्न का माहौल

बदायूँ। क्षेत्र के ग्राम पनौडी निवासी स्वर्गीय भुवेंद्र सिंह यादव के पुत्र अभिषेक यादव का भारतीय वायुसेना में तकनीकी पद पर चयन हुआ है। अभिषेक ने यह सफलता विषम परिस्थितियों में हासिल की है। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पूर्व उनके पिता का निधन हो गया था। इसके बावजूद उन्होंने कठिन परिश्रम कर यह मुकाम प्राप्त किया। जब अभिषेक यादव प्रशिक्षण केंद्र के लिए रवाना हुए तो पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई।महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं सहित ग्रामीणों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर विदा किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उनकी माता सुनीता देवी अपने पुत्र की सफलता पर भावुक हो उठीं और खुशी के आंसू नहीं रोक पाईं। अभिषेक यादव की यह उपलब्धि ग्रामीण क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन गई है। तीस वर्ष के बाद परिवार का सदस्य सेना में फिर हुआ भर्ती इससे पहले अभिषेक यादव के ताऊजी कृष्ण वीर यादव ने भारतीय थल सेना में भर्ती हुए थे उन्होंने कारगिल की लड़ाई में हिस्सा लिया था।

## रुक्मणी मंगल के साथ गायी बधाई भाव में डूबे भक्त कृष्ण की भक्ति हृदय में समाई

चन्दौसी कैनविज टाइम्स संवाददाता । नगर के सीता रोड स्थित बगिया वाली सिद्ध पीठ देवी मंदिर में चल रही भागवत कथा के षष्ठम दिवस विनोद शंखधार लक्ष्मी शंखधार किरण शंखधार राजेश शंखधार मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहे नरवर से आए आचार्य गौरव शर्मा व जय शिव मिश्रा के द्वारा पूजन अर्चन किया गया मध्यान में भागवत कथा आरंभ हुई जिसमें श्रीमद् भागवत कथा प्रवक्ता आचार्य ऋतुपर्ण कृष्ण ने महारासके साथ मथुरा गमन और कंस वध उद्धव चरित्र के साथ रुक्मणी मंगल की कथा श्रवण कराते हुए कहा कि रुक्मणी ठाकुर जी से विशुद्ध प्रेम करती थी और विशुद्ध प्रेम ही ईश्वर की प्राप्ति कर सकता है उन्होंने कहा की प्रेम ही ईश्वर का स्वरूप है और ठाकुर जी के चरणों में किया हुआ विशुद्ध प्रेम ही ठाकुर की भक्ति को प्रदान करता है रुक्मणी मंगल का की झांकी निकाली गई भगवान कृष्ण और रुक्मणी का पूजन अर्चन किया गया फिर बधाइयां गायी गयी भजन सुनकर भक्ति भाव विभोर होते और भगवान के भजनों पर भक्ति नृत्य करने लगे तत्पश्चात आरती की गई आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया जिसमें मनीष शर्मा अभिषेक विनोद शंखधार राजेश शंखधार भावना शर्मा लक्ष्य शर्मा ध्रुव शर्मा जय शिव मिश्रा कमल गुप्ता अंशु वार्षणेय संगीता गुप्ता प्रियांशी गुप्ता ममता संगीता आदि उपस्थित रहे।

## जिला गन्ना अधिकारी ने गौवंश पशु आश्रय का किया निरीक्षण

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता । बरखेड़ा ब्लॉक क्षेत्र के गांव भीखमपुर उर्फ़ प्रानपुर एवं कटकवारा स्थित गौवंश आश्रय स्थलों का स्थलीय निरीक्षण खुशी राम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों ही आश्रय स्थलों पर गौवंश के शीतकालीन संरक्षण की व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया गया।निरीक्षण में पाया गया कि सर्दी से बचाव हेतु दोनों स्थलों पर तिरपाल की समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे गौवंश को ठंड एवं शीतलहर से सुरक्षित रखा जा सके। इसके साथ ही भूसा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध पाया गया, जिससे पशुओं के पोषण में किसी प्रकार की कमी नहीं है।कटकवारा गौवंश आश्रय स्थल पर वर्तमान में कुल 60 गौवंश संरक्षित हैं, जबकि भीखमपुर उर्फ़ प्रानपुर गौवंश आश्रय स्थल पर 28 गौवंश सुरक्षित रूप से रखे गए हैं।

# फ़िनिटी 2025 ने AIIMS रायबरेली में अंतर-महाविद्यालयीय मेडिकल फ़ेस्ट्स के लिए एक नया मानक स्थापित किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। एम्स का पहला अंतर-महाविद्यालयीय सामाजिक-सांस्कृतिक महोत्सव एफ़िनिटी 2025 अभूतपूर्व सफलता के साथ सम्पन्न हुआ, जिसने संस्थान को उत्कृष्टता, राष्ट्रीय पहचान और छात्र नेतृत्वित उपलब्धियों की तेज़ी से उभरती यात्रा पर सुदृढ़ता से स्थापित किया। छात्र कल्याण संघ द्वारा आयोजित यह महोत्सव प्रो. डॉ. अमिता जैन, कार्यकारी निदेशक, तथा प्रो. डॉ. नीरज कुमारी, डीन (अकादमिक्स) के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस आयोजन को डॉ. नीरज कुमार श्रीवास्तव, कर्नल अखिलेश सिंह , कर्नल उपेन्द्र नाथ राय (वित्तीय सलाहकार), डॉ. रजत सुभ्र दास (सांस्कृतिक समिति प्रमुख) और डॉ. अरविंद कंचन (क्रीड़ा समिति प्रमुख) के अमूल्य सहयोग के साथ-साथ सम्पूर्ण छात्र आयोजन समिति के समर्पण ने और सशक्त बनाया। पाँच भव्य दिनों तक चले एफ़िनिटी 2025 में भारत भर के 25 से अधिक मेडिकल कॉलेजों-जिसमें 7 से अधिक संस्थान शामिल थे-ने भाग लिया। बाहरी कॉलेजों के 400 से अधिक विद्यार्थियों की सहभागिता और कुल मिलाकर लगभग 3,000 विद्यार्थियों की उपस्थिति ने परिसर को प्रतिभा, संस्कृति और सहयोग के जीवंत संगम में परिवर्तित कर दिया। महोत्सव में सांस्कृतिक, साहित्यिक, कला एवं शिल्प, खेल तथा अनौपचारिक आयोजनों की विस्तृत श्रृंखला शामिल थी, जिसने विद्यार्थियों को कक्षा से परे अपनी रचनात्मकता, बौद्धिक क्षमता, खेल भावना और नेतृत्व कौशल प्रदर्शित करने का समग्र मंच प्रदान किया।

महोत्सव की भव्यता में चार चाँद लगाने वाली सेलिब्रिटी प्रस्तुतियाँ भी रहीं, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर ध्यान आकर्षित किया

उद्घाटन दिवस पर रवि गुप्ता का ऊर्जावान स्टैंड-अप प्रदर्शन, जिसने उत्सव की सशक्त शुरुआत की। दूसरे दिन गजेन्द्र वर्मा का विद्युत-सा रोमांचक लाइव कॉन्सर्ट, जिसने हज़ारों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। तीसरे दिन निकिता गांधी की सुमधुर संगीतमय संध्या, जिसने श्रोताओं के मन में गहरी छाप छोड़ी। शेष दिनों में शानदार फैशन शो, क्ष्ठ नाइट्स और शांत सुफ़ी नाइट का आयोजन हुआ, जो अंततः एक भव्य एकता और युवा उत्सव में परिणत हुआ।

# डीएम व सीडीओ के प्रयास से परिषदीय विद्यालय के बच्चे सीखेंगे एआई तकनीक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**






गोण्डा । जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन वं जिला प्रशा सन के अर्थक प्रयासों के बाद जनपद के 64 उच्च प्राथमिक,कम्पोजिट विद्यलयों,पचीस पीए म श्री विद्यालय व 17 कस्तूरबा गांधी आवासी य बालिका विद्यालय के अध्यापकों को एआई के संदर्भ में प्रारम्भिक ज्ञान प्रदान करने हेतु जि ला प्रशासन द्वारा जिला पंचायत सभागार में ए क दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया ग या।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन द्वारा मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।कार्यक्रम में लाल बहा दुर शास्त्री महाविद्यालय के डॉ. संजय कुमार पाण्डेय,हेड ऑफ डिपार्टमेंट गणित,उच्च प्राथ मिक विद्यालय मोकलपुर को गोद लेकर बच्चों को तकनीकि शिक्षा प्रदान कर रहे श्याम सुन्दर तिवारी,रिटायर्ड फ्लाइंग लेफ्टिनेंट व आई.आई. टी.कानपुर से प्रशिक्षण प्राप्त कर आये हुए कु ल दस अध्यापकों की टीम ने प्रारम्भिक शिक्षा में ए.आई.की प्रासंगिकता पर अपना व्याख्यान दिया गया।जिला प्रशासन एवं बेसिक शिक्षा वि भाग के द्वारा जनपद के 137 विद्यालयों में स्था पित होने वाले आई.सी.टी. लैब को ए.आई. लै ब में परिवर्तित कर बच्चों के उपयोग योग्य बना ने हेतु कार्ययोजना तैयार किया गया है।वहीं आ पको बता दे की जिलाधिकारी एवं जिला प्रशा सन के अथक प्रयासों से पूर्व में 8 मार्च,2025 को विकासखण्ड झझरी में कस्तूरबा गांधी आ वासीय विद्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लैब का उद्घाटन किया गया था जिसका संचाल न किया जा रहा है। बेसिक शिक्षा विभाग की कार्ययोजनानुसार आई.आई.टी.कानपुर से प्र शिक्षित शिक्षकों की टीम को कुल चार भाग में विभक्त करते हुए उन्हें तहसील स्तरीय मास्टर ट्रेनर/मेण्टर नामित किया गया है।ये टीम उप रोक्त 137 विद्यालयों के अध्यापकों को तकनी कि सहयोग प्रदान करते हुए उनके विद्यालय में ए.आई.तकनीकि के उपयोग को सुनिश्चित करा येंगे।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने परिषदीय विद्यालय के बच्चों को भी समान अ वसर प्रदान करते हुए उन्हें नवीनतम तकनीकि ज्ञान प्रदान करने के लिए सभी प्रतिभागियों को प्रेरित किया तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिका री अमित कुमार सिंह के प्रयासों की सराहना करते हुए विभाग को सफलता की शुभकामना भी दिया।सर्व प्रथम जिले के सोलह कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में आठ मा र्च,2026 तक अनिवार्य रूप से ए.आई.लैब सं चालित करने का आहवान भी किया।उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि व्यक्ति यदि ठान ले तो कुछ भी असम्भव नहीं है।इस अवसर पर समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त जिला समन्वयक व अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# रूपईडीह और कटरा, ब्लॉक में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की हुई बैठक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोण्डा । ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी के मार्गदर्शन मण्डलध्यक्ष के दिशा-निर्देशानुसार शनिवार को ब्लॉक सभागार,रूपईडीह में पत्रकारों की एक महत्व पूर्ण बैठक आयोजित की गई।बैठक में ब्लॉक क्षेत्र के पत्रकारों ने सहभागिता की।बैठक में संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए सदस्य ता अभियान,नए सदस्यों को सदस्यता ग्रहण कराना,ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी के गठन सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से विचार-वि मर्श किया गया।वहीं कटरा बाजार की बैठक राम जी शुक्ला के यहा पर की गई ?कटरा बाजा र का भी ब्लॉक गठन किया गया और सदस्यता पर जोर देते हुए ज्यादा से ज्यादा पत्रकार साथि यों को जोड़ने पर चर्चा की गई संगठन को मज बूत करने और पत्रकार हितों के लिए एकजुट रहने पर जोर दिया।बैठक में प्रमुख रूप से मंड लध्यक्ष अनिल कुमार दुबे ब्लॉक अध्यक्ष रुपई डीह,गुरबचन शर्मा,प्रदीप तिवारी,आनंद पांडेय, बृजभूषण तिवारी,रमेश चंद तिवारी,कृष्ण गोपा ल त्रिपाठी,देवानंद मिश्रा,विजय मिश्रा,रामजी शुक्ला, अखिलेश शुक्ला,भानु प्रताप तिवारी, पंकज कुमार पांडेय, मुकेश कुमार,राजेश कुमा र पांडेय, सुशील पांडेय, विनय शुक्ला, सूर्यमणि त्रिवेदी, बैजनाथ अवस्थी,सचिन गौतम, शैलेंद्र अवस्थी,देवी प्रसाद अवस्थी, संतोष मिश्रा, राम बहाल तिवारी,सहित अन्य पत्रकार साथी उप स्थित रहे।

# छह शिक्षकों एवं महिलाओं सहित 13 महादानियों ने किया रक्तदान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




गोरखपुर । इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के प्रादेशिक सभापति ब्रजेश पाठक एवं महासचिव रामानंद कटियार के मार्गदर्शन में आज गुरु गोविंद सिंह जयंती के अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी गोरखपुर के रक्तदान प्रभारी ज्ञानेंद्र ओझा द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में सर्वप्रथम रेडक्रॉस के सम्मानित सभापति शिवेंद्र विक्रम सिंह एवं शिक्षक उमेश चंद्र शुक्ला,रमेश मणि त्रिपाठी,शिक्षक शिखा पांडे,डॉक्टर नीति पांडे,सीमा सरोज,मुकेश कुमार सहित प्रेम चंद वर्मा, विपुल गुप्ता,आकाश जयसवाल,रोहित शुक्ला,अनवर अली,हरिराम धर दूबे सहित 13महादानियों ने रक्तदान किया।

इस अवसर पर ब्लड बैंक प्रभारी डा प्रशांत अस्थाना,रेडक्रॉस के सचिव अजय प्रताप सिंह,नागेंद्र सिंह मुन्ना, डा संतोष नायक,सत्येंद्र सिंह एडवोकेट,पुष्पलता सिंह, पुष्पराज दूबे,पंकज पाण्डेय,शिखा पाण्डेय,अनन्त कुमार त्रिपाठी,आदित्य निगम एवं ब्लड बैंक के गीता यादव,नीलम सिंह,संजय कुमार मिश्रा, संजय आदि ने उल्लेखनीय सहयोग प्रदान किया।

रक्तदान प्रभारी ज्ञानेंद्र ओझा ने भीषण ठंडक के मौसम में भी महिलाओं के रक्तदान करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुवे भविष्य में महिलाओं को अधिकाधिक संख्या में रक्तदान हेतु जागरूक रहने की आवश्यकता बताया।

# सवारियों की जिंदगी से खेल रहे ऑटो रिक्शा चालक, जिम्मेदार मौन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोण्डा । जिले की सड़कों पर फर्राटा भर रहे ई - रिक्शा व ऑटो रिक्शा को यदि यमदूत कहा जाए तो गलत नहीं होगा। अधिक कमाई की लालच में इनके चालक यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए यात्रियों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं छह सात सीटर ऑटो रि क्शा में जहां सोलह यात्री बैठाए जा रहे हैं,वहीं ऑटो में जितने मिल जाएं उतने यात्री भर लिए जाते हैं यही नहीं ऑटो रिक्शा चालक ने ऑटो के छत पर सवारी से ज्यादा भार के सामान ला दने से भी गुरेज नहीं करते हैं।लगभग छह सीट र ऑटो रिक्शा में सोलह यात्री बैठाकर फर्राटा भरते हैं।ऐसे में हर पल हादसे की आशंका बनी रहती है।इस लापरवाही के चलते आए दिन हा दसे सामने भी आते रहते हैं।इसके बावजूद क ड़ी कार्रवाई करने के बजाय जिम्मेदार विभाग सिर्फ औपचारिकता करते आ रहे हैं। प्रस्तुत है ई रिक्शा व ऑटो रिक्शा चालकों की मनमानी की पड़ताल करते कैनविज टाइम्स की रिपोर्ट ने जिले में ई रिक्शा व ऑटो रिक्शा की स्थिति पर एक नजर जिले में पांच हजार से ज्यादा ई - रिक्शा हैं जो पंजीकृत हैं।जिले में ओवरलोड वाह नों से आए दिन मौत रही हैं।जिले के जिम्मेदार हादसों से भी सबक नहीं ले रहे। ई -रिक्शा व ऑटो रिक्शा में क्षमता से अधिक यात्री बैठाने से जहां हादसों में इजाफा हो रहा है तो वहीं हादसों में मृतकों की संख्या भी बढ़ रही है।यही नहीं ऑटो की छत पर भारी मात्रा में बोरे में माल लदा था।ऐसे में ओवरलोड ऑटो का टायर आदि फटने से कभी भी हादसा हो सक ता हैं।

ऑटो रिक्शा पर सात यात्री की जगह सोलह बृहस्पतिवार सुबह एक ऑटो रिक्शा चालक लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज चौराहे पर से निकल रहा था जिस ऑटो रिक्शा पर चालक ने ऑटो रिक्शा पर सोलह सवारियों को ले जा र हा था और ऊपर छत के ऊपर सामान लदा हु आ था।ऐसे ही शुक्रवार गोण्डा - उतरौला मार्ग पर एक ओवरलोड ई रिक्शा जाता दिखा। इस में चालक के दोनों तरफ यात्री बैठे दिखे और अंदर भी पांच सवारियां थीं।

ओवर लोड ऑटो सड़क पर दौड़ रहे शहर के साथ-साथ हाईवे पर भी लापरवाही का दौर जारी है।गोंडा - बहराइच रोड पर एक ऑटो में दस से बारह यात्री ऑटो के अंदर सवा र रहे।हाईवे पर फर्राटा भर रहे इस ओवर लोड ऑटो को देखक र हर किसी ने जिम्मेदारों पर सवालिया निशान खड़े कर रहे हैं।

# मुख्यमंत्री गोरखपुर दौरे पर, एनसीसी एकेडमी व विरासत गलियारे का करेंगे निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को गोरखपुर के दौरे पर रहेंगे। वह दोपहर करीब तीन बजे गोरखपुर पहुंचेंगे और सीधे खोराबार क्षेत्र स्थित तालकंदला जाएंगे, जहां निर्माणाधीन एनसीसी (राष्ट्रीय कैडेट कोर) एकेडमी का निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और तय समय-सीमा की समीक्षा करेंगे तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे। एनसीसी एकेडमी के निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री टीपी नगर स्थित रैन बसेरा परिसर पहुंचेंगे, जहां शीतलहर को देखते हुए असहायों और जरूरतमंदों को कंबल वितरित करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री पांडेयहाता से लेकर धर्मशाला बाजार तक निर्माणाधीन विरासत गलियारे का निरीक्षण करेंगे और कार्य की प्रगति का जायजा लेंगे। इस दौरान शहर के सौंदर्यीकरण, यातायात सुविधा और नागरिक सुविधाओं से जुड़े बिंदुओं पर भी समीक्षा किए जाने की संभावना है। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। शनिवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राजकरन नय्यर ने कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की। सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, बैरिकेडिंग, स्वच्छता और मंचीय व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को स्पष्ट

# अंतर्जनपदीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद बहराइच

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बहराइच । मेरा युवा भारत बहराइच उत्तर प्रदेश युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में भानीरामका अतिथि गृह में 24 से 28 दिसम्बर 2025 तक आयोजित अंतर्जनपदीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड ने जनपद आगरा से आये 37 प्रतिभागियों को जनपद बहराइच व श्रावस्ती के प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक स्थलों यथा चित्तौरा झील के तट पर निर्मित महाराजा सुहेलदेव जी के भव्य स्मारक, पयागपुर स्थित प्रदेश के प्रमुख वेट लैण्ड बघेल ताल, कतर्नियाघाट वन्य जीव विहार तथा भगवान गौतम बुद्ध की तपोस्थली श्रावस्ती के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। सांसद डॉ. गोंड ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने, युवा सशक्तिकरण तथा रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए सभी का आहवान किया कि इन योजनाओं का भरपूर लाभ उठायें।

कार्यक्रम का संचालन माय भारत केंद्र के विशेष कार्याधिकारी कार्याधिकारी लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक इंद्रसेन चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम में जनपद आगरा के 35 युवकों-युवतियों व 02 ग्रुप लीडर द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। उन्होंने 05 दिवसीय पाठ्यक्रम के अनुसार आयोजित किए जाने वाले सभी गतिविधियों क्षेत्र भ्रमण, अलग-अलग संदर्भ व्यक्तियों द्वारा अलग-अलग विषयों पर दिए जाने वाले प्रशिक्षण इत्यादि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम में अध्यक्ष जनहित फाउंडेशन कल्पीपारा के अध्यक्ष उमेश चन्द्र, जिला प्रशिक्षक विनय श्रीवास्तव, मानस इंटर कॉलेज के प्राचार्य रमेश चंद्र मिश्र, युवा समाजसेवी नरेंद्र कुमार यादव, आशीष पाण्डेय, महिला युवा समाजसेवी सुश्री सोनम वर्मा, प्रिंसी वर्मा व सुधा मिश्रा सहित अन्य वक्ताओं ने प्रतिभागियों को कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिभाग करते हुए विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल द्वारा प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत किये गये राष्ट्रीय गीत व लोकगीत की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्द्धन किया। कार्यक्रम के अन्त में कार्यक्रम पर्यवेक्षक इंद्रसेन चौधरी द्वारा सभी आगन्तुकों का आभार ज्ञापित किया गया।

# स्टाम्प एवं निबन्धन विभाग द्वारा 685781 लेखपत्रों का किया गया डिजिटाइजेशन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच । सहायक महानिरीक्षक निबन्धन बहराइच शीलभद्र चन्द्रा ने बताया कि भारत सरकार के ईज ऑफ लिविंग प्रोग्राम तथा डिजिटल इण्डिया इनिशिएटिव प्रोग्राम के अन्तर्गत वर्ष 2002 से 2017 तक पंजीकृत समस्त लेखपत्रों की स्कैनिंग एण्ड डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण हो गया है। इसके अन्तर्गत कार्यालय उप निबन्धक महसी, कैसरगंज, नानपारा व सदर बहराइच के कुल 685781 लेखपत्रों का डिजिटाइजेशन किया गया है।

**जिओ टैग फोटोग्राफ की अनिवार्यता से हो रही है विक्रीत सम्पत्ति की वास्तविक पहचान**

**वित्तीय वर्ष में ऑनलाइन जारी की गई 3119 नकले**

श्री चन्द्रा ने बताया कि डिजिटाइजेशन के द्वितीय चरण में वर्ष 1990 से 2001 तक के पंजीकृत लेखपत्रों की स्कैनिंग व डिजिटाइजेशन कार्य कराया जाना प्रक्रियाधीन। उप निबन्धक कार्यालयों में उपस्थित पक्षकारों के पैन का ऑनलाइन सत्यापन के बाद विलेखों के पंजीकरण की प्रक्रिया आरम्भ है। इस व्यवस्था से जाली फर्जी पंजीकरण में प्रभावी रोक लगी है। सम्पत्तिओं के क्रय विक्रय में जिओ टैग फोटोग्राफ की अनिवार्यता से विक्रीत सम्पत्ति की वास्तविक पहचान सम्भव। सहायक महानिरीक्षक निबन्धन श्री चन्द्रा ने बताया कि जनपद में रू. 20,000 (रू. बीस हजार) से अधिक फीस का भुगतान केवल ऑनलाईन स्वीकार किया जा रहा है। आमजनमानस को घर बैठे ऑनलाइन लेखपत्रों की नकले प्राप्त करने की सुविधा के तहत अब तक वर्तमान वित्तीय वर्ष में कुल 3119 नकले ऑनलाइन जारी की गई। इसी प्रकार आमजन को सम्पत्ति पर ऋण भार ज्ञात करने की ऑनलाइन सुविधा के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष में कुल 1093 भार मुक्त प्रमाण पत्र भी जारी किए गये।

राज्य सरकार द्वारा रक्त सम्बन्धों में सम्पत्ति को दान करने में मात्र रू. 5000 का स्टाम्प शुल्क सुविधा अन्तर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष में कुल 3693 दान पत्र पंजीकृत किये गये हैं। इसी प्रकार मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिलाओं रू. 01 करोड मूल्य तक की सम्पत्ति क्रय करने पर 01 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क की छूट भी प्रदान की जा रही है। इसके अलावा रक्त सम्बन्धों में पारिवारिक सम्पत्तियों के बटवारा/विभाजन विलेखों पर केवल रू. 5000 का स्टाम्प शुल्क व रू. 5000 का रजिस्ट्रेशन शुल्क लिया जा रहा है।

सहायक महानिरीक्षक निबन्धन श्री चन्द्रा ने बताया कि भौतिक स्टाम्प पत्रों के स्थान पर केवल एक पृष्ठ का एक ई स्टाम्प पत्र, अप्रयुक्त स्टाम्प पत्रों की ऑनलाइन वापसी, रू. 100 मूल्य तक के ई स्टाम्प के स्वमुद्रण की सुविधा प्रारम्भ होने से आमजनमानस काफी सुविधा हो रही है। इसी प्रकार कृषि बंधक पत्रों की ऑनलाइन फाइलिंग, कृषि भूमि के विक्रय विलेखों के ऑनलाईन आवेदन में भूलेख पोर्टल से रियल टाइम सत्यापन के साथ साथ रजिस्ट्रेशन विभाग के प्रेरणा सॉफ्टवेयर के माध्यम से ऑनलाइन नामान्तरण के लिए राजस्व परिषद की वेवसाइट भूलेख एवं राजस्व न्यायालय से लिंक किया गया है। विभाग में पेपर लेस प्रक्रिया के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समस्त विलेखों को पंजीकरण के समय ही डिजिटाइज भी किया जा रहा है।

# नगर आयुक्त की अध्यक्षता में विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा बैठक, विभागीय समन्वय पर जोर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोरखपुर। नगर आयुक्त की अध्यक्षता में नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर विभागीय समन्वय हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, जल निगम, जलकल, विद्युत विभाग, गोरखपुर विकास प्राधिकरण, सेतु निगम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य महानगर में जल निकासी, नाला निर्माण, सड़क निर्माण, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी परियोजनाओं में आपसी समन्वय स्थापित कर कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराना रहा।

बैठक में भछ सिंह चौराहा से आदित्यपुरी तिराहा होते हुए गोरधोइया नाला तक जल निकासी की गंभीर समस्या पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य अभियंता नगर निगम को निर्देशित किया गया कि सर्वे कराकर समुचित परियोजना तैयार कर शासन को प्रेषित करें। इस दौरान यह भी सामने आया कि ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा बिना अनापत्ति लिए नाला निर्माण कराया गया है, जिसका क्रॉस सेक्शन कैचमेंट एरिया के अनुरूप नहीं है। इस पर नगर निगम को संबंधित विभाग से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए गए।

खिचड़ी मेले को ध्यान में रखते हुए निर्धारित मार्गों पर लोक निर्माण विभाग के अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। वहीं पैडलेगंज से नौसड़ रोड पर चल रहे नाला निर्माण कार्य का संयुक्त निरीक्षण कराने तथा बुद्धा गेट के पास लगभग 100 मीटर लंबाई में नाला निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

करीमनगर, फर्टिलाइजर रोड स्थित स्पोर्ट्स सिटी क्षेत्र में नाला निर्माण के लेवल को लेकर गोरखपुर विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग, सी एंड डी और नगर निगम के अभियंताओं को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए गए, ताकि भविष्य में जलभराव की समस्या से बचा जा सके। बैठक में यह भी चिंता जताई गई कि लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए जा रहे कई नालों का बेड लेवल आसपास की कॉलोनियों के जल निकासी नालों से ऊंचा है, जिससे भविष्य में गंभीर जलभराव की समस्या उत्पन्न हो सकती है। इस पर नगर निगम और लोक निर्माण विभाग को आपसी समन्वय से समस्या के स्थायी समाधान के निर्देश दिए गए। विरासत गलियारा में निर्माणाधीन नालों में मानक के अनुरूप कार्य न होने और सिपेज की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित निर्माण खंड को गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में सूरजकुंड, सिधारीपुर तथा हड़हवा फाटकऽजाफरा कॉलोनी क्षेत्र में नाला कनेक्शन और लेवल संबंधी समस्याओं को तत्काल दूर करने के आदेश दिए गए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिन सड़कों का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा पूर्ण किया जा चुका है, वहां की स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को नगर निगम को विधिवत हैंडओवर किया जाए। इसके अलावा राजघाट स्थित अंत्येष्टि स्थल के समीप सड़क निर्माण के लिए सेतु निगम को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

अंत में लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया कि भविष्य में जहां भी नाला निर्माण किया जाए, वहां सफाई की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक 3 मीटर फिक्स स्लैब के बाद 2 मीटर खुले स्लैब का प्रावधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि नालों की नियमित सफाई संभव हो सके।

बैठक में नगर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि विभागीय समन्वय के अभाव में होने वाली समस्याओं को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सभी विभाग आपसी तालमेल से कार्य करें, जिससे शहरवासियों को जलभराव और अव्यवस्था से राहत मिल सके।

# अल्ट्रासाउंड कराने आई महिला के पेट में पल रहे गर्भ को दिक्कत बताकर किया ऑपरेशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## लापरवाही के चलते गई जान स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही उजागर

पूरनपुर।एक बार फिर जच्चा की नर्सिंग होम्स में हुए ऑपरेशन के चलते जान चली गयी पूरनपुर के स्वास्थ्य विभाग के रहनुमाओं के लिये यह एक रूटीन की घटना होगी लेकिन जिस घर की जवान बहू मरी हो उसके लिये यह रूटीन की घटना नही हो सकती है। इस मरीज की जान बचाई जा सकती थी। अगर थोड़ी सी भी जागरूकता होती और लापरवाही पर कार्यवाही हुई होती हुआ वही जो होता आ रहा हैं।पुलिस प्रशासन के लोग स्थिति को संभालते है। और अंत मे परिजनों और डॉक्टर में बातचीत होती है और परिजन शव को लेकर घर चले जाते है। यानी शव का सौदा डॉक्टर ने कर के अपना पिंड छुड़ा लिया है।क्या अनियमिताओं के चलते अस्पताल का संचालन हो रहा है। पूरनपुर के कोतवाली रोड स्थित सिटी सेंटर मे चल रहे नोबेल हास्पिटल मे अन ट्रेंड स्टाफ के ऑपरेशन करने के दौरान महिला की हालत बिगड़ गई ऑपरेशन के दौरान अधिक रक्तस्राव होने से स्टाफ घबरा गया इसके बाद सुबह उसको पीलीभीत इलाज के लिए रेफर कर दिया कुछ ही देर में विवाहिता की मौत हो गई घटना से नाराज परिजनों ने स्टॉफ पर लापरवाही का आरोप लगाकर जमकर हंगामा काटा सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस पहुंच गईऔर दोनों पक्षों में समझौता हो गया सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के गांव गोरा निवासी शाहिद बेग की पत्नी शायरा बेगम 35 वर्ष शुक्रवार अपनी सास के साथ पूरनपुर अल्ट्रासाउंड कराने पर आई थी गर्भ में पल रहे बच्चे को दिक्कत बताकर नोबेल हास्पिटल भेज दिया गया यहां मौजूद स्टाफ ने महिला और उसकी सास को डरा दिया इसके बाद परिवार के कुछ जिम्मेदारी व्यक्ति के बिना ही महिला का ऑपरेशन कर दिया सुबह पीलीभीत रेफर कर दिया परिजनों ने जब पल्स चैक की तो उसकी मौत हो चुकी थी। इससे नाराज परिवार के लोगों ने अस्पताल के बाहर जमकर हंगामा काटा मामले में परिजनों ने लापरवाही से विवाहिता की मौत होने का आरोप लगाया है। वही लोगो का कहना है कि मरीजो को मौत की नींद सुला रहे अस्पताल इसके लिये जिम्मेदार कौन है। तहसील प्रशासन और पुलिस प्रशासन मोटरसाइकिल के कागजात तो चेक करते है।लेकिन अपने क्षेत्र के नर्सिंग होम्स को नही चेक करते जहां मरीजो की जिंदगियां दांव पर होती है।क्या अपने हल्के में होने वाली ऐसी घटनाओं को चेक करना स्थानीय पुलिस का दायित्व नही है। बता दे कि पूरनपुर में सैकड़ो की तादाद में नर्सिंग होम्स सीएमओ कार्यालय और इसके नोडल अधिकारी की उदासीनता कहे या मिलीभगत से धड़ल्ले से संचालित हो रहे। जिनके ऊपर कार्यवाई करने वाला कोई नही है।पूरनपुर में रोज सैकड़ो जिंदगियों के साथ इस तरह के नर्सिंग होम्स में खिलवाड़ किया जाता है। कई की जिंदगी चली जाती है।इन अस्पताल के संचालक जब फंसने लगते है। तो परिजनों से लाश का सौदा करते है और पुनः शान से किसी अगले मरीज की मौत का खेल खेलने के लिए स्वास्थ्य विभाग की मिली भगत से गोटिया बिछाने की तैयारी में जाते हैं।

# एसडीएम, नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी ने सुनी जनता की शिकायतें

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पूरनपुर।कोतवाली में शनिवार को संपूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया एसडीएम अजीत प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में नायब तहसीलदार ऋषि दीक्षित भी मौजूद रहे।अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतें गंभीरता से सुनीं और उनके त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए इस दौरान कुल 5 शिकायतें प्राप्त हुईं। प्राप्त शिकायतों में अधिकतर राजस्व विवाद,भूमि संबंधी समस्याएं, आपसी विवाद और पुलिस से संबंधित मामले शामिल थे एसडीएम ने कहा कि शासन की मंशा आमजन की समस्याओं का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से समाधान करना है उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर स्थलीय जांच कर निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय ने कहा कि पुलिस एवं राजस्व विभाग के आपसी समन्वय से कई मामलों का मौके पर ही समाधान संभव है उन्होंने थानास्तर पर लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करने और फरियादियों को बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें, इस पर विशेष ध्यान देने की बात कही इस अवसर पर पूरनपुर कोतवाली प्रभारी पवन कुमार पाण्डेय,क्षेत्रीय लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सभी शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समयसीमा में कर फरियादियों को राहत प्रदान की जाएगी।

# राशिद ने ग्रहण की आजाद समाज पार्टी की सदस्यता जिला पंचायत चुनाव लड़ने की ठोकी ताल लगातार प्रचार अभियान जारी

## पूरनपुर में संपन्न हुआ आजाद समाज पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पूरनपुर।जनपद बिजनौर की लोकसभा सीट नगीना के सांसद एवं आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद की पार्टी में पूरनपुर देहात के मोहल्ला खानकाह निवासी राशिद ने अपनी टीम के साथ सदस्यता ग्रहण की है।प्रेम गौतम जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव मिशन 2027 और पंचायत चुनाव के लिए जुटने की अपील की। उन्होंने राशिद को पार्टी में शामिल कराया। इस कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य रूप से प्रेम गौतम जिला अध्यक्ष,अब्दुल वहीद खा,नफीस अहमद, निजामुद्दीन,बबलू, नदीम हसन,मोहम्मद आरिफ,बंटी, नावेद रजा, मुसविर अली, नदीम खान, राजा राम गौतम, आकिब रजा,अकील अहमद एडवोकेट, आसिब खा, सदीक अहमद, मोहम्मद असलम, मंसूर अली, मसरूर अहमद, उबैस रजा, असरफ, इस्लामुद्दीन, इरशाद हसन,विकास ,संजय कुमार, मनोज गुप्ता, नसीर अहमद सहित सैकड़ो कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे है।

# ग्राम पंचायत के तालाब से अवैध खनन ब्लाक के जनप्रतिनिधि पर गंभीर आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। बल्दीराय के ग्राम पंचायत बीही निदूरा अंतर्गत ग्राम विसुहिया स्थित एक तालाब की खुदाई कर मिट्टी को दूसरी ग्राम पंचायत में ले जाकर उपयोग किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि यह अवैध खनन ब्लाक बल्दीराय के एक जनप्रतिनिधि के संरक्षण में कराया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि ब्लाक की ग्राम पंचायत बीही निदूरा के ग्राम बिसुहिया स्थित तालाब की मिट्टी जेसीबी एवं अन्य भारी मशीनों से खोदकर दूसरे स्थान पर ले जायी जा रही है, जिससे सरकारी संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणो द्वारा मामले की शिकायत खनन विभाग के अधिकारियों से किए जाने के बावजूद अवैध खनन पर कोई रोक नहीं लगाई गई। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि आखिर खनन विभाग और तहसील प्रशासन किसके दबाव में कार्यवाही से बच रहा है। वहीं ब्लॉक स्तर के जिम्मेदार अधिकारी भी पूरे मामले में मौन साधे हुए हैं।

**ग्रामीण उपजिलाधिकारी से करते रहे शिकायत, उधर होता रहा खनन**

उप जिलाधिकारी ने नही लिया संज्ञान

ग्रामीणो ने ग्राम पंचायत बीही निदूरा के तालाब पर ब्लाक के जन प्रतिनिधि द्वारा किए जा रहे अवैध खनन मामले में स्थानीय ग्रामीणो ने शिकायत उपजिला धिकारी बल्दीराय से की लेकिन तहसील के जिम्मेदार अधिकारी से शिकायत के बाद भी अवैध खनन होता रहा यही नही खनन विभाग भी इस मामले में पूरी तरह चुप्पी साधे रहा जिले व ब्लाक के जन प्रतिनिधि के हनक के आगे प्रशासनिक कार्यवाही भी बौनी साबित हो गई। सूत्रों के अनुसार इसके पूर्व भी ब्लाक का जनप्रतिनिधि तालाब के सौंद्रयी करण के नाम पर तालाब खुदाई की मिट्टी दूसरी ग्राम पंचायत को बेंच कर मालामाल हुआ। जनप्रतिनिधि द्वारा विकास कार्य के नाम पर एक लंबा घोटाला कर सरकार के धन का लाभ उठा रहा है।

**ग्रामीणों ने कहा इसकी जांच होनी चाहिए**

ब्लाक के जन प्रतिनिधि की कार्य शैली से नाराज आधा दर्जन ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र जनप्रति के द्वारा किए जा रहे घोटाले की जांच नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को विवश होंगे।

## नवनियुक्त कलीनगर उप जिलाधिकारी से सपा नेता ने की मुलाकात



पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। विवादों में घिरे पूर्व उप जिलाधिकारी महिपाल सिंह का ट्रांसफर होने के बाद कलीनगर तहसील की कमान उप जिलाधिकारी प्रमेश कुमार को सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति होने के बाद तहसील पहुंचने पर जिला पंचायत के वार्ड नंबर 4 से समाजवादी पार्टी के संभावित प्रत्याशी शेखर यादव ने मुलाकात कर उनको गुलदस्ता देकर स्वागत किया इस मौके पर तहसीलदार कलीनगर वीरेंद्र कुमार,विवेक यादव,मयंक यादव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे है।

## एसपी ने गुमशुदा छियासी मोबाइल फोन उनके स्वामियों को सौंपा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सर्विलांस एवं स्वाट टीम जनपद अमेठी द्वारा खोये हुये विभिन्न कम्पनियों के छियासी मोबाइल फोन बरामद करके उनके धारकों को सुपुर्द किया गया जिनकी कीमत लगभग तेरह लाख रुपया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी सर्विलांस सेल के प्रभारी ब्रजेश कुमार सिंह व स्वाट टीम प्रभारी अनूप कुमार सिंह द्वारा जनहित में अथक प्रयास करके खोये हुये विभिन्न कम्पनियों के छियासी मोबाइल फोन को बरामद किया गया है।उक्त मोबाइल फ़ोन विभिन्न तिथियों में उनके मालिकों द्वारा खो दिये गये थे जिनकी कुल कीमत लगभग तेरह लाख रुपया है जो शनिवार को सभी मोबाइल उनके मालिकों को सुपुर्द किये गये हैं।

## पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर ट्रक डिवाइडर से टकराया

शुकुल बाजार अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना शुकुल बाजार क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर शुक्रवार की देर रात एक बड़ा सड़क हादसा होते होते टल गया। तेज रफ्तार ट्रक के चालक को झपकी आ गई जिससे ट्रक का संतुलन बिगड़ गया और वह डिवाइडर से टकरा गया। इस हादसे में ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया लेकिन चालक और सहचालक बाल बाल बच गये। बताते चलें कि बस्ती जनपद के थाना क्षेत्र छावनी के गांव पावड़ निवासी अंकित यादव पुत्र राम किशोर शुक्रवार की देर रात पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर ट्रक संख्या एच आर 67 ई 4877 से सह चालक संदीप और कमलेश के साथ जा रहे थे। इसी दौरान चालक को अचानक झपकी आ गई, जिससे ट्रक का संतुलन बिगड़ गया और वह डिवाइडर से टकरा गया।टक्कर इतनी तेज थी कि डिवाइडर का एक हिस्सा टूट गया और ट्रक डिवाइडर पार करते हुये दाईं लेन में चला गया। गनीमत यह रही कि हादसे के वक्त आस पास कोई अन्य वाहन नही था जिससे बड़ा नुकसान टल गया। इस हादसे में चालक और सहचालक को किसी प्रकार की चोट नही आई। इस घटना की सूचना मिलते ही सहायक सुरक्षा अधिकारी बजपाल कन्नौजिया पेट्रोलिंग वाहन संख्या पन्द्रह की टीम के साथ लगभग एक बजे मौके पर पहुंच गये। इसके बाद सेफ्टी कोन वाहन मौके पर पहुंची और सुरक्षा के दृष्टिगत सेफ्टी कोन लगाये गये और एंबुलेंस भी घटनास्थल पर पहुंची हालांकि किसी को अस्पताल ले जाने की आवश्यकता नही पड़ी।घटना के बाद कुछ समय के लिये यातायात प्रभावित रहा जिसे एक्सप्रेस वे कर्मियों की मदद से सुचारू कराया गया। स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

## मतदाता सूची में नाम दर्ज करने में बीएलओ की घोर लापरवाही, ग्रामीणों का वोट कटा

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने को लेकर बीएलओ की गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। धनपतगंज ब्लाक की ग्राम पंचायत ऐंजर के ग्राम टड़रसा निवासी ग्रामीण के अनुसार उसने मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने के लिए बीएलओ को सभी आवश्यक अभिलेख समय से उपलब्ध कराए गए थे, इसके बावजूद ग्रामीण का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं हो सका। बीएलओ की इस लापरवाही के कारण संबंधित ग्रामीण का वोट कट गया, जिससे वह मतदान के अपने संवैधानिक अधिकार से वंचित हो गया। मामले में बी एल ओ अनुपम कुमार पर ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए है ग्रामीणो ने बताया कि गांव के दर्जनो लोगो का नाम भी सारे कागजात देने के बावजूद भी बीएल ओ ने सूची में शामिल नही किया इस घटना से ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार नाराज पीड़ित ग्रामीणों ने बीएलओ अनुपम कुमार की लापरवाही को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी से लिखित शिकायत की है और मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

## महाराणा प्रताप पार्क कटावां में विराट हिन्दू सम्मेलन आज

'सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। 28 दिसम्बर रविवार को शहर से चंद किलोमीटर की दूरी पर कुड़वार रोड स्थित कटावां में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया है, भाजपा नेता पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्याम बहादुर पांडेय ने बताया कि ङ्खकटावां स्थित महाराणा प्रताप पार्क में आज प्रातः 10 बजे से हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया है, जिसमें मुख्य अतिथि श्रीराम वल्लभाकुंज अयोध्या जी के पूज्य संत राजकुमार दास अधिकारी जी का हम सभी हिंदू सहोदरों को उनके आर्शिवचन की प्राप्ति होगी, साथ ही हम सनातन की भव्यता और सही स्वरूप को जानेगें, विराट हिंदू सम्मेलन के मुख्य वक्ता ङ्खअखिल भारतीय सह-प्रचार प्रमुखङ्खराष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से प्रदीप जोशीजी रहेंगे, भाजपा नेता श्याम बहादुर पांडेय ने सर्व हिंदू समाज से विराट हिन्दू सम्मेलन में अपनी उपस्थित दर्ज कराने की अपील की है।

## सीएमओ ने फीता काटकर किया शुभारंभ

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। आयुष्मान आरोग्य मंदिर कल्याणपुर ब्लॉक मरोरी पीलीभीत मे मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आलोक कुमार द्वारा विटामिन ए कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काट कर किया। शुभारंभ के दौरान दर्जनों बच्चो को विटामिन ए की खुराक पिलाई गई।विटामिन ए की खुराक 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चो को 24 जनवरी तक पिलाई जाएगी।इस दौरान जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ सहस पाल सिंह, बीपीएम, डीसीपीएम, जिला समन्वयक जे.एस.आई, एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ में सीतापुर से एस आर एम की टीम श्री उपेंद्र यादव एवं श्री अपूर्व शुक्ला भी उपस्थित रही इसके बाद सिम शॉप द्वारा मिल्क एवं मोहनपुर के टीकाकरण सत्रों का निरीक्षण किया गया है।

# सनातन धर्म में जीवन जीने की उत्तम व्यवस्था है : मुकेश आनंद

## जनता जनार्दन इण्टर कालेज शंकरगंज में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। विधानसभा क्षेत्र तिलोई के कस्बा शंकरगंज स्थित जनता जनार्दन इण्टर कालेज के प्रांगण में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित हिन्दू सम्मेलन में वृंदावन धाम से पधारे अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास मुकेश आनंद जी महाराज ने कहा कि सनातन धर्म को बढ़ाने के लिये हर परिवार में सनातन का प्रतीक होना चाहिये और अपनी संस्कृति का पालन करना चाहिये।अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास मुकेश आनंद जी महाराज ने कहा कि हम सब सनातन के फालोवर है।सनातन धर्म के अलावा नौ प्रकार के रजिस्टर्ड धर्म है लेकिन सनातन धर्म जीवन जीने की उत्तम व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि हम सबको सचेत रहने की जरूरत है हिन्दुओं ने कभी युद्ध नही चाहा केवल प्रतिकार किया सनातन धर्म को बढ़ाना है तो परिवार में सनातन का प्रतीक होना चाहिये। उन्होंने कहा कि मस्तक पर तिलक, सर पर चोटी, कंधे पर जनेऊ और गमछा,कलाई पर कलावा,घर पर तुलसी और भगवा ध्वज होना चाहिये। उन्होंने कहा कि दक्षिण मुखी मकान पर भगवा ध्वज लगाने से सूर्य नारायण का सम्मान होगा तो लक्ष्मी जी स्वयं चलकर आयेंगी। कथा व्यास ने श्रीराम चरित मानस की चौपाई प्रात काल उठके रघुनाथा प्रस्तुत कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया और भारत माता की जय के उदघोष से श्रोता झूम उठे।कल्याणपुर आश्रम के महंत स्वामी राघवेन्द्र चैतन्य जी महाराज ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों में अयोध्या धाम में स्नान और पूजन का समय निर्धारित था लेकिन आज सनातन धर्म और भगवा ध्वज चारों तरफ नजर आ रहा है।राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सह प्रचार प्रमुख प्रदीप जोशी ने कहा कि संस्कृति और सभ्यता को आगे बढ़ाने की जरूरत है देश को आगे ले जाने के लिये अनुकूल जीवन व्यतीत करना होगा अगर परिवार अच्छा होगा तो देश अच्छा होगा। उन्होंने कहा कि आज हमारा देश संविधान के आधार पर चलता है जिसमें हमें अधिकार दिये गये हैं लेकिन कर्तव्य भी प्रदान किये गये हैं।कार्यक्रम को माला सिंह, राम खेलावन पासी ने सम्बोधित किया।प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह एवं ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने कथा व्यास का माल्यार्पण कर अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम के आयोजक कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने अतिथियों के प्रति आभार जताया।

# एक कदम शिक्षा की ओर परीक्षा में 76 छात्र शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भदैंया/सुल्तानपुर। भदैया विकास खंड के पखरौली में 'एक कदम शिक्षा की ओर' परीक्षा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा पखरौली के तत्वाधान में ग्राम धरौली में हुई इस परीक्षा में प्राथमिक और जूनियर स्तर के कुल 76 छात्रों ने भाग लिया।परीक्षा में प्राथमिक स्तर के 37 और उच्च प्राथमिक स्तर के 39 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्राथमिक वर्ग में श्रेयांश ने प्रथम, संध्या ने द्वितीय और खुशबू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, उच्च प्राथमिक वर्ग में रिया को प्रथम, गायत्री को द्वितीय और रागिनी को तृतीय स्थान मिला।प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। शेष सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रांतीय महासचिव पोस्टल जी.पी. मांझी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में राजदेव (पोस्टल), वासुदेव खरवार (पोस्टल), महेश कुमार भीम, भवानी भीख, मनोज कुमार, ज्ञान प्रकाश और हृदयराम शामिल थे। अन्य उपस्थित लोगों में राम राज, राम बरन, सुखदेव, फागूलाल (प्रधानाध्यापक), जैसराज भीम (प्रधानाध्यापक), सिद्धार्थ (सहायक अध्यापक), प्रेम कुमार, राधेश्याम, अरुण कुमार, दीपांशु, प्रदीप, देवेंद्र, कंप्यूटर (छोटू), सुमित, मीनाक्षी और अर्चना शामिल थे। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य रूप से पोस्टमैन सुरेश कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ।

## पूरनपुर पुलिस ने चोरी के माल के साथ एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली पुलिस ने चोरी के माल समेत चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से चोरी का सामान बरामद किए हैं। गिरफ्तार किये अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है।गिरफ्तार किए गए अभियुक्त की पहचान चांद मियां पुत्र नूर मोहम्मद निवासी मो रजागंज देहात थाना पूरनपुर के रूप में हुई है पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर व पूरनपुर क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व मे अपराध और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई कार्यवाहक थाना प्रभारी पवन पाण्डेय के नेतृत्व में कांस्टेबल नवजीत की टीम ने यह गिरफ्तारी की थाना प्रभारी पवन पाण्डेय ने बताया अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है मामले में आगे की कानूनी कार्यवाही जारी है।

## सेवानिवृत्त डिप्टी ट्रांसपोर्ट कमिश्नर का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामनगर धनपतगंज अंतर्गत पूरे राम भदर मिश्र गांव निवासी तथा उत्तर प्रदेश शासन में डिप्टी ट्रांसपोर्ट कमिश्नर पद से सेवानिवृत्त राजेंद्र प्रसाद मिश्र का लंबी बीमारी के बाद मेदांता अस्पताल लखनऊ में निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। श्री मिश्र का अंतिम संस्कार पूरे विधि-विधान के साथ गोमती नदी के तट स्थित सरैया घाट पर किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में परिजन, शुभचिंतक एवं क्षेत्रवासी शामिल हुए।वर्ष 2017 में सेवानिवृत्त हुए श्री मिश्र अपने सरल स्वभाव, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के लिए जाने जाते थे। उन्होंने अपने कार्यकाल में प्रशासनिक सेवाओं के माध्यम से एक साफ-सुथरी और अनुकरणीय पहचान बनाई। लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे श्री मिश्र का इलाज मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम सहित प्रदेश के विभिन्न प्रतिष्ठित अस्पतालों में कराया गया, लेकिन अंततः जीवन की जंग हार गए। उनकी प्रारंभिक शिक्षा पी.पी. इंटर कॉलेज वलीपुर, सुल्तानपुर से हुई थी, जबकि उच्च शिक्षा उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से प्राप्त की। वर्ष 1984 में प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण कर उन्होंने प्रशासनिक सेवा में कदम रखा।

# भागवत कथा एवं नवचण्डी महायज्ञ में आर्म बॉक्सिंग खिलाड़ियों को मिला सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। श्रीमद् देवी भागवत कथा एवं नवचण्डी महायज्ञ के पावन अवसर पर व्यास आचार्य श्याम सारथी जी महराण के कर-कमलों द्वारा सुल्तानपुर के होनहार आर्म बॉक्सिंग खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश स्टेट आर्म बॉक्सिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में खिलाड़ियों की उपलब्धियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। उत्तर प्रदेश में आयोजित स्टेट आर्म बॉक्सिंग चैंपियनशिप में सुल्तानपुर स्थित इंडियन ड्रैगन फाइटर अकादमी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन किया। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में आदित्य सोनकर शगुन सोनकर नोव्या सिंह मोहम्मद फैज़ल इनाया फातिमा मोहम्मद उज़ैर राहिल खान शामिल रहे। वहीं आदित्य सोनकर को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बेस्ट फाइटर अवार्ड से भी सम्मानित किया गया। रजत पदक विजेता खिलाड़ी राज नंदिनी सोनकर विवान कुमार रहे, जबकि कांस्य पदक सानिया प्रियल धुरिया ने अपने नाम किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय देते हुए यह सिद्ध कर दिया कि सुल्तानपुर खेल प्रतिभाओं का उभरता हुआ केंद्र बनता जा रहा है। आर्म बॉक्सिंग के डायरेक्टर मिस्टर नसरुद्दीन ने जानकारी दी कि फरवरी माह में आयोजित होने वाले फ़ेडरेशन प्रिपरेशन कैंप में पदक विजेता खिलाड़ियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस कैंप के उपरांत चयनित खिलाड़ियों को अप्रैल माह में थाईलैंड में आयोजित होने वाले एशियन गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिल सकता है। इस अवसर पर इंडियन ड्रैगन फाइटर अकादमी के डायरेक्टर मिस्टर शुभम धुरिया ने सभी खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ और सहयोगियों को बधाई दी। उन्होंने टीम के प्रमुख सदस्यों माजिद अली, अल्तमश राजा, आशुतोष शर्मा और विपिन मोदनवाल सहित सभी सहयोगियों के योगदान की सराहना की।खेल जगत में सुल्तानपुर के खिलाड़ियों की यह उपलब्धि भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय आर्म बॉक्सिंग को नई पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## सम्पादकीय

# सरसों का संकट

एक समय था जब पंजाब के ग्रामीण अंचलों में खिले हुए सरसों के खेत मौसमी बयार में बदलाव के प्रतीक हुआ करते थे। तमाम सांस्कृतिक प्रतिमानों में पीले सरसों के खेतों को मौसम के गौरव के रूप में चित्रित किया जाता रहा है। लेकिन वक्त की विडंबना है कि यह अब यह सुनहरी फसल सिमटती नजर आ रही है। जिसके परिणाम स्वरूप आज देश में हम खाद्य तेलों की पर्याप्त आपूर्ति नहीं कर पा रहे हैं। यही वजह है कि भारत लगातार आयातित खाद्य तेलों पर अत्यधिक निर्भर होता जा रहा है। निश्चय ही यह स्थिति व्यवस्था के कई विरोधाभासों को भी उजागर कर रही है। यह तथ्य चौंकाता है कि पंजाब में सरसों के उत्पादन में इसलिए गिरावट नहीं आ रही है कि फसल उत्पादन क्षमता में किसी तरह की कोई कमी आई है। बल्कि यह स्थिति इसलिए है कि सरकारों की नीतियां प्रोत्साहन देने वाली साबित नहीं हो रही हैं। वहीं बाजार के रुझान इसे आर्थिक रूप से किसानों के हितों के प्रतिकूल बना रहे हैं। कहने को तो अकसर दलील दी जाती है कि पंजाब के किसानी से जुड़े संकटों का समाधान फसलों के विविधीकरण में निहित है। लेकिन विडंबना यह है कि विविधीकरण के दावों के बावजूद, सरसों के उत्पादक किसान प्रोत्साहन न मिल पाने से निराश हैं। दरअसल, किसान कम और अनिश्चित मुनाफ़े के चलते सरसों की फसल उगाने से गुरेज करता है। उसके सामने बड़ी चुनौती यह भी है कि सरसों की फसल की सरकारी खरीद सीमित मात्रा में होती है। जिसके चलते किसानों को खून-पसीने की उपज को बेचने के लिये व्यापारियों के रहमोकरम पर निर्भर रहना पड़ता है। वे अपने मोटे मुनाफ़े के लिये किसान के हितों की अनदेखी करने से नहीं चूकते। यही वजह है कि गेहूं और धान के विपरीत, जिनकी खरीद सुनिश्चित है और उनके लिये मजबूत विपणन प्रणाली मौजूद है, सरसों की फसल किसानों को बाजार की अस्थिरता के प्रति संवेदनशील बना देती है। फलतः किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। दरअसल, इस संकट का दूसरा पहलू यह भी है कि पंजाब आज अपनी खाद्य तेल आवश्यकताओं का एक मामूली हिस्सा ही स्थानीय उत्पादन से पूरा करता है। इससे हमारी महंगे आयात पर निर्भरता और भी बढ़ जाती है। तिलहन की खेती को बढ़ावा देना अक्सर राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। सही मायनों में सरकारी तंत्र द्वारा सरसों की उपज की खरीद में सहायता और न्यायसंगत मूल्य दिलाने के वायदे खोखले साबित होने के कारण सरसों की पैदावार का रकबा बढ़ता नहीं है। जिस दिन किसानों को तंत्र की नीतियों पर भरोसा पैदा हो जाएगा, उस दिन निश्चय ही किसान प्रोत्साहन के चलते तर्कसंगत प्रतिक्रिया देंगे। निर्विवाद रूप से पंजाब की धरती में सरसों उत्पादन की स्थितियों से जुड़ी संभावनाएं पर्याप्त हैं। यकीनी तौर पर यह धान की तुलना में कम पानी की खपत करती है। साथ ही भूजल संकट को कम करने के उद्देश्य से फसल विविधीकरण से जुड़ी रणनीतियों में स्वाभाविक रूप से फिट बैठती है। लेकिन हमें इस हकीकत को स्वीकार करना चाहिए कि पंजाब में विविधीकरण के लक्ष्य केवल नैतिक प्रोत्साहन से हासिल नहीं किए जा सकते। निश्चित रूप से इसके लिए अनिवार्य शर्त है कि बाजार की संरचना में जरूरत के अनुरूप बदलाव प्राथमिकता के आधार पर किए जाएं। सही मायनों में सरसों के लिये एमएसपी समर्थित खरीद और स्थानीय प्रसंस्करण, भंडारण और मूल्य शृंखलाओं में निवेश किसानों को सरसों की खेती अपनाने के लिये प्रोत्साहित कर सकता है। यही प्रयास पंजाब के खेतों में पीली आभा फिर से पैदा करने की दिशा में कारगर साबित होंगे। सही मायनों में पंजाब में सरसों की खेती की कहानी नीतिगत विसंगतियों को ही उजागर करती है। दरअसल, संस्थागत स्तर पर समर्थन कुछ चुनिंदा फसलों को दिया जाता रहा है। जब तक यह असंतुलन दूर नहीं किया जाता, सरसों एक खोये हुए अवसर का प्रतीक बनकर रह जाएगी। इस फसल के पुनरुद्धार के लिये महज नारों की ही नहीं, बल्कि उसी गंभीरता की आवश्यकता है, जो गेहूं और धान की फसलों को लेकर लंबे समय से बरती जाती रही है।

# बांग्लादेश: सत्ता-संघर्ष, कट्टरपंथ और लोकतंत्र की अनिश्चित राह

**चुनाव को लेकर बढ़ती खींचतान, स्पष्ट रोडमैप का अभाव और सत्ता के इर्द-गिर्द सिमटती निर्णय प्रक्रिया ने यह संकेत दे दिया कि अब लड़ाई लोकतंत्र को मजबूत करने की नहीं, बल्कि सत्ता पर कब्जे की है। इस संदर्भ में कट्टरपंथी विचारधारा से जुड़े युवा नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या ने स्थिति को और विस्फोटक बना दिया है। हादी जुलाई आंदोलन से उभरे उन चेहरों में थे, जिनका प्रभाव तेजी से बढ़ रहा था। उनकी हत्या के बाद उनके भाई द्वारा लगाए गए आरोप कि यह हत्या अंतरिम सरकार से जुड़े तत्वों की साजिश है ताकि चुनाव टाले जा सकें, मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार की नैतिकता और निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाते हैं। यदि यह आरोप सही हैं, तो इसका अर्थ यह होगा कि सत्ता में शामिल कुछ शक्तियां जानबूझकर देश को अस्थिरता एवं घोर अशांति की ओर धकेल रही हैं, ताकि चुनावी प्रक्रिया को अपने अनुकूल मोड़ा जा सके। कट्टरपंथी संगठनों की भूमिका इस पूरे परिदृश्य में सबसे चिंताजनक है। जमात-ए-इस्लामी जैसी ताकतों का अंतरिम सरकार पर बढ़ता दबाव, सड़कों पर बढ़ती हिंसा और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाए जाने की घटनाएं यह दर्शाती हैं कि कानून-व्यवस्था तेजी से कमजोर हुई है। विडंबना यह है कि जिन कट्टरपंथी तत्वों को शेख हसीना सरकार के विरोध में 'लोकतांत्रिक सहयोगी' के रूप में देखा गया, वही आज बांग्लादेश की सामाजिक संरचना को भीतर से खोखला कर रहे हैं। यह वही ऐतिहासिक भूल है, जो दक्षिण एशिया के कई देशों में पहले भी की जा चुकी है-जहां अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के लिए कट्टरपंथ को जगह दी गई और परिणाम दीर्घकालिक अस्थिरता के रूप में सामने आया।**

बांग्लादेश एक बार फिर इतिहास के ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहाँ लोकतंत्र, सत्ता और कट्टरपंथ के बीच की रेखाएँ धुंधली होती जा रही हैं। 17 वर्षों के स्वनिर्वासन के बाद बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के पुत्र और बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान की स्वदेश वापसी केवल एक राजनीतिक घटना नहीं, बल्कि उस अस्थिरता का प्रतीक है, जो शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद देश की राजनीति में लगातार गहराती चली गई है। यह वापसी ऐसे समय में हुई है जब अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस स्वयं कई मोर्चों पर घिरते नजर आ रहे हैं और जिन ताकतों को उन्होंने व्यवस्था परिवर्तन की उम्मीद में अप्रत्यक्ष या प्रत्यक्ष रूप से स्थान दिया, वही आज शांति, सौहार्द और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी हैं। शेख हसीना की अवामी लीग सरकार के पतन के बाद जिस छात्र आंदोलन को 'जुलाई क्रांति' के रूप में प्रस्तुत किया गया था, उससे देश में यह उम्मीद जगी थी कि एक नई, पारदर्शी और समावेशी व्यवस्था की नींव रखी जाएगी। इसी उम्मीद के साथ छात्र नेताओं और नागरिक समाज के एक बड़े वर्ग ने मोहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार की कमान सौंपी। लेकिन कुछ ही महीनों में यह भ्रम टूटने लगा कि यह संघर्ष व्यवस्था परिवर्तन का है। चुनाव को लेकर बढ़ती खींचतान, स्पष्ट रोडमैप का अभाव और सत्ता के इर्द-गिर्द सिमटती निर्णय प्रक्रिया ने यह संकेत दे दिया कि अब लड़ाई लोकतंत्र को मजबूत करने की नहीं, बल्कि सत्ता पर कब्जे की है। इस संदर्भ में कट्टरपंथी विचारधारा से जुड़े युवा नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या ने स्थिति को और विस्फोटक बना दिया है। हादी जुलाई आंदोलन से उभरे उन चेहरों में थे, जिनका प्रभाव तेजी से बढ़ रहा था। उनकी हत्या के बाद उनके भाई द्वारा लगाए गए आरोप कि यह हत्या अंतरिम सरकार से जुड़े तत्वों की साजिश है ताकि चुनाव टाले जा सकें, मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार की नैतिकता और निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाते हैं। यदि यह आरोप सही हैं, तो इसका अर्थ यह होगा कि सत्ता में शामिल कुछ शक्तियां जानबूझकर देश को अस्थिरता एवं घोर अशांति की ओर धकेल रही हैं, ताकि चुनावी प्रक्रिया को अपने अनुकूल मोड़ा जा सके। कट्टरपंथी संगठनों की भूमिका इस पूरे परिदृश्य में सबसे चिंताजनक है। जमात-ए-इस्लामी जैसी ताकतों का अंतरिम सरकार पर बढ़ता दबाव, सड़कों पर बढ़ती हिंसा और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाए जाने की घटनाएं यह दर्शाती हैं कि कानून-व्यवस्था तेजी से कमजोर हुई है। विडंबना यह है कि जिन कट्टरपंथी तत्वों को शेख हसीना सरकार के विरोध में 'लोकतांत्रिक सहयोगी' के रूप में देखा गया, वही आज बांग्लादेश की सामाजिक संरचना को भीतर से खोखला कर रहे हैं। यह वही ऐतिहासिक भूल है, जो दक्षिण एशिया के कई देशों में पहले भी की जा चुकी है-जहां अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के लिए कट्टरपंथ को जगह दी गई और परिणाम दीर्घकालिक अस्थिरता के रूप में सामने आया। तारिक रहमान की वापसी को इसी पृष्ठभूमि में देखा जाना चाहिए। ब्रिटेन में 17 वर्षों से अधिक समय बिताने के बाद उनका लौटना केवल व्यक्तिगत निर्वासन की समाप्ति नहीं है, बल्कि बांग्लादेश की राजनीति में एक नए शक्ति-संतुलन का संकेत है। यह तथ्य भी अनदेखा नहीं किया जा सकता कि जिन मुकदमों के कारण वे देश से बाहर थे, उनमें अंतरिम सरकार के दौरान राहत मिली और उनकी वापसी का रास्ता साफ हुआ। जिस दिन तारिक रहमान ढाका लौटे, उसी दिन यह संकेत भी सामने आया कि शेख हसीना की अवामी लीग को आगामी चुनावों से बाहर रखा जा सकता है। यह संयोग कम और रणनीति अधिक प्रतीत होता है। बीएनपी इस समय चुनावी गणित के लिहाज से सबसे मजबूत स्थिति में है और तारिक रहमान को देश का अगला प्रधानमंत्री माने जाने की चर्चा तेज है। लेकिन बड़ा प्रश्न यह है कि क्या अवामी लीग के बिना होने वाला चुनाव बांग्लादेश की जनता की वास्तविक इच्छा को प्रतिबिंबित कर पाएगा? लोकतंत्र केवल सत्ता परिवर्तन का नाम नहीं, बल्कि सभी प्रमुख राजनीतिक धाराओं को समान अवसर देने की प्रक्रिया है। यदि किसी एक बड़े दल को सुनियोजित ढंग से बाहर रखा जाता है, तो चुनाव की वैधता पर संदेह स्वाभाविक है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मोहम्मद यूनुस की सरकार पर दबाव बढ़ रहा है। अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमले और कानून-व्यवस्था की बदहाली को लेकर मानवाधिकार संगठनों की चिंताएं लगातार सामने आ रही हैं। इसके बावजूद यह आश्चर्यजनक है कि भारत जैसे पड़ोसी देश से, जहाँ बांग्लादेश के घटनाक्रम का सीधा प्रभाव पड़ता है, अपेक्षित स्तर की कूटनीतिक और नैतिक प्रतिक्रिया देखने को नहीं मिली। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा खालिदा जिया के स्वास्थ्य पर चिंता जताते हुए भारत की ओर से सहयोग की पेशकश करना एक सकारात्मक संकेत है, और बीएनपी द्वारा उसका स्वीकार किया जाना दोनों देशों के बीच नए समीकरणों की ओर इशारा करता है। लेकिन यह भी सच है कि यह निकटता स्वार्थों की राजनीति से पूरी तरह मुक्त नहीं है। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर लगातार हो रहे हमले अब केवल आंतरिक कानून-व्यवस्था का प्रश्न नहीं रह गए हैं, बल्कि यह भारत की सुरक्षा, कूटनीतिक जिम्मेदारी और नैतिक सरोकार से सीधे जुड़ा गंभीर विषय बन चुका है। हाल ही में अमृत मंडल नामक एक हिंदू नागरिक की पीट-पीटकर हत्या की घटना इस बात का प्रमाण है कि अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने की प्रवृत्ति थमने के बजाय और अधिक निर्भीक होती जा रही है। धार्मिक पहचान के आधार पर हिंसा, मंदिरों पर हमले, जबरन पलायन और भय का वातावरण बांग्लादेश की लोकतांत्रिक साख को गहरा आघात पहुँचा रहे हैं। भारत सरकार के लिए अब यह अनदेखा करने का विषय नहीं रह गया है; आवश्यकता है कि वह कूटनीतिक स्तर पर सख्त संदेश दे, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इस मुद्दे को उठाए और यह स्पष्ट करे कि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की अनिवार्य शर्त है। आगामी चुनावों के संदर्भ में इस तरह की सांप्रदायिक हिंसा को एक केंद्रीय मुद्दा बनाया जाना चाहिए, क्योंकि भय और असुरक्षा के वातावरण में निष्पक्ष चुनाव की कल्पना ही बेमानी है। बांग्लादेश में यदि वास्तव में लोकतंत्र की बहाली का दावा किया जा रहा है, तो वहां ऐसी सरकार का गठन आवश्यक है जो अल्पसंख्यकों के अधिकारों और सम्मान की गारंटी दे सके। हिंदुओं सहित सभी धार्मिक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित किए बिना न तो राजनीतिक स्थिरता संभव है और न ही क्षेत्रीय शांति। भारत की भूमिका इस संदर्भ में केवल पड़ोसी देश की नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार क्षेत्रीय शक्ति की है, जिसे मानवाधिकार और लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण के लिए आवश्यक कठोर कदम उठाने से पीछे नहीं हटना होगा। बांग्लादेश आज जिस मुसीबत के भंवर में फँसा है, उसके पीछे आंतरिक कारकों के साथ-साथ बाहरी प्रभावों की भूमिका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। पाकिस्तान की ऐतिहासिक भूमिका और कट्टरपंथी नेटवर्कों के साथ उसके संबंधों को देखते हुए यह आशंका निराधार नहीं कि बांग्लादेश की अस्थिरता में परोक्ष योगदान बाहरी शक्तियों का भी हो सकता है। ऐसे में मोहम्मद यूनुस की यह जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वे अंतरिम सरकार को निष्पक्ष, पारदर्शी और लोकतांत्रिक दिशा में ले जाएँ। लेकिन अब तक के घटनाक्रम यह संकेत देते हैं कि वे हालात को संभालने में पूरी तरह सफल नहीं हो पाए हैं। फिर भी, इस निराशाजनक परिदृश्य के बीच तारिक रहमान के बयानों और राजनीतिक स्वरों में कुछ लोग समाधान की झलक देखते हैं। यह उम्मीद इस विश्वास पर टिकी है कि बीएनपी, चाहे उसका अतीत विवादास्पद रहा हो, सत्ता में आकर कट्टरपंथी दबावों को संतुलित कर सकेगी और लोकतांत्रिक संस्थाओं को पुनर्स्थापित करने का प्रयास करेगी। किंतु यह भी एक कड़वा सत्य है कि कट्टरपंथी ताकतों से लोकतंत्र बहाल होने की उम्मीद अपने आप में एक विरोधाभास है। अंततः बांग्लादेश के सामने सबसे बड़ा प्रश्न यही है-क्या वह एक समावेशी, बहुदलीय और संवैधानिक लोकतंत्र की राह चुनेगा या फिर सत्ता-संघर्ष और कट्टरपंथ की दलदल में और गहराता जाएगा? इसका उत्तर केवल किसी एक नेता या दल के हाथ में नहीं, बल्कि उस राजनीतिक विवेक में है, जो आने वाले महीनों में देश की दिशा तय करेगा। यदि निष्पक्ष चुनाव, कानून का राज और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की गई, तो तारिक रहमान की वापसी भी इतिहास में एक और चूके हुए अवसर के रूप में दर्ज हो सकती है। **-ललित गर्ग**

# रेल पटरियों पर वन्य जीवों से जुड़े हादसों को रोका जाना जरूरी

**डॉ सत्यवान सौरभ**

दिसंबर 2025 में असम के होजाई ज़िले में सात हाथियों की रेल की टक्कर से हुई मौत साधारण हादसा नहीं थी। यह घटना भारत के विकास मॉडल और पर्यावरणीय संवेदनशीलता के बीच बढ़ते टकराव का प्रतीक बनकर सामने आई। तेज़ रफ्तार ट्रेन की चपेट में आकर न केवल हाथियों की जान गई, बल्कि इंजन और कई डिब्बों के पटरी से उतरने से यह भी स्पष्ट हुआ कि ऐसी घटनाएँ केवल वन्यजीवों के लिए ही नहीं, बल्कि मानव जीवन और सार्वजनिक संपत्ति के लिए भी गंभीर खतरा हैं। हाथी भारत का राष्ट्रीय धरोहर पशु है और वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची–I में संरक्षित है। इसके बावजूद, हर वर्ष रेलवे ट्रैक पर हाथियों की मौतें यह सवाल उठाती हैं कि क्या हमारा विकास सचमुच सतत है या वह प्रकृति की कीमत पर आगे बढ़ रहा है। सरकारी आँकड़ों के अनुसार, पिछले दो दशकों में सैकड़ों हाथी ट्रेन दुर्घटनाओं में मारे जा चुके हैं, जिनमें असम, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड सबसे अधिक प्रभावित राज्य हैं। भारत में रेलवे लाइनों, राष्ट्रीय राजमार्गों, बिजली ट्रांसमिशन लाइनों और अन्य रेखीय अवसंरचनाओं का तेज़ी से विस्तार हुआ है। यह विस्तार आर्थिक प्रगति के लिए आवश्यक माना गया, किंतु समस्या तब उत्पन्न होती है जब ये परियोजनाएँ वनों, घास के मैदानों और आर्द्र भूमियों को बिना पर्याप्त पारिस्थितिक योजना के काटती हुई आगे बढ़ती हैं। रेलवे ट्रैक विशेष रूप से घातक सिद्ध होते हैं क्योंकि ट्रेनें न तो दिशा बदल सकती हैं और न ही अचानक रुक सकती हैं। दूसरी ओर, हाथियों की दृष्टि क्षमता सीमित होती है और उनका भारी शरीर तेज़ प्रतिक्रिया में बाधक बनता है। हाथी बड़े भूभाग में विचरण करने वाले जीव हैं और भोजन, पानी तथा प्रजनन के लिए पारंपरिक प्रवासी मार्गों पर निर्भर रहते हैं। जब रेलवे लाइनें इन गलियारों को काट देती हैं, तो हाथियों के सामने ट्रैक पार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता। दुर्भाग्य से, अनेक दुर्घटना-प्रवण क्षेत्र आज भी आधिकारिक रूप से ‟हाथी गलियारे" घोषित नहीं किए गए हैं। असम का होजाई क्षेत्र इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है, जहाँ वर्षों से हाथियों की नियमित आवाजाही के बावजूद कानूनी संरक्षण का अभाव रहा है। दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण ट्रेनों की अत्यधिक गति भी है। पर्यावरणीय रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में भी ट्रेनों की रफ्तार 90 से 110 किलोमीटर प्रति घंटा तक रहती है। इतनी गति पर हाथियों को देखकर ट्रेन रोक पाना लगभग असंभव हो जाता है। अस्थायी गति प्रतिबंध और चेतावनियाँ प्रायः कागज़ी साबित होती हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि रेलवे संचालन में अभी भी पर्यावरणीय सुरक्षा की तुलना में समय और दक्षता को अधिक प्राथमिकता दी जाती है। दृश्यता की समस्या भी इन दुर्घटनाओं को बढ़ाती है। अधिकांश हाथी-रेल टकराव रात या तड़के होते हैं, जब कोहरा, वर्षा या घनी वनस्पति के कारण ट्रेन चालकों की दृष्टि सीमित हो जाती है। असम और पूर्वोत्तर भारत में यह स्थिति और भी गंभीर है, जहाँ मौसम की अनिश्चितता सामान्य बात है। इसके अतिरिक्त, रेलवे ट्रैक स्वयं हाथियों को आकर्षित करते हैं। यात्रियों द्वारा फेंका गया खाद्य अपशिष्ट, नमकयुक्त मिट्टी और पटरियों के आसपास पकती फसलें हाथियों को जोखिम वाले क्षेत्रों की ओर खींचती हैं, विशेषकर फसल कटाई के मौसम में। रेलवे ट्रैक का डिज़ाइन भी कई बार समस्या को बढ़ाता है। ऊँचे तटबंध, कंक्रीट की दीवारें और बाड़ें हाथियों को ट्रैक पर फँसा देती हैं। शावक जल्दी बाहर नहीं निकल पाते, जिससे पूरा झुंड धीमा हो जाता है और दुर्घटना की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। इसके साथ ही, वन विभाग और रेलवे के बीच समुचित समन्वय की कमी भी एक बड़ी चुनौती है। गश्ती दल द्वारा हाथियों की उपस्थिति की सूचना अक्सर समय पर रेलवे नियंत्रण कक्ष तक नहीं पहुँच पाती, जिससे दुर्घटनाएँ रोकी नहीं जा पातीं। हर बड़ी दुर्घटना के बाद जाँच, मुआवज़ा और अस्थायी प्रतिबंध जैसे कदम उठाए जाते हैं, किंतु ये सभी प्रतिक्रियात्मक उपाय हैं। पर्यावरण प्रभाव आकलन अक्सर औपचारिकता बनकर रह जाता है और परियोजना स्वीकृति के बाद पशु व्यवहार में आए परिवर्तनों को गंभीरता से नहीं लिया जाता। आवश्यकता इस बात की है कि संरक्षण को विकास की राह में बाधा नहीं, बल्कि उसका अनिवार्य हिस्सा माना जाए।

## सेहत मंत्र

# दिल्ली में प्रदूषित हवा बन रही है सूखी खांसी और अस्थमा की वजह, बरतें ये सावधानियां

दिल्ली समेत कई महानगरों में लोग सूखी खांसी से परेशान है। यह खांसी का वह प्रकार होता है जिसमें खांसते वक्त व्यक्ति की आंते तक हिल जाती हैं। इसमें न सिर्फ पांव से लेकर सिर तक जोर लगाना पड़ता है बल्कि कई बार खांसते वक्त मुंह से खून भी आ जाता है। डॉक्टर्स और एक्सपर्ट का कहना है कि सिर्फ अस्थमा या अधिक धूम्रपान करने वालों को ही नहीं बल्कि ये खांसी आम लोगों को भी हो रही है। इसका सबसे बड़ा कारण प्रदूषित हवा है। प्रदूषित हवा के चलते गंदे बैक्टिरिया और धूल मिट्टी के कण सांस लेते वक्त मुंह में चले जाते हैं और फिर फ़ेफड़ों में जम जाते हैं। जिसके चलते सूखी खांसी होती है। हार्ट केयर फाउंडेशन (एचसीएफआई) के अध्यक्ष डॉ. के.के. अग्रवाल का कहना है कि सर्दी के महीनों में एलर्जी जनित खांसी अधिक होती है, जब तापमान में गिरावट के कारण प्रदूषक और एलर्जी कारक तत्व वायुमंडल से हट नहीं पाते हैं, जिससे अस्थमा, एलर्जी राइनाइटिस और अन्य एलर्जी विकार बढ़ जाते हैं। तापमान और ठंड में अचानक परिवर्तन के चलते, शुष्क हवा भी वायुमार्ग को संकुचित करती है, जिससे कष्टप्रद खांसी शुरू हो जाती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली जैसे शहरों में आबादी का अधिकांश हिस्सा ओजोन और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड जैसी प्रदूषक गैसों के कारण एलर्जी जनित खांसी से परेशान होता रहता है। अन्य कारकों में सड़क और निर्माण स्थलों से उठने वाली धूल, पराग कण, धुआं, नमी, और तापमान में अचानक परिवर्तन शामिल हैं। गले में जलन और खुजली हफ्तों से महीनों तक बनी रह सकती है और यह तीव्रता में भिन्न हो सकती है। डॉ. के.के. अग्रवाल ने कहा कि मौसमी एलर्जी के कुछ अन्य लक्षणों में नाक बहना, छींकना, आंखों में पानी और खुजली तथा आंखों के नीचे काले घेरे शामिल हैं। ये काले घेरे या एलर्जिक शाइनर्स नाक की गुहाओं में सूजे हुए ऊतकों और आंखों के नीचे रक्त के जमाव के कारण होते हैं। एलर्जी जनित खांसी आमतौर पर रात में तीव्र हो जाती है।

## धर्म मंत्र

# नारायण कवच का पाठ करने से बढ़ता है सौभाग्य

हिंदू धर्म में मंत्रों, स्तोत्र और कवच के पाठ करने के विशेष महत्व बताया गया है। बताया जाता है कि अगर सही समय पर इनका पाठ किया जाता है, तो व्यक्ति को उत्तम फल की प्राप्ति हो सकती है। साथ ही व्यक्ति के सुख-सौभाग्य में वृद्धि होती है। नारायण कवच के पाठ के बारे में कहा जाता है कि यह कवच साक्षात श्रीहरि विष्णु का कवच रूपी पाठ है। इस कवच का पाठ करने से जातक को कष्टों और आर्थिक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता है। इसलिए सभी कवच में नारायण कवच को सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। इस कवच को ब्रह्मास्त्र के समान माना जाता है। ऐसे में अगर आप रोजाना नारायण कवच का पाठ करते हैं, तो आपको भगवान श्रीहरि विष्णु की कृपा प्राप्त हो सकती है। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए बताने जा रहे हैं कि नारायण कवच का पाठ किस दिन करने से उत्तम फलों की प्राप्ति हो सकती है। अगर आप भी नारायण कवच का पाठ कर रहे हैं, तो इस कवच का पाठ गुरुवार से शुरू करना चाहिए। धार्मिक मान्यता है कि गुरुवार का दिन जगत के पालनहार भगवान श्रीहरि विष्णु को समर्पित होता है। ऐसे में गुरुवार के दिन नारायण कवच का पाठ करने से जातक को उत्तम फलों की प्राप्ति होती है। साथ ही जीवन में आने वाली सभी समस्याओं से छुटकारा मिल जाता है। नारायण कवच का पाठ करने से व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक दोनों तरह की बुराइयों से बचाता है।

## पर्यटन



# नेचुरल ब्यूटी से घिरे ढाका में है मिला जुला इस्लामिक और बंगाली कल्चर

भारत के पड़ोसी देश के बारे में तो आपने सुना ही होगा... एक बड़ा ही खूबसूरत देश है... हम बात कर रहे हैं खूबसूरत बांग्लादेश की। बांग्लादेश की राजधानी ढाका घूमने के लिए बहुत ही अच्छी जगह है। यहां से भारत का कोई सरहदी दुश्मनी का नाता नहीं है न ही गोली लगने का डर, तो आप जा सकते हैं ढाका घूमने के लिए। यहां पर एक्सप्लोर के लिए बहुत कुछ है। नेचुरल ब्यूटी से घिरे ढाका में मिला-जुला इस्लामिक और बंगाली कल्चर आपको देखने को मिलेगा। औद्योगिक और प्रशासनिक केन्द्र- ढाका बांग्लादेश की राजधानी होने के अलावा बांग्लादेश का औद्योगिक और प्रशासनिक केन्द्र भी है। लेकिन ये शहर बूढ़ी गंगा नदी के तट बसा है इसलिए ये काफी खूबसूरत भी है। ढाका को राजनीतिक गतिविधियों का गढ़ माना जाता है लेकिन यहां की खूबसूरती पर्यटकों को बहुत आकर्षित करती है। ढाका का इतिहास- मुगल शासन काल में ढाका को जहांगीर नगर के नाम से जाना जाता था। उस समय यह बंगाल प्रांत की राजधानी था। वर्तमान ढाका का निर्माण 19वीं शताब्दी में अंग्रेजों के अधीन हुआ। जल्द ही कलकत्ता के बाद ढाका बंगाल का दूसरा सबसे बड़ा नगर बन गया। बंटवारे के बाद ढाका पूर्वी पाकिस्ताान की राजधानी बना। 1972 में यह बंगलादेश की राजधानी बना। यहां पुरानी और नई सभ्यताओं के कई नमूने देखने को मिलते हैं। पर्यटक ढाका क्यों आते हैं? यहां राष्ट्रीय स्मारक देखने के लिए देश-विदेश से लोग आते हैं। यह स्मारक ढाका से थोड़ा ही दूर लगभग 35 किलोमीटर दूर साभर में स्थित है। इस स्मारक का डिजाइन मोइनुल हुसैन ने तैयार किया था। यह स्मारक उन लाखों सैनिकों को समर्पित है जिन्होंने बंगलादेश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। ढाका में बना लालबाग किला काफी विशाल है। इस किले का निर्माण बादशाह औरंगजेब के पुत्र शाहजादा मुहम्मद आजम ने करवाया था। यह किला भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम (1857) का मूक गवाह है। 1857 में जब स्थानीय जनता ने ब्रिटिश सैनिकों के विरुद्ध विद्रोह किया था तब 260 ब्रिटिश सैनिकों ने यहीं शरण ली थी।

# समाजसेवी अमित व साथी पद यात्रियों के स्वागत में उमड़ रहा समूह







कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। समाजसेवी एवं अधिवक्ता अमित अवस्थी समाज हित की मांगों को लेकर लखनऊ चलो पदयात्रा कर रहे हैं। जनहित की मांगों का जनमानस हृदय से स्वागत कर रहा है। सरयू नदी के तट पर जल भरकर शुक्रवार को लखनऊ चलो पदयात्रा का शभारंभ हुआ। जनसंख्या नियंत्रण कानून सहित पांच प्रमुख मांगों को लेकर धर्म जागरण बाराबंकी धाम के कार्यकर्ताओं द्वारा गुरुवार को सरयू नदी रामनगर से लखनऊ के लिए शुरू हुई चार दिवसीय पदयात्रा शाम को मसौली पहुंची. शुक्रवार को सुबह यह पदयात्रा लखनऊ के लिए आगे बढ़ गई.सोमवार को यह पदयात्रा लखनऊ में समाप्त होगी।इस दौरान धर्मजागरण के कार्यकर्ता बाराबंकी धाम की सात नदियों का जल केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह को भेंट करेंगे साथ ही उन्हें अपना मांगपत्र सौंपेंगे।

क्या हैं मांगें

1- कड़ा जनसंख्या नियंत्रण कानून शीघ्र बने.

2- जातिवाद की समाप्ति के लिये नाम के आगे माता-पिता का नाम हो.कोई जाति सूचक शब्द न हो.

3- पहले एक सदस्य वाले परिवार फिर दो,तीन,चार,पांच सदस्यों वालों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाय.

4- गोंडा पैसेंजर सहित लोकल ट्रेनों का पुनः संचालन हो.

5- वंदे भारत जैसी ट्रेनों का जनपद में ठहराव हो.

कुरौली धाम पहुंची धर्मजागरण पदयात्रा

पदयात्रा में एससी एसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, समेत तमाम संत महात्मा,सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए।

शुक्रवार को दूसरे दिन मसौली से निकली यह पदयात्रा शाम को कुरौली धाम पहुंची।रास्ते मे जगह-जगह धर्म सेवकों का जोरदार स्वागत किया गया.जिसमें सुरेश चंद्र गौतम, बैजनाथ वर्मा, रामसिंह, रामू बाबा, प्रदीप कुमार, विनय कुमार, बृजनाथ शुक्ला, डॉक्टर वर्मा ,अल्पेश आनंद भंते दीक्षानंद योगेश दीक्षित, विद्या प्रसाद वर्मा,विनय कुमार, वरुण मिश्र, पप्पू सोनी, मोनू वर्मा, प्रेम वर्मा, कुल्लू रावत, ब्रजनाथ शुक्ला, राम सजीवन, राममिलन गोस्वामी, मनोज सिंह,उत्तर प्रदेश एससी एसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत शामिल हुए.सभी धर्मसेवको ने जीआईसी आडिटोरियम मे पूज्य विजय कौशल जी महाराज के मुखारविन्दु से राम कथा का श्रवण भी किया । पदयात्रा मे समन्वयक सुरेश चन्द्र गौतम, देवीशरण गुप्त ,जिला बार एसोसिएशन बाराबंकी के पूर्व अध्यक्ष बब्बन सिंह, वर्तमान उपाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र, साहित्यकार अजय सिंह गुरुजी, महंत बी.पी दास बाबा जी मथुरा प्रसाद वर्मा,अजय सिंह सिसौदिया, योगेन्द्र सिह,शिवशंकर वर्मा, विद्या प्रसाद वर्मा, अजय त्रिवेदी,राकेश तिवारी, नरेन्द्र त्रिपाठी, सुनील दुवे,भगवान दीन चौधरी, प्रदीप कुमार, प्रवेश शुक्ला, रामानंद गौत्तम,मनोज सिंह,राजेश मिश्र, बच्चा वर्मा,मीनू सिंह समेत सैकड़ों धर्मसेवक सम्मिलित हुए ।



## सरनाम सिंह की स्मृति में दंगल का आयोजन

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। धमेड़ी स्टेट के महल प्रांगण में कुंवर सरनाम सिंह की स्मृति में दो दिवसीय विराट कुश्ती दंगल का शुभारंभ परंपरा के अनुसार हुआ।राजा राजेंद्र सिंह रैकवार ने उद्घाटन कुश्ती आरंभ कराई जिसमें दिल्ली के अमित पहलवान विजयी रहे उन्हें रु 5100 का इनाम प्राप्त हुआ।दंगल में देश विदेश से पधारे पहलवानों ने अपने दांव पेंच व बल विक्रम दिखाया।आज के दंगल में भारी संख्या में मल्लयुद्ध प्रेमियों ने जोशीली कुश्तियों का आनंद लिया साथ ही पहलवानों का उत्साहवर्धन कर पुरुस्कृत किया।

## कोहरे का कहर डिवाइडर से टकराई कार

सभी छः बैंक कर्मी गंभीर

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ महमूदाबाद मार्ग पर बड्डूपुर थाना क्षेत्र में बीते देर रात रीवा सींवा के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकरा गई। सभी कार सवार गंभीर रूप से घायल हुए। हादसे में घायलों की पहचान सचिन कुमार पुत्र सतीश चंद्र निवासी ठाकुरगंज, लक्ष्मण सिंह रावत पुत्र केदार सिंह निवासी जानकीपुरम, धीरेंद्र कुमार निगम तथा पद्मेश सिंह चंदेल पुत्र घनश्याम सिंह निवासी लखनऊ के रूप में हुई है। सभी घायल बैंक कर्मचारी बताए जा रहे हैं, जो महमूदाबाद से लखनऊ जा रहे थे। सूचना पर बड्डूपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने सभी को लखनऊ रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने हादसे की पुष्टि की है।

## आंगनवाड़ी कार्य कात्रियों का सम्मेलन संपूर्ण

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। को-लोकेटेड आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का श्री सुंदरलाल इंटर कॉलेज औरेला में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण सकुशल संपन्न हुआ।क

कुल 48 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों की शीघ्र पहचान और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना था।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में आयोजित इस प्रशिक्षण का संचालन जिला समन्वयक (समेकित शिक्षा) सुधा जायसवाल, खंड शिक्षा अधिकारी सिरौली गौसपुर सुश्री फिजा मिर्ज़ा और सीडीपीओ सिरौली गौसपुर के नेतृत्व में किया गया।प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को दिव्यांगता की शीघ्र पहचान, निवारण, चिन्हांकन, चेकलिस्ट और मूल्यांकन प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। खंड शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्ज़ा ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को उनके दायित्वों और अधिकारों की जानकारी दी, साथ ही उनके कार्यों की सराहना भी की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेष शिक्षक संतोष कुमार भारती और रमेश चंद्र श्रीवास्तव ने संदर्भ दाता के रूप में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मनीष बैसवार और अंकित जायसवाल ने भी अपने अनुभव साझा किए।तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने पूर्ण सहभागिता और सहयोग प्रदान किया, जिससे कार्यक्रम अत्यंत उपयोगी और सफल रहा।

## भाकियू सिंघानिया का सदस्यता अभियान

रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के गांव अंगदपुर मजरे बड़ेला नारायनपुर मे आज़ भारतीय किसान यूनियन सिंघानिया की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष सरदार वीरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में महा सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें लगभग दो दर्जन से अधिक महिलाएं एवं पुरुषों को प्रमाण पत्र देकर सदस्यता दिलाई गई। इस बैठक मे युवा जिलाध्यक्ष अमितपटेल, परमजीत सिंह,राम संजीवन,दिनेशचंद्र शार्म,रामसुरेश रावत,छंगालाल, राम उदित रावत, एव लक्ष्मी देवी, रूमादेवी, बिटानादेवी नेहा, सुमिता देवी, सुभाषिनी, सीतापति सहित तमाम किसान कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## श्रद्धा व उल्लास से मनाया गया गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व

उरई। गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर शनिवार को उरई के गुरुद्वारा साहिब में श्रद्धा एवं उल्लास का माहौल रहा। गुरुद्वारा साहिब में अखंड पाठ सम्पन्न कर उरई के राठ रोड स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा की ओर से मुख्य समागम का आयोजन किया गया। समागम में रागी जत्था ने शब्द कीर्तन कर संगत को गुरु गोविंद सिंह के इतिहास का श्रवण कराया। गुरुद्वारा साहिब में विशेष दीवान सजाकर कीर्तन गायन कर संगत के लिए लंगर लगाया गया। संगत ने मत्था टेककर अरदास की। साथ ही संगत ने शब्द कीर्तन व गुरु गोविंद सिंह वाणी का गायन कर माहौल को भक्तिमय बनाया। समागम में सभी गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के संरक्षक सरदार हरजीत सिंह ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह का बलिदान देश-दुनिया के अनोखे बलिदानों में शामिल है। जीवन के मूल्यों को कायम करते हुए गुरु गोविंद सिंह ने अपने समूचा परिवार को देश-धर्म की रक्षा के लिए न्योछावर कर दिया। गुरु गोविंद सिंह ने 1699 में आनंदपुर साहिब, केशगढ़ साहिब में खालसा पंथ की स्थापना की। गुरु के चारों साहिबजादे व माता गुजर कौर धर्म परिवर्तन न करते हुए शहीद हो गए। उनका बलिदान आज भी धर्म व राष्ट्र की रक्षा के लिए ऊर्ज़ा प्रदान करता है। हमें गुरु गोविंद सिंह के दिखाए आदर्शों पर चलना चाहिए।

## इंडियन बैंक में हुए करोड़ों के गबन मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

फिरोजाबाद। इंडियन बैंक थाना जसराना में करोड़ों रूपये के गबन मामले में वाँछित अभियुक्त को थाना जसराना पुलिस टीम व एसओजी टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध कार्यवाही कर उसे जेल भेजा है।

थाना जसराना पर 27 मार्च 2025 को तरूण कुमार विश्नोई ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह इंडियन बैंक अंचल कार्यालय, आगरा में अंचल प्रबन्धक के पद पर कार्यरत है। 19 मार्च 2025 को जसराना शाखा के समक्ष अमित गुप्ता एवं अन्य ग्राहक शिकायत पत्र लेकर आए। जिसमें उन्होंने अधिकारी एवं कर्मचारी के ऊपर गंभीर आरोप लगाए गए है। राघवेंद्र सिंह, पूर्व शाखा प्रबंधक, जसराना शाखा एवं जय प्रकाश सिंह कुर्क ने जसराना शाखा में अपने पद पर रहते हुए विभिन्न ग्राहकों के खातों में कुल मिलाकर 1,85,97,900/- से अधिक का गबन अपने शाखा प्रबंधक रहते हुए धोखाधड़ी से तथा अपने पद का दुरुपयोग करके किया है।

# अटल की जन्म शताब्दी, सिद्धार्थ के नेतृत्व में कवि सम्मेलन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी पर शुक्रवार शाम विख्यात शिव दरबार श्रीलोधेश्वर महादेवा मंदिर परिसर में भव्य काव्य संध्या का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का आयोजन भाजपा नेता एवं पूर्व प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा पंडित सिद्धार्थ अवस्थी द्वारा किया गया।भारत माता व अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण से काव्य संध्या का शुभारंभ हुआ।अगले क्रम में ओज श्रृंगार और राष्ट्रभाव से ओतप्रोत कविताओं के माध्यम से अटल जी के राष्ट्रवादी साहित्यिक और मानवीय व्यक्तित्व को प्रस्तुत किया गया।कवियों में हर्ष सिंह ईशा मिश्रा ज्ञान प्रकाश आकुल लोकेश त्रिपाठी सहित अन्य कवियों ने प्रभावशाली रचनाएं सुनाईं।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु साहित्यप्रेमी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।अंत में सिद्धार्थ अवस्थी ने सभी कवियों व श्रोताओं का आभार व्यक्त करते हुए अटल जी के विचारों को युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया।वहीं गणमान्य क्षेत्रवासियों ने सिद्धार्थ अवस्थी की सराहना करते हुए उनके पिता स्वर्गीय सुरेंद्र नाथ अवस्थी पुत्तू भैया स्मरण किया ।

# मुख्यमंत्री युवा योजना से मिली उड़ान प्रभनूर कौर बनीं आत्मनिर्भर उद्यमी

**मुख्यमंत्री योगी के विज़न से साकार हुआ महिला स्वरोजगार का सपना**

**ब्याज मुक्त ऋण से शुरू की बेकरी यूनिट, आज दे रही रोजगार**

कानपुर। उत्तर प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना युवाओं के सपनों को नई दिशा दे रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ के आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के विज़न के तहत शुरू की गई इस योजना ने कानपुर की प्रभनूर कौर को सफल महिला उद्यमी बना दिया है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने सरकार की मदद से अपने हुनर और मेहनत के दम पर खुद का स्टार्टअप खड़ा किया।

प्रभनूर कौर ने अपनी शुरुआती शिक्षा डीपीएस कल्याणपुर, कानपुर से पूरी की। पढ़ाई के दौरान ही उन्हें बेकरी और केक आर्ट में विशेष रुचि हो गई थी। कॉलेज के समय कोविड के कारण पढ़ाई प्रभावित हुई, लेकिन उन्होंने इस समय का उपयोग अपने हुनर को निखारने में किया। साल 2023 में प्रभनूर कौर ने मुम्बई में आयोजित केकॉलॉजी एग्जीबिशन में हिस्सा लिया, जहां उनके काम को सराहना मिली और उन्हें सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ। इसके साथ ही उन्होंने दिल्ली और बेंगलुरु में देश-विदेश के विशेषज्ञ कलाकारों से विशेष प्रशिक्षण भी लिया। बॉम्बे एग्जीबिशन के बाद प्रभनूर कौर का चयन अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी के लिए हुआ। यहां उनके आर्टिस्टिक केक और बेकरी डिज़ाइन को पहचान मिली, जिससे उनका आत्मविश्वास और बढ़ा। इसी दौरान प्रभनूर कौर को उत्तर प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री युवा योजना की जानकारी मिली। उन्होंने एमएसएमई कार्यालय जाकर योजना के तहत आवेदन किया। अप्रैल 2025 में उन्हें ब्याज मुक्त ऋण स्वीकृत हुआ, जिससे उनके सपने को पंख मिल गए। मुख्यमंत्री युवा योजना की मदद से प्रभनूर कौर ने अपने घर से ही स्वीट स्क्रैप बाई कौर नाम से बेकरी और आर्टिस्टिक केक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की शुरुआत की।

## साहिबजादों की शहादत को मिला 'वीर बाल दिवस' का राष्ट्रीय सम्मान : सांसद

एजेंसी

कानपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही भारत सरकार ने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर घोषित कर देश के इतिहास के एक स्वर्णिम अध्याय को सम्मान दिया है। नौ जनवरी 2022 को श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह ऐतिहासिक घोषणा की थी कि 26 दिसंबर को दसवें सिख गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी के पुत्र साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की अद्वितीय शहादत की स्मृति में वीर बाल दिवस मनाया जाएगा। यह बातें शनिवार को सांसद रमेश अवस्थी ने कही। वीर बाल दिवस पर आज भारतीय जनता पार्टी कानपुर उत्तर जिला द्वारा गुरु गोविंद सिंह जी के पुत्रों साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह व साहिबजादे बाबा फतेह सिंह जी पर मुगल शासक औरंगजेब द्वारा किए गए अत्याचार व क्रूरता के दृश्यों को प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी का संयोजन सरदार रमिंदर सिंह रिंकू, सुनीता गौड़, रोहित साहू अभिषेक दीक्षित,पूनम कंवर, मनोज अग्रवाल, यश जायसवाल और अभिराज सिंह ने किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन सांसद रमेश अवस्थी विधायक नीलिमा कटियार व जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित ने किया। विधायक नीलिमा कटियार ने कहा कि साहिबजादों का बलिदान धर्म, राष्ट्र और मानवता की रक्षा के लिए अद्वितीय उदाहरण है। इतनी अल्प आयु में भी उन्होंने अत्याचार और अन्याय के सामने झुकने से इनकार किया। उनका जीवन और बलिदान आज के बच्चों और युवाओं को साहस, आत्मबल, देशभक्ति और संस्कारों की प्रेरणा देता है। जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित ने कहा कि वीर बाल दिवस केवल स्मरण का दिवस नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों में राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध जागृत करने का माध्यम है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीर बाल दिवस घोषित कर सिख गुरुओं और साहिबजादों के बलिदान को राष्ट्रीय चेतना से जोड़ने का कार्य किया है।

# किसानों की खरीद केंद्रों पर गुजरती है रात, तौल नहीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। भीषण ठंड में किसान मारे मारे फिर रहे हैं। उनकी ना कोई नेता सुनने वाला है और ना ही अधिकारी। कई कई दिनों से किसान कर केदो पर रातें गुजार रहे हैं। सरकारी अहिलकर उन्हें आश्वासन का झुनझुना भर थमाते हैं। सरकारी अधिकारियों की हृदय हीनता से हालात मारामारी के हुए हैं। ''रामसनेहीघाट''- थौरथिया धान केंद्र पर ऐसा ही कुछ नजारा दिखाई दिया। और एसडीएम अनुराग सिंह टीम के साथ केंद्र पहुंचे। क्रय केंद्र प्रभारी ने ही शायद सूचित किया। एसडीएम अनुराग सिंह ने बताया कि एक युवा जो कि धान से लदी ट्रेक्टर ट्राली लाया था और तौल कराने की जिद पर अड़ा था। मौके पर जो किसान थे उनका नाम नोट किया गया और केंद्र प्रभारी सोनम सिंह को हिदायत दी गई। जिनका टौकन है पहले उनका धान तौला जाए।जिनकी ट्राली खड़ी थी उनको पुलिस भेज कर माफीनामा लिखा गया।जिन किसानों की ट्राली कई दिनों से खड़ी हैं उनकी पहले तौल कराने के निर्देश दिए गए।पुलिस के बताए अनुसार धान से लदी ट्रैक्टर ट्राली लावारीस में दाखिल की गई है।

# क्रूज से सरयू भ्रमण कर महापौरों ने निहारी रामनगरी की अलौकिक छटा

एजेंसी

अयोध्या। प्रदेश भर से आए महापौरों ने क्रूज पर सवार होकर रामनगरी की अलौकिक छटा निहारी। सरयू बिहार के दौरान बदलती अयोध्या की छटा दिव्यता का एहसास कर रही थी। नगर निगम अयोध्या के निमंत्रण पर महापौर गण यहां सम्मेलन में भाग लेने के लिए आए हुए हैं।

शनिवार को प्रदेश के विभिन्न महानगरों के महापौर अपने सहयोगियों के साथ पंचशील होटल पहुंचे, जहां उनकी अगुवानी अयोध्या की महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार, पार्षदों एवं अन्य अधिकारियों के साथ किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशानुरूप अयोध्या में हो रहे दो दिवसीय सम्मेलन का पहला दिन महापौरों के आगमन और उनके अयोध्या भ्रमण का रह। महापौर का दल लगभग छह बजे सरयू तट पहुंचा, जहां मां सरयू की आरती की गई। शशिकांत दास महाराज के मार्गदर्शन में घंटियों की मधुर ध्वनि के बीच महापौर दल सरयू की आरती में आनंद मग्न दिखा।

नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि सरयू तट पर महापौर अयोध्या महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने अर्धांगिनी श्रीमती राज लक्ष्मी तिवारी के साथ अंगवस्त्र ओढ़कर महापौर दल का सम्मान किया। क्रूज पर सवार होकर सरयू बिहार पर निकला। लगभग आधा घंटा चले सरयू बिहार कार्यक्रम के दौरान अयोध्या की अलौकिक छटा अपनी दिव्यता का एहसास कर रही थी सभी की आंखें आंखों में अयोध्या के अद्भुत मंजर को कैद कर लेने की बेताबी झलक रही थी। चर्चा के दौरान लखनऊ की मेयर सुषमा खर्वाल, कानपुर की मेयर प्रमिला पांडेय ने कहा कि अयोध्या की विकास गाथा पुरातन से आधुनिकता की ओर चल पड़ी है। इसके बाद महापौर दल सरयू घाट पर आरती में शामिल होकर आनंदमग्न दिखा। 6:30 बजे आरती घाट से राम की पैड़ी पर भ्रमण करने के बाद कनक भवन मंदिर पहुंचा, जहां दर्शन करने के बाद हनुमानगढ़ी गया। इस दौरान मुरादाबाद मेयर विनोद अग्रवाल, झांसी के मेयर बिहारी लाल आर्य, अलीगढ़ के मेयर प्रशांत, गोरखपुर के डॉक्टर मंगलेश श्रीवास्तव, प्रयागराज गणेश केसरवानी, सहानपुर के डॉ. अजय कुमार, भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल, पार्षद अनुज दास, बृजेंद्र सिंह, संतोष सिंह, चंदन सिंह, अनिकेत यादव राजू, महेंद्र शुक्ल, विशाल पाल, अंकित तिवारी, सुल्तान अंसारी, अनिल सिंह, अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ, भारत भार्गव, जोनल अधिकारी अशोक गुप्त आदि मौजूद रहे। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि 28 दिसम्बर को सुबह 9 बजे जलपान के बाद 10 बजे सम्मेलन स्थल पर महापौर गण पहुंचेंगे।

## जौनपुर में डिजिटाइजेशन पूरा, विधानसभावार आंकड़े जारी 16.51 मतदाता 'अनकलेक्टेबल'

जौनपुर,। यूपी के जौनपुर में मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पूरी हो गई है। जिला प्रशासन द्वारा शनिवार को जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, जिले में औसतन 83.49 प्रतिशत मतदाता डिजिटाइज्ड पाए गए हैं। इस प्रक्रिया में 16.51 प्रतिशत मतदाता 'अनकलेक्टेबल' श्रेणी में दर्ज किए गए हैं, जिनका पता नहीं चल सका है। विधानसभावार आंकड़ों में भिन्नता देखी गई। बदलापुर विधानसभा (364) में 85.59 प्रतिशत मतदाता डिजिटाइज्ड हुए, जबकि 15 प्रतिशत 'अनकलेक्टेबल' रहे। शाहगंज विधानसभा (365) में 85.20 प्रतिशत डिजिटाइजेशन हुआ और 16 प्रतिशत मतदाता 'अनकलेक्टेबल' श्रेणी में हैं। जौनपुर सदर विधानसभा (366) में डिजिटाइजेशन की स्थिति कमजोर रही, जहां 76.79 प्रतिशत मतदाता डिजिटाइज्ड और 18 प्रतिशत 'अनकलेक्टेबल' दर्ज किए गए। अन्य विधानसभाओं में, मल्हनी (367) में 84.56 प्रतिशत डिजिटाइजेशन के साथ 15.00 प्रतिशत 'अनकलेक्टेबल' मतदाता सामने आए। मुंगराबादशाहपुर (368) में 84.38 प्रतिशत डिजिटाइजेशन और 11 प्रतिशत 'अनकलेक्टेबल' दर्ज किए गए। मछलीशहर (369) में 84.11 प्रतिशत मतदाता डिजिटाइज्ड हैं, जबकि 19 प्रतिशत 'अनकलेक्टेबल' हैं। मडियाहू (370) में 84.83 प्रतिशत डिजिटाइजेशन और 14 प्रतिशत 'अनकलेक्टेबल' मतदाता पाए गए। ज़फ़राबाद (371) में 82.18 प्रतिशत डिजिटाइजेशन और 20 प्रतिशत 'अनकलेक्टेबल' का आंकड़ा सामने आया। केराकत (372) में 84.95 प्रतिशत डिजिटाइजेशन और 17 प्रतिशत 'अनकलेक्टेबल' दर्ज किए गए। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, 'अनकलेक्टेबल' श्रेणी में वे मतदाता शामिल हैं जो अपने पते पर नहीं मिले, स्थानांतरित हो चुके हैं, मृत हो सकते हैं या जिनका विवरण संदिग्ध पाया गया है। अधिकारियों का मानना है कि ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन और आगे की जांच प्रक्रिया में इन आंकड़ों में सुधार संभव है। एसआईआर प्रक्रिया के बाद अब दावा-आपत्ति की प्रक्रिया के दौरान वास्तविक मतदाताओं को सूची में बनाए रखने और अपात्र नामों को हटाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# इंग्लैंड ने मेलबर्न टेस्ट में रचा इतिहास 15 साल बाद ऑस्ट्रेलिया में जीता टेस्ट

एजेंसी

मेलबर्न। इंग्लैंड ने लगभग 15 साल और लगातार 18 मैचों के इंतजार को खत्म करते हुए ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट जीत दर्ज की। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर खेले गए बॉक्सिंग डे टेस्ट में इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर एशेज सीरीज में बड़ी उपलब्धि हासिल की। मुश्किल पिच पर मिले 175 रन के लक्ष्य को इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने आक्रामक अंदाज में हासिल किया। यह टेस्ट इतिहास में महज पांचवां मौका था जब किसी सीरीज में दो-दो दिन में खत्म होने वाले एक से अधिक मैच खेले गए। ऑस्ट्रेलिया में इससे पहले केवल दो बार ऐसा हुआ था। दो दिनों में रिकॉर्ड 1.86 लाख से ज्यादा दर्शकों की मौजूदगी के बावजूद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को इस टेस्ट से आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा, हालांकि इंग्लैंड के लिए यह जीत कहीं ज्यादा मायने रखती थी क्योंकि टीम एक और क्लीन स्वीप से बचने में सफल रही।



इंग्लैंड की जीत में जैकब बेथेल ने अहम भूमिका निभाई। इस टेस्ट के लिए टीम में लौटे बेथेल ने 40 रन की उपयोगी पारी खेली और अपनी प्रतिभा की झलक दिखाई। हालांकि उनके आउट होने के बाद इंग्लैंड को थोड़ी घबराहट का सामना करना पड़ा। जो रूट एलबीडब्ल्यू हुए और बेन स्टोक्स मिशेल स्टार्क की गेंद पर आउट हो गए, लेकिन अंत में चार लेग बाई ने इंग्लैंड को जीत दिला दी।

यह ऑस्ट्रेलिया में 1932 के बाद पहला टेस्ट था जिसमें कोई भी बल्लेबाज अर्धशतक नहीं लगा सका। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में केवल 132 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए कप्तान बेन स्टोक्स और ब्राइडन कार्स ने सात विकेट साझा किए, जबकि जोश टंग ने दो विकेट झटके। गस एटकिंसन के हैमस्ट्रिंग चोट के कारण मैदान छोड़ने के बावजूद इंग्लैंड के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया।

175 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत आक्रामक रही। जैक क्रॉली और बेन डकेट ने सात ओवर में ही 51 रन जोड़कर दबाव खत्म कर दिया। डकेट ने मिशेल स्टार्क को पहली ही गेंद पर बाउंड्री लगाई, जबकि क्रॉली ने माइकल नेसर के ओवर में बड़ा शॉट खेलकर मैच का रुख इंग्लैंड की ओर मोड़ दिया। हालांकि डकेट के आउट होने और कुछ विकेट गिरने के बाद मुकाबला थोड़ा रोमांचक हुआ, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के पास बचाव के लिए पर्याप्त रन नहीं थे। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी दूसरी पारी में पूरी तरह लड़खड़ा गई। मार्नस लाबुशेन, ट्रैविस हेड और उस्मान ख्वाजा जैसे बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सके। अंततः इंग्लैंड ने लक्ष्य हासिल कर लिया और मेलबर्न टेस्ट चार विकेट से अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने न सिर्फ ऑस्ट्रेलिया में लंबे समय से चला आ रहा सूखा खत्म किया, बल्कि एशेज सीरीज में भी खुद को मजबूत स्थिति में ला खड़ा किया।

# श्रीलंका पर अपना दबदबा बरकरार रखने के लिए उतरेगी भारतीय महिला टीम

एजेंसी

तिरुवनंतपुरम। पहले तीन मैच जीतकर श्रंखला अपने नाम कर चुकी भारतीय महिला टीम रविवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ चौथे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भी अपना दबदबा कायम रखने की कोशिश करेगी। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम ने पांच मैचों की इस श्रृंखला में अभी तक अपना दबदबा कायम रखा है। श्रीलंका की टीम अभी तक उसे किसी भी तरह की चुनौती नहीं दे पाई है। भारत श्रृंखला में 3-0 से आगे है। भारत ने पहले तीन मैच में लक्ष्य का पीछा किया और उसके दबदबे का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि उसने किसी भी मैच में 14.4 ओवर से अधिक बल्लेबाजी नहीं की है, तीन से अधिक विकेट नहीं गंवाए हैं, और 129 रन से अधिक के लक्ष्य का सामना नहीं किया है। इस शानदार सफलता का श्रेय मुख्य रूप से भारतीय गेंदबाजों को जाता है। अनुभवी स्पिनर दीप्ति शर्मा ने दो मैचों में चार विकेट लिए हैं जबकि रेणुका सिंह ने शुक्रवार को ग्रीनफील्ड स्टेडियम में एक ही मैच में चार विकेट हासिल किए। टॉस ने भी थोड़ी भूमिका निभाई होगी क्योंकि हरमनप्रीत ने तीनों मौकों पर टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। इससे उनके गेंदबाजों को कम ओस वाली परिस्थितियों में गेंदबाजी करने का मौका मिला। भारतीय गेंदबाजों ने इस मौके का भरपूर फायदा उठाया है और अब तक किसी भी श्रीलंकाई बल्लेबाज को 40 रन की संख्या को पार नहीं करने दिया है। भारतीय श्रृंखला में कई तरह के संयोजन आजमा रहा है। अरुंधति रेड्डी ने पहले दो मैच खेले, जबकि अगले मैच में रेणुका ने इस तेज गेंदबाज की जगह ली। रेणुका ने तीसरे मैच के समाप्त होने के बाद पत्रकारों से कहा, ''हम 2026 के टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए विभिन्न संयोजन आजमा रहे हैं। हाल ही में वनडे विश्व कप जीतने के बाद हम अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखना चाहते हैं और हम अपने लिए तय किए गए मानकों को बरकरार रखना चाहते हैं। भारतीय बल्लेबाजों ने भी गेंदबाजों का अच्छा साथ दिया। शेफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्स ने अर्धशतक बनाकर अपनी शानदार फॉर्म बनाए रखी है। हालांकि स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना अभी तक अपनी पूरी फॉर्म में नहीं आ पाई हैं। उन्होंने तीन मैचों में 13.33 के औसत और 100 से कम के स्ट्राइक रेट से 40 रन बनाए हैं। बाएं हाथ की बल्लेबाज मंधाना बड़ी पारी खेलने के लिए उत्सुक होगी। यह भी देखना बाकी है कि क्या भारत इस मैच में युवा बल्लेबाज गुनालन कमलिनी और अनुभवी हरलीन देओल को मौका देगा। भारत ने अब तक टीम के बाकी सभी 13 सदस्यों को मौका दिया है। अनुभवी चमारी अटापट्टू की अगुवाई में श्रीलंकाई बल्लेबाज श्रृंखला में बुरी तरह विफल रहे हैं। अटापट्टू के अलावा उसकी टीम में हसिनी परेरा, कविशा दिलहारी और हर्षिता समरविक्रमा जैसी प्रतिभाशाली खिलाड़ी भी हैं लेकिन इनमें से कोई भी अभी तक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया है। श्रीलंका को अगर भारत के सामने चुनौती पेश करनी है तो उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

## वार्षिकी-2025

# खेल जगत में भारतीय महिलाओं ने वर्ष 2025 में हासिल की ऐतिहासिक उपलब्धियां



एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय महिलाओं ने क्रिकेट, हॉकी, डेफलिंपिक्स, पैरा खेलों तथा अन्य वैश्विक मंच के खेलों में कई ऐतिहासिक उपलब्धियों के साथ 2025 का समापन किया। एकदिवसीय क्रिकेट, शतरंज और मुक्केबाजी में विश्व खिताब से लेकर हॉकी में महाद्वीपीय सफलता और ब्लाइंड महिला क्रिकेट में एक ऐतिहासिक पहली उपलब्धि तक, भारतीय महिला खिलाड़ियों ने न केवल पदक जीते बल्कि देश भर में महिलाओं के खेल के दायरे और पहचान का भी विस्तार किया। इस वर्ष आखिर में हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर अपना पहला आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप खिताब जीता। देश में इस खेल के लिए यह एक निर्णायक क्षण था। व्यक्तिगत तौर पर, स्मृति मंधाना ने अंतरराष्ट्रीय टी-20 में चार हजार रन बनाने के लैंडमार्क पार किया, ऐसा करने वाली वह पहली भारतीय महिला बनीं और इससे भारतीय महिला क्रिकेट में बढ़ती गहराई, निरंतरता और पेशेवर प्रवृति को देखी गई। इसके अलावा भारतीय दृष्टिबाधित महिला टीम ने कोलंबो में खेले गये पहले ब्लाइंड महिला टी-20 विश्व कप में नेपाल को सात विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। दीपिका टीसी की अगुवाई में भारतीय दृष्टिबाधित टीम ने छह देशों नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका, आस्ट्रेलिया और अमेरिका के खिलाफ दमदार प्रदर्शन किया और 23 नवंबर को कोलंबो में खेले गए फाइनल में शानदार जीत दर्ज की। भारतीय महिला टीम की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। इस मैच में उन्होंने महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने वाली तीसरी खिलाड़ी बनने की उपलब्धि के साथ इसी प्रारूप में एक हजार रन और 150 विकेट का डबल पूरा करने का भी कारनामा किया। वह इस प्रारुप में (महिला, पुरुष) दोनों में यह कारनामा करने वाली पहली भारतीय क्रिकेटर है। इस साल की सबसे बड़ी व्यक्तिगत उपलब्धियों में से एक शतरंज में मिली, जहां दिव्या देशमुख ने जुलाई में फिडे महिला विश्व कप जीतकर इतिहास रचते हुए यह प्रतिष्ठित वैश्विक खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गईं। उनकी जीत ने विश्व शतरंज में भारत के बढ़ते दबदबे को फिर से साबित किया और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने वाली महिला खिलाड़ियों की नई पीढ़ी के उदय को भी दिखाया। भारतीय महिला मुक्केबाजों ने विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में अपना दबदबा बनाए रखा और कई पदक जीते। जैस्मीन लंबोरिया और मीनाक्षी हुड्डा ने अपने-अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक, नूपुर श्योरण ने रजत और पूजा रानी ने भारत की झोली में एक कांस्य पदक डाला। दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन ने एक और सफल अंतरराष्ट्रीय सीजन में अपनी निरंतरता बनाए रखी। जिससे अलग-अलग भार वर्ग में महिला मुक्केबाजी में भारत की गहराई और ताकत और मजबूत हुई। ज्योति याराजी ने एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण जीतकर एक शानदार प्रदर्शन किया, जिससे वह एशिया की शीर्ष बाधा दौड़ खिलाड़ियों में से एक बन गईं। रूपल चौधरी ने महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में रजत जीतकर भारत के पदकों की संख्या बढ़ाई, और फिर स्वर्ण जीतने वाली चार गुणा 400 मीटर रिले टीम में भी अहम भूमिका निभाई। यह ट्रैक स्पर्धा में भारत के बढ़ते प्रभाव और प्रतिस्पर्धा को दिखाता है। तीरंदाजी और निशानेबाजी में भी इस साल अच्छे नतीजे मिले। ज्योति सुरेखा वेन्नम ने कंपाउंड कैटेगरी में तीरंदाजी विश्व कप फाइनल में कांस्य पदक जीता, जो इस बड़े सीजन की आखिरी प्रतियोगिता में भारत के लिए पहली बार था। निशानेबाजी में तेजस्विनी ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में स्वर्ण जीता, जो सटीक खेलों में भारत की उभरती प्रतिभाओं की ताकत को दिखाता है। टीम खेलों में, महिला हॉकी ने महाद्वीप में एक मजबूत अभियान चलाया। भारतीय महिला हॉकी टीम ने हांगझोऊ में महिला एशिया कप 2025 में रजत पदक जीता। भारतीय टीम फाइनल में मेजबान चीन से 1-4 से हारने के बाद दूसरे स्थान पर रही। नवनीत कौर ने खिताबी मुकाबले के पहले ही मिनट में भारत के लिए गोल किया, जबकि ओउ जिक्सिया, ली होंग, ज़ू मेइरोंग और झोंग जियाकी के गोल ने घरेलू टीम के लिए चैंपियनशिप पक्की कर दी। टूर्नामेंट में पहले की शानदार जीत सहित भारत के कुल प्रदर्शन ने एशिया की टॉप महिला हॉकी टीमों में अपनी स्थिति को फिर से मजबूत किया।

# फिडे विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप: पांच राउंड के बाद गुकेश, एरिगैसी और कार्लसन संयुक्त बढ़त में

एजेंसी

दोहा। फिडे विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप के पहले दिन शुक्रवार को खेले गए पाँच राउंड के बाद भारत के मौजूदा क्लासिकल विश्व चैंपियन डी. गुकेश, अर्जुन एरिगैसी और विश्व नंबर-1 मैग्नस कार्लसन संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पर काबिज हैं। तीनों के 4.5 अंक हैं। उनके साथ मैक्सिम वाशिए-लाग्रेव और व्लादिस्लाव आर्तेमिएव भी समान अंकों के साथ संयुक्त लीड में हैं।

मैग्नस कार्लसन ने पहले दिन शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने शुरुआती चार मुकाबले आसानी से जीत लिए, लेकिन पाँचवें और अंतिम राउंड में अर्जुन एरिगैसी ने उन्हें ड्रॉ पर रोक दिया। इस मुकाबले के बाद दोनों खिलाड़ियों के 4.5-4.5 अंक हो गए। क्वीन गैंबिट डिक्लाइंड में खेले गए इस मुकाबले में खेल जल्दी ही बराबरी के क्वीन और रूख एंडगेम में पहुंच गया। कार्लसन ने जीत के लिए लगातार दबाव बनाया और अंत में दो अतिरिक्त 'एफ' और 'एच' पॉन के साथ रूख एंडिंग तक पहुंचे। हालांकि यह स्थिति सैद्धांतिक रूप से ड्रॉ मानी जाती है और कमजोर पक्ष से



सटीक खेल की मांग करती है, जिसे एरिगैसी ने बेहतरीन ढंग से निभाया और कार्लसन को पहले दिन का परफ़ेक्ट स्कोर नहीं बनाने दिया। मुंबई में हाल ही में हुई ग्लोबल चेस लीग में साधारण प्रदर्शन के बाद डी. गुकेश ने यहां शानदार वापसी की। पहले राउंड में ड्रॉ खेलने के बाद उन्होंने लगातार चार मुकाबले जीते और संयुक्त बढ़त में शामिल हो गए। डिफेंडिंग विश्व रैपिड चैंपियन, रूस के 18 वर्षीय वोलोदार मुर्ज़िन के लिए पहला दिन मुश्किल भरा रहा। वह सिर्फ दो अंक ही जुटा सके। दूसरे राउंड में उन्हें हमवतन रुडिक मकारियन के हाथों हार का सामना करना पड़ा, इसके बाद उन्होंने दो और मुकाबले गंवाए। पांचवें राउंड में जीत के साथ उन्होंने थोड़ी वापसी की, लेकिन 2/5 अंकों के साथ 2024 में न्यूयॉर्क में जीता खिताब बचाने की उनकी संभावनाएं कमजोर नजर आ रही हैं। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा की भी शुरुआत धीमी रही। अगले वर्ष होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर चुके प्रज्ञानानंदा ने पहला मुकाबला जीता, लेकिन इसके बाद दो ड्रॉ खेले। चौथे राउंड में उन्हें ब्लैक मोहरों से खुद से 150 से अधिक रेटिंग अंक कम जॉर्जिया के लेवन पांत्सुलाइया के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा, जिससे उनका दिन निराशाजनक रहा। वर्ष 2016 में दोहा में विश्व रैपिड चैंपियन रह चुके वासिल इवांचुक के खाते में भी तीन अंक हैं। उन्होंने पहले राउंड में जीत दर्ज की, लेकिन इसके बाद चार मुकाबले ड्रॉ खेले।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 से बाहर हुए जैक ड्रेपर, चोट के कारण लिया बड़ा फैसला

मेक्सिको सिटी। ब्रिटेन के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी जैक ड्रेपर ने पुष्टि की है कि वह अगले महीने होने वाले ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 में हिस्सा नहीं लेंगे। ड्रेपर ने यह फैसला अपनी चोट से पूरी तरह उबर न पाने के कारण लिया है। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज 24 वर्षीय ड्रेपर को अगस्त में यूएस ओपन के दौरान बाएं हाथ में बोन ब्रूज़िंग की समस्या हुई थी, जिसके चलते उन्हें दूसरे दौर से ही टूर्नामेंट से हटना पड़ा था। इसके बाद से वह लगातार रिकवरी प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। ड्रेपर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ड्ड पर साझा किए गए एक वीडियो में कहा, दुर्भाग्य से, मैंने और मेरी टीम ने इस साल ऑस्ट्रेलिया न जाने का फैसला किया है। यह मेरे लिए बेहद मुश्किल फैसला रहा। ब्रिटिश नंबर-1 खिलाड़ी ने बताया कि यह चोट उनके करियर की अब तक की सबसे जटिल और चुनौतीपूर्ण चोट रही है।

# महिला एचआईएल के दूसरे सत्र में घरेलू दर्शकों की मदद से दबदबा बनाना चाहेगी रांची रॉयल्स

एजेंसी

रांची। रांची रॉयल्स घरेलू दर्शकों के समर्थन का लाभ उठाकर रविवार से यहां शुरू हो रही चार टीमों की महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में दबदबा कायम करने की कोशिश करेगी जबकि जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब की नजरें खिताब अपने नाम करने पर लगी होंगी। मेजबान टीम पिछले सत्र की कुछ उथल-पुथल के बाद टूर्नामेंट में खेल रही है क्योंकि शुरूआती सत्र की विजेता ओडिशा वॉरियर्स (महिला टीम) ने पहले सत्र के बाद हटने का फैसला किया और उसके बाद उनकी जगह रांची रॉयल्स फ्रेंचाइजी ने ली। नयी रांची रॉयल्स की टीम ने कुछ प्रमुख खिलाड़ियों और मुख्य कोर को बरकरार रखते हुए दूसरे सत्र में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक नयी पहचान के साथ शुरुआत की है। यह टूर्नामेंट पूरी तरह से यहां स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा जो 'डबल राउंड-रॉबिन' प्रारूप में होगा। प्रत्येक टीम लीग चरण में अन्य टीमों से दो बार खेलेगी। इसके बाद शीर्ष दो टीमें 10 जनवरी को होने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।

एचआईएल भारत की शीर्ष खिलाड़ियों को आगे के व्यस्त अंतरराष्ट्रीय सत्र से पहले अपनी तैयारियों को परखने का मौका भी देगी। भारत के अंतरराष्ट्रीय सत्र का समापन सितंबर-अक्टूबर 2026 में जापान में होने वाले एशियाई खेलों के साथ होगा। ओडिशा वॉरियर्स ने पिछले सत्र में जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब को हराकर खिताब जीता था। नए सत्र में भी कड़ी प्रतिस्पर्धा की उम्मीद है क्योंकि राष्ट्रीय टीम के चयनकर्ता खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर नजर रखेंगे। रांची रॉयल्स और जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब के अलावा दिल्ली एसजी पाइपर्स और श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स प्रतियोगिता की अन्य टीम हैं। सभी टीमें लगभग समान रूप से मजबूत हैं जिनके पास नीदरलैंड्स, अर्जेंटीना, बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया, स्पेन और ब्रिटेन की शीर्ष विदेशी खिलाड़ी हैं। तेरह दिन तक चलने वाले इस सत्र के पहले मुकाबले में रविवार रात को रांची रॉयल्स का सामना एसजी पाइपर्स से होगा। रांची रॉयल्स की कप्तान निक्की प्रधान ने कहा, ''हमें गर्व है कि हम नए सत्र की शुरुआत अपने घरेलू मैदान रांची में कर रहे हैं जहां हॉकी के प्रति गजब का जुनून है। हमारी टीम पहले ही मैच से आक्रामक हॉकी खेलने के लिए उत्साहित है। एसजी पाइपर्स की कप्तान और भारत की सीनियर खिलाड़ी नवनीत कौर ने कहा कि उनकी टीम इस सत्र में बेहतर प्रदर्शन का लक्ष्य रखेगी। उन्होंने कहा, ''इस सत्र में एसजी पाइपर्स वापसी की मानसिकता के इरादे से खेलेगी। टीम में अंतरराष्ट्रीय अनुभव और भारतीय खिलाड़ियों का संतुलित मिश्रण है।

# प्रीमियर लीग: न्यूकैसल पर 1-0 की जीत के साथ मैनचेस्टर यूनाइटेड पाँचवें स्थान पर

एजेंसी

मैनचेस्टर। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने शुक्रवार को खेले गए साल के एकमात्र बॉक्सिंग डे मुकाबले में न्यूकैसल यूनाइटेड को 1-0 से हराकर प्रीमियर लीग अंक तालिका में पाँचवें स्थान पर छलांग लगा दी। यूनाइटेड के लिए पैट्रिक डॉर्गु ने पहले हाफ में निर्णायक गोल दागा। रूबेन अमोरिम के मार्गदर्शन में खेल रही मैनचेस्टर यूनाइटेड ने इस जीत के साथ 18 मैचों में 29 अंक हासिल कर लिए हैं। वहीं न्यूकैसल यूनाइटेड 23 अंकों के साथ 11वें स्थान पर बना हुआ है। लीग के बाकी मुकाबले शनिवार और रविवार को खेले जाएंगे। मैच का एकमात्र गोल 24वें मिनट में आया। डियोगो डालोट के लंबे थ्रो को न्यूकैसल की रक्षा पंक्ति पूरी तरह साफ नहीं कर पाई और गेंद पैट्रिक डॉर्गु के पास जा गिरी। डेनमार्क के इस खिलाड़ी ने 15 गज की दूरी से जोरदार वॉली लगाते हुए गेंद को गोलपोस्ट के निचले बाएं कोने में पहुंचा दिया। यह डॉर्गु का मैनचेस्टर यूनाइटेड के



लिए पहला गोल रहा। दूसरे हाफ में न्यूकैसल ने बराबरी के लिए जोर लगाया, खासकर अंतिम मिनटों में, लेकिन यूनाइटेड की मजबूत रक्षापंक्ति को भेदने में वह नाकाम रहा। खास बात यह रही कि मैनचेस्टर यूनाइटेड इस मैच में अपने कई अहम खिलाड़ियों के बिना उतरा था। कप्तान ब्रूनो फर्नांडीस चोट के कारण बाहर थे, जबकि ब्रायन एम्ब्यूमो और अमाद डियालो अफ्रीका कप ऑफ नेशंस में व्यस्त हैं। यह मुकाबला 43 वर्षों में बॉक्सिंग डे पर खेला गया सबसे कम प्रीमियर लीग मैचों वाला दिन भी रहा। आमतौर पर बॉक्सिंग डे पर दर्शकों को कई बड़े मुकाबले देखने को मिलते हैं, लेकिन इस बार परंपरा से हटकर सिर्फ एक ही शीर्ष स्तरीय मैच खेला गया।

# राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने 2025 में वसूले 45 करोड़ रुपये, 67 हजार शिकायतों का किया निपटान

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार की राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) ने उपभोक्ताओं के हित में महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है। इस साल हेल्पलाइन के माध्यम से 45 करोड़ रुपये वसूले गए और 67,265 उपभोक्ता शिकायतों का निपटान किया गया। जोधपुर के रमेश कुमार (नाम बदल दिया गया) ने इस साल की शुरुआत में ऑनलाइन कुर्सियां ऑर्डर की थीं। ये कुर्सियां खराब हालत में आईं। ई-कॉमर्स कंपनी ने पांच बार वापस लेने का समय दिया और हर बार उसे रद्द कर दिया। कुमार टूटे हुए फर्नीचर और घटती उम्मीदों के साथ रह गए। फिर उन्होंने 1915 डायल किया। कुमार ने बाद में राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) के हस्तक्षेप करने और कुछ दिनों के भीतर अपना पूरा रिफंड पाने के बाद लिखा, 'मेरे जैसे ठगे गए उपभोक्ताओं की मदद करने के लिए उपभोक्ता हेल्पलाइन, आपको बहुत-बहुत धन्यवाद। अप्रैल से दिसंबर 2025 के बीच 67,265 भारतीयों को इस सरकारी मंच के माध्यम से अपनी शिकायतों का समाधान मिला, जिससे कुल 45 करोड़ रुपये की वापसी हुई। वर्ष 2025 के आंकड़े भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था और उसके झंझटों की कहानी बताते हैं। ई-कॉमर्स मंच से लगभग 40,000 शिकायतें आईं और 32 करोड़ रुपये का रिफंड हुआ, जो कुल का दो-तिहाई से अधिक है। इसके बाद यात्रा और पर्यटन क्षेत्र में 3.5 करोड़ रुपये का रिफंड हुआ। बेंगलुरु में एक उपभोक्ता ने वार्षिक इंटरनेट प्लान के लिए भुगतान किया। पैसे खाते से चले गए, लेकिन इंटरनेट कनेक्शन कभी नहीं मिला। ग्राहक सेवा ने 10 कार्य दिवसों में धन वापसी का वादा किया, लेकिन चार महीने बीत गए। बार-बार कॉल करने पर केवल तैयार किए गए जवाब और माफी मिली। एनसीएच ने हस्तक्षेप किया।

# जनवरी से महंगी हो जाएंगी रेनो एवं अन्य कंपनियों की कारें

एजेंसी

नई दिल्ली। नए साल में रेनों इंडिया सहित कई कंपनियां अपनी कार की कीमतों में इजाफा करने जा रही हैं। फ्रांस की ऑटोमोबाइल कंपनी की सब्सिडियरी रेनो इंडिया ने एक जनवरी 2026 से अपनी सभी गाड़ियों के दाम में दो फीसदी तक की बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है। कंपनी ने एक बयान में बताया कि यह बढ़ोतरी अलग-अलग मॉडल और वेरिएंट पर अलग-अलग होगी। रेनो इंडिया ने कार की कीमत बढ़ाने के पीछे इनपुट लागत में बढ़ोतरी और ऑटोमोबाइल सेक्टर में चल रही मैक्रोइकोनॉमिक चुनौतियों को वजह बताया है। रेनो इंडिया ने अपने आधिकारिक बयान में कहा है कि वह भारतीय ग्राहकों को बेहतर उत्पाद और सर्विस देने के साथ-साथ प्रतिस्पर्धी कीमतें बनाए रखने पर ध्यान दे रही है। रेनो इंडिया, फ्रांस की रेनो समूह की पूर्ण स्वामित्व वाली सब्सिडियरी कंपनी है, जो भारतीय बाजार में 3 मॉडल्स- क्विड, ट्राइबर और काइगर के साथ अपनी मौजूदगी बनाए है। कंपनी का फोकस किफायती, प्रैक्टिकल और वैल्यू-ओरिएंटेड फीचर्स पर है, जो अलग-अलग ग्राहक वर्गों की जरूरतों के हिसाब से तैयार किए गए हैं। रेनो ने यह भी कहा कि जो



ग्राहक गाड़ी खरीदने की योजना बना रहे हैं, वे दिसंबर 2025 के अंत तक मौजूदा कीमतों पर गाड़ी खरीद सकते हैं। इसके अलावा भारत में कई ऑटोमोबाइल कंपनियां जैसे मर्सिडीज-बेंज, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया, निसान, बीएमडब्ल्यू मोटरराड और अन्य ने भी नए साल से पहले महंगाई, सप्लाई चेन लागत और रेगुलेटरी बदलावों के चलते कीमतों में बढ़ोतरी का ऐलान किया है। जेएसडब्ल्यू-एमजी और मर्सीडीज बेंज के बाद निसान मोटर इंडिया ने भी अपनी कारों की कीमत बढ़ाने का ऐलान किया है। एक जनवरी 2026 से निसान की कारों के दाम तीन फीसदी तक बढ़ जाएंगे। वर्तमान में कंपनी भारतीय बाजार में एकमात्र कार मैग्नाइट बेच रही है।

### प्रधानमंत्री कार्यालय ने मनरेगा खत्म करने का फैसला कैबिनेट से बिना पूछे कियाः राहुल

# मनरेगा खत्म कर मोदी सरकार ने गरीबों की पीठ में छुरा घोंपा : खरगे

एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को खत्म करने के खिलाफ देशभर में अभियान चलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पांच जनवरी से पूरे देश में 'मनरेगा बचाओ अभियान' शुरू करेगी। वहीं, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने खरगे की इस अपील का समर्थन किया है।

कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के बाद खरगे ने बताया कि इस बैठक में कांग्रेस नेताओं ने मनरेगा को बचाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि पार्टी इस मुद्दे पर जनता के बीच जाएगी और सरकार के फैसले का विरोध करेगी। खरगे ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं है, बल्कि यह संविधान की ओर से दिया गया काम करने का अधिकार है। इसे कमजोर या खत्म करना गरीबों और मजदूरों के अधिकारों पर सीधा हमला है। उन्होंने यह भी कहा कि मनरेगा को खत्म करने के फैसले से लोग नाराज हैं और सरकार को इसके नतीजे भुगतने पड़ेंगे। खरगे के अनुसार, कांग्रेस इस मुद्दे पर चुप नहीं बैठेगी और लोकतांत्रिक तरीके से विरोध जारी रखेगी।



खरगे ने कहा कि मनरेगा को खत्म किए जाने के खिलाफ देशव्यापी अभियान चलाने की जरूरत है। उन्होंने तीन कृषि कानूनों का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस तरह कड़े विरोध के बाद सरकार को वे कानून वापस लेने पड़े थे, उसी तरह मनरेगा के मामले में भी जनता की आवाज उठेगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों को सीमित करने की एक 'सुनियोजित साजिश' है। उन्होंने कहा कि यह बैठक ऐसे समय में हो रही है, जब देश में लोकतंत्र, संविधान और नागरिकों के अधिकारों पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है।

खरगे ने कहा, मनरेगा यूपीए सरकार का एक दूरदर्शी कानून था, जिसकी सराहना पूरी दुनिया में हुई। उन्होंने कहा कि इस योजना का असर इतना बड़ा था कि इसका नाम महात्मा गांधी के नाम पर रखा गया। उन्होंने आरोप लगाया कि (केंद्र की नरेंद्र) मोदी सरकार ने बिना किसी अध्ययन, मूल्यांकन या राज्यों और राजनीतिक दलों से सलाह लिए इस कानून को रद्द कर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार ने ऐसा ही तरीका तीन कृषि कानूनों के साथ अपनाया था। उन्होंने कहा कि मनरेगा को खत्म करने के खिलाफ पूरे देश में आंदोलन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले का हर जगह विरोध होना चाहिए और इसके लिए 2015 में जमीन अधिग्रहण कानून में किए गए बदलावों को वापस लेने का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा, यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है कि मनरेगा को लेकर ठोस योजना बनाएं और देशभर में जन अभियान शुरू करें।

उन्होंने कहा, राहुल (गांधी) जी ने वोट चोरी को लेकर कई उदाहरण और तथ्य सामने रखे हैं। भाजपा और चुनाव आयोग के बीच मिलीभगत है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे मतदाताओं के नाम न हटाए जाएं। खासकर दलितों, आदिवासियों, अत्यंत पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यकों के नाम न तो हटाए जाएं और न ही दूसरे मतदान केंद्रों में स्थानांतरिक किए जाएं। इसके लिए हमारे बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को घर-घर जाना होगा। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों की भी निंदा की और कहा कि पूरा देश इसे लेकर चिंतित है। खरगे ने यह भी कहा कि कथित तौर पर भाजपा और आरएसएस से जुड़े संगठनों की ओर से क्रिसमस डे के आयोजनों पर किए गए हमलों से सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ा है और इससे दुनिया में भारत की छवि खराब हुई है। वहीं, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि मनरेगा को खत्म करना अधिकार पर आधारिक प्रणाली और देश के संघीय ढांचे पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि यह फैसला गरीबों और राज्यों के अधिकारों को कमजोर करता है। राहुल गांधी ने कहा कि मनरेगा केवल एक रोजगार योजना नहीं थी, बल्कि यह एक विकास का ढांचा था, जिसकी सराहना पूरी दुनिया में की गई थी। इस योजना ने ग्रामीण भारत को मजबूती दी और लोगों को सम्मान के साथ काम करने का अधिकार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने बिना अपने मंत्रिमंडल से सलाह लिए और बिना किसी अध्ययन के मनरेगा को एकतरफा तरीके से खत्म कर दिया। राहुल गांधी ने कहा कि इतना बड़ा फैसला सोच-समझकर और चर्चा के बाद लिया जाना चाहिए था। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को खत्म करने का फैसला सीधे प्रधानमंत्री कार्यालय ने किया और ऐसा करते समय कैबिनेट एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से विचार-विमर्श नहीं किया गया। राहुल गांधी ने इसे राज्यों और गरीब लोगों पर किया गया घातक हमला बताया। उन्होंने कहा कि यह कदम भी उसी तरह एकतरफा है, जैसे पहले नोटबंदी का फैसला लिया गया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस फैसले का विरोध करेगी और इसके खिलाफ लड़ाई लड़ेगी। राहुल गांधी ने भरोसा जताया कि इस मुद्दे पर पूरा विपक्ष एकजुट होकर सरकार के इस कदम के खिलाफ खड़ा होगा।

# राहुल गांधी भारत विरोध के स्थायी प्रतिनिधि : भाजपा

एजेंसी

नई दिल्ली। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा। भाजपा सांसद ने राहुल गांधी पर भारत विरोधी गठबंधन का हिस्सा होने का आरोप लगाया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, 'सैम पित्रोदा ने कल एक इंटरव्यू में कहा, कांग्रेस पार्टी ग्लोबल प्रोग्रेसिव अलायंस का हिस्सा है और उसी में भाग लेने के लिए राहुल गांधी जर्मनी गए थे। सैम पित्रोदा ने कहा कि राहुल गांधी इस अलायंस के सह-अध्यक्ष हैं और वे खुद इसके सदस्य हैं।' भाजपा ने कहा कि ग्लोबल प्रोग्रेसिव अलायंस भारत विरोधी गतिविधियों से जुड़ा है।

भाजपा ने सवाल उठाते हुए कहा कि जब सैम पित्रोदा से सवाल किया गया कि आप जॉर्ज सोरोस से जुड़े लोगों के साथ उठते बैठते हैं, जिस पर पित्रोदा ने कहा- हमें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। इस पर भाजपा ने कांग्रेस पार्टी से सवाल किया कि आपको किसकी परवाह है? किसके दबाव में राहुल गांधी विदेश जाते हैं? भाजपा ने सवाल किया कि क्या आप भारत विरोधी वैश्विक गठबंधन के सदस्य बन गए हैं? सैम पित्रोदा ने ये बात स्वीकार की है।

भाजपा ने कहा, 'हाल ही में राहुल गांधी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से उनकी मुलाकात न होने पर आपत्ति जताई थी। लेकिन मुलाकात सिर्फ मेजबान देश ही तय नहीं करता, बल्कि मेहमान देश भी तय करता है। राहुल गांधी से पूछना चाहते हैं अभी आप जर्मनी गए थे, तो उन्होंने एक संस्थान में भारत विरोधी बयान दिया, लेकिन वह संस्थान रूस में प्रतिबंधित है।' जॉर्ज सोरोस का जिक्र कर भाजपा ने कहा, '23 जनवरी 2020 को दावोस में जॉर्ज सोरोस ने कहा था कि दुनिया में सिविल सोसाइटी को फिर से स्थापित करने के लिए और राष्ट्रवादी ताकतों को हराने के लिए 10 लाख डॉलर का फंड खर्च करने का एलान किया था और प्रधानमंत्री मोदी का नाम साफ तौर पर लिया था। इससे ये साफ है कि राहुल गांधी को कांग्रेस पार्टी के द्वारा सत्ता पाने की संभावनाएं खत्म होती नजर आ रही हैं, इसलिए वे भारत विरोधी ताकतों की मदद से सत्ता पाने का दिवा-स्वप्न देख रहे हैं। भाजपा ने कांग्रेस की संगठनात्मक कमजोरी पर सवाल उठाए और आईना दिखाते हुए कहा कि कांग्रेस की संगठन के स्तर पर कोई बैठकें या प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं होते, जबकि भाजपा में समय-समय पर संगठन के स्तर पर बैठकों का जिक्र किया। सुधांशु त्रिवेदी ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की स्थिति उस बल्लेबाज जैसी है।

# विद्यालयों का स्तर ऊंचा उठाकर प्रतिभा को निखारना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी : विजेंद्र

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा है कि विद्यालयों के स्तर को ऊंचा उठाकर उनकी प्रतिभा को निखारना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

श्री गुप्ता ने शनिवार को रोहिणी सेक्टर১8 स्थित दिल्ली नगर निगम विद्यालय में नवनिर्मित स्मार्ट कक्षाओं का उद्घाटन करने के बाद कहा कि स्मार्ट कक्षाएं केवल तकनीक तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह हमारे बच्चों की प्रतिभा को निखारने और सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था में अभिभावकों का विश्वास पुनः स्थापित करने का माध्यम हैं। उन्होंने नगर निगम विद्यालयों के पुनरुत्थान की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि पूर्व में नगर निगम द्वारा लगभग 2,000 विद्यालय संचालित किए जाते थे, जिनमें करीब नौ लाख विद्यार्थी अध्ययनरत थे, जबकि वर्तमान में विद्यालयों की संख्या घटकर लगभग 1,500 रह गई है और छात्र संख्या लगभग 6.58 लाख रह गई है। उन्होंने कहा, ''आंकड़ों पर बहस करने के बजाय हमें वर्तमान वास्तविकता और हमारे बच्चों के भविष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। ये बच्चे प्रतिभाशाली, सक्षम और संभावनाओं से भरे हैं। विद्यालयों के स्तर को ऊंचा उठाकर उनकी प्रतिभा को निखारना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। विधान सभा अध्यक्ष ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों में भी निजी विद्यालयों की बढ़ती प्राथमिकता पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे सरकारी शिक्षा व्यवस्था में घटते विश्वास का संकेत बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा का बढ़ता व्यावसायीकरण इस स्थिति का प्रमुख कारण है। उन्होंने कहा, ''नगर निगम विद्यालय अभिभावकों की पहली पसंद बनने चाहिए। यहां शिक्षा निःशुल्क है, सुविधाएं निःशुल्क हैं और पांचवीं कक्षा तक की प्राथमिक शिक्षा बच्चे के जीवन की आधारशिला होती है। स्मार्ट कक्षाओं और बेहतर शैक्षणिक वातावरण के माध्यम से हम इस धारणा को बदल सकते हैं और अभिभावकों का विश्वास पुनः प्राप्त कर सकते हैं। श्री गुप्ता ने शिक्षकों, विद्यालय प्रशासन और सामुदायिक सहभागिता की भूमिका को भी अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने आरडब्ल्यूए एवं स्थानीय नागरिकों से विद्यालयों का भ्रमण करने, शैक्षणिक गतिविधियों में सहभागिता करने तथा विद्यार्थियों की प्रगति को प्रत्यक्ष रूप से देखने का आह्वान किया।

## मेहनतकशों के लिए सम्मान, सहारा है अटल कैंटीन : रेखा गुप्ता

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह अटल कैंटीन की पहल दिल्ली के निर्माण और संचालन में जुटे हमारे मेहनतकश भाइयों और बहनों के लिए सम्मान और सहारा है। श्रीमती गुप्ता ने शनिवार को यहां शालीमार बाग में अटल कैंटीन का उद्घाटन करने के बाद कहा, ''शालीमार बाग में आज अटल कैंटीन का शुभारंभ किया और वहीं भोजन भी किया। अटल कैंटीन में मात्र पांच रुपये में गरम और पौष्टिक भोजन उपलब्ध है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के अंत्योदय के विचार से प्रेरित यह पहल दिल्ली के निर्माण और संचालन में जुटे हमारे मेहनतकश भाइयों और बहनों के लिए सम्मान और सहारा है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार शालीमार बाग के सर्वांगीण विकास के लिए क्षेत्र में निरंतर मूलभूत सुविधाओं का विस्तार कर रही है।

# नये ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून पर कांग्रेस का शोर केवल राजनीति है: शिवराज चौहान

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कहा कि ग्रामीण रोजगार गारंटी का कानून पहले से बेहतर तथा पिछड़ी ग्राम पंचायतों के लिए अधिक फायदेमंद है और इसके विरुद्ध ' कांग्रेस का शोर सिर्फ राजनीतिक है।'

श्री चौहान ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'हर पंचायत एक जैसी नहीं है। जो पंचायतें सबसे अधिक पिछड़ी हैं, जहाँ आज भी रोज़गार की सख्त आवश्यकता है और बुनियादी ढाँचे की कमी है, वहाँ अधिक निधि, अधिक सहायता और अधिक अवसर पहुँचें, इसकी भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि , ' कांग्रेस के पास न नीयत थी, न नीति। यह वही कांग्रेस है जिसने चुनावी फ़ायदे के लिए इस योजना के साथ महात्मा गांधी जी का नाम जोड़ा। यह वही कांग्रेस है, जिसने समय-समय पर मनरेगा का बजट कम किया। यह वही कांग्रेस है, जिसने मजदूरी फ्रीज की। आज कांग्रेसी घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस कार्यसमिति की नयी दिल्ली में हुई बैठक में 'मनरेगा' की जगह बनाये गये 'विकसित भारत जी राम जी' कानून को गरीब विरोधी तथा राज्यों के विरुद्ध बताते हुए इस के लिए आंदोलन चलाने का प्रस्ताव पारित किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संवाददाताओं से कहा है कि मोदी सरकार ने गरीबों को दबाने और कुचलने के लिए मनरेगा को खत्म कर नया कानून बनाया है और इसके खिलाफ कांग्रेस 5 जनवरी से पूरे देश में बड़े स्तर पर व्यापक आंदोलन शुरू करेगी।



केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा , '' आज जब तकनीक, पारदर्शिता और समय पर भुगतान के ज़रिये यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि पैसा सीधे मेहनतकश के खाते में पहुँचे, तो कांग्रेस को इसमें हमला नज़र आता है। इस योजना में तय किया गया है कि फैसले अब दिल्ली से नहीं, बल्कि गाँव से निकलेंगे। ग्राम पंचायतें बैठ कर अपने प्लान स्वयं बनायेंगी। उन्होंने कहा कि इस योजना में रोजगार गारंटी बढ़ायी गयी है और एक ग्रामीण परिवार को साल में 125 दिन के काम की गरंटी दी गयी जो अब तक 100 दिन की थी। तय समय में काम न मिलने पर बेरोज़गारी भत्ता देने और मज़दूरी भुगतान में देरी पर मुआवज़े का प्रावधान है। इस तरह नये कानून में , ''साफ है रोजगार सुरक्षा घट नहीं रही, बल्कि बढ़ रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा , ' ग्राम सभा और पंचायत के अधिकार कमजोर नहीं, बल्कि और सशक्त हो रहे हैं। कार्यों की पहचान और उनकी प्राथमिकता ग्राम सभा तय करेगी। क्रियान्वयन, निगरानी और गुणवत्ता की ज़िम्मेदारी स्थानीय स्तर पर सुनिश्चित की गई है। साथ ही सोशल ऑडिट को अनिवार्य बनाकर खर्च और भुगतान की सार्वजनिक समीक्षा का प्रावधान किया गया है। महिलाओं, स्वयं सहायता समूहों और समुदाय की सक्रिय भागीदारी पर विशेष बल दिया गया है।'' उन्होंने कहा कि जो पंचायतें सबसे अधिक पिछड़ी हैं, जहाँ रोजगार की ज्यादा जरूरत है वहां के लिए अधिक निधि, अधिक सहायता और अधिक अवसर सुलभ कराने की व्यवस्था की गई है। कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा, ' इस योजना में मज़दूरों के अधिकार किसी खैरात की तरह नहीं, बल्कि सम्मानजनक सुरक्षा के रूप में सुनिश्चित किए गए हैं। अपने ही गाँव में समय पर काम, सम्मानजनक मज़दूरी और सुरक्षित कार्य-स्थितियाँ इसका आधार हैं। पारदर्शी और समयबद्ध भुगतान, परिसंपत्तियों के निर्माण और आजीविका से जुड़े कार्यों के माध्यम से स्थायी आय वृद्धि पर विशेष ध्यान दिया गया है। यहाँ अधिकार दया पर नहीं, गारंटी और सम्मान के साथ दिए जा रहे हैं।

# घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या नवंबर में पहली बार डेढ़ करोड़ के पार

एजेंसी

नयी दिल्ली, 27 दिसंबर (वार्ता) घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या इस साल नवंबर में सालाना आधार पर 6.92 प्रतिशत बढ़कर एक करोड़ 52 लाख 38 हजार पर पहुंच गयी।

यह पहली बार है जब किसी एक महीने में डेढ़ करोड़ से अधिक लोगों ने हवाई यात्रा की है। इससे पहले अधिकतम आंकड़ा दिसंबर 2024 में दर्ज किया गया था जब एक करोड़ 49 लाख 28 हजार लोगों ने हवाई यात्रा की थी।

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस साल जनवरी से नवंबर तक 11 महीने में कुल 15 करोड़ 26 लाख 35 हजार लोगों ने हवाई यात्रा की है। यह पिछले साल की समान अवधि से 4.26 प्रतिशत अधिक है।

खास बात यह है कि नवंबर में यह रिकॉर्ड तब बना है जब इस साल दीपावली और छठ के पर्व अक्टूबर में ही समाप्त हो चुके थे, जब अमूमन मांग काफी अधिक होती है।

आंकड़ों के अनुसार, भरी सीटों का अनुपात (पीएलएफ) के मामले अकासा एयर 93.8 प्रतिशत के साथ पहले स्थान पर रही। इंडिगो 88.7 प्रतिशत के साथ दूसरे और स्पाइसजेट 87.7 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रही। एयर इंडिया समूह का पीएलएफ 87.5 प्रतिशत और इंडियावन एयर का 82.7 प्रतिशत रहा।

यात्री संख्या के मामले में नवंबर में इंडिगो और अकासा की बाजार हिस्सेदारी घट गयी जबकि एयर इंडिया समूह (एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस) और स्पाइसजेट की बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि हुई। इंडिगो की बाजार हिस्सेदारी अक्टूबर के 65.6 प्रतिशत के कम होकर 63.6 प्रतिशत रह गयी। एयर इंडिया समूह की हिस्सेदारी 26.7 प्रतिशत, अकासा की 4.7 प्रतिशत और स्पाइसजेट की 3.7 प्रतिशत रही।

देश के छह मेट्रो शहरों दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में समय पर उड़ान भरने के मामले में अकासा एयर 72.2 प्रतिशत के साथ पहले स्थान पर रही। एयर इंडिया समूह की 69.1 प्रतिशत उड़ानें, इंडिगो की 69 प्रतिशत, अलायंस एयर की 59 प्रतिशत और स्पाइसजेट की 48.4 प्रतिशत समय पर रवाना हुईं।

समय पर उड़ानों को रवाना करने के मामले में 86.4 प्रतिशत के साथ चेन्नई एयरपोर्ट पहले स्थान पर रहा। इसके बाद क्रमशः बेंगलुरु एयरपोर्ट से 78.6 प्रतिशत, हैदराबाद से 75.5 प्रतिशत, कोलकाता से 74.4 प्रतिशत, दिल्ली से 62.2 प्रतिशत और मुंबई से 50.1 प्रतिशत उड़ानें समय पर रवाना हुईं।

# पेज एक का शेष

## उत्तर प्रदेश पुलिस के...

विभाग में बीट पुलिसिंग, एण्टी रोमियों स्कॉयड जैसे इंक्रीमेन्टल परिवर्तनों के माध्यम से आम जनमानस में पुलिस के प्रति विश्वास का वातावरण निर्मित हुआ है तथा पुलिस के बारे में परसेप्शन में सुधार हुआ है। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य की पुलिस व्यवस्था में अभूतपूर्व सुधार हुए हैं। वर्ष 2017 से अब तक 02 लाख 19 हजार पुलिस कार्मिकों की भर्ती की गयी है। पुलिस कार्मिकों की प्रशिक्षण क्षमता कई गुना बढ़ी है। आधारभूत अवसंरचना में सुधार हुआ है। उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीक के प्रयोग के मामले में देश के अनेक राज्यों में अग्रणी स्थान पर है। डीजीपी ने कहा कि इस दो दिवसीय सम्मेलन में पहले दिन 07 सत्र आयोजित किये जायेंगे,जिनमें बीट पुलिसिंग; महिलाओं, बच्चों के प्रति अपराध तथा मानव तस्करी विरोधी अभियान, थाना प्रबन्धन एवं उन्नयन, साइबर अपराध, मानव संसाधन विकास, कल्याण, पुलिस व्यवहार एवं प्रशिक्षण, अभियोजन एवं कारागार, सीसीटीएनएस 2.0, न्याय संहिता एवं फॉरेंसिक विषयों पर केंद्रित होंगे। सम्मेलन के दूसरे दिन आपदा प्रबन्धन, सिविल डिफेंस एवं होमगार्ड्स; विशाल जनसमूह प्रबन्धन, इण्टेलीजेंस एवं उभरती चुनौतियां जैसे सोशल मीडिया, गैर-सरकारी संगठन और नेपाल सीमा, आतंकवाद निरोधक, मादक पदार्थ, गौ-तस्करी व संगठित अपराध पर केन्द्रित 04 सत्र आयोजित होंगे।

## मेरिट के आधार पर...

थाने कारपोरेट लुक में दिखने चाहिए मुख्यमंत्री ने पुलिस के बुनियादी ढांचों पर भी चर्चा की। कहा कि गांव से लेकर शहर के थानों में इस तरह की व्यवस्था होनी चाहिए, जिससे थाने कारपोरेट लुक में दिखे। कहा कि स्मार्ट पुलिसिंग के लिए पुलिस विभाग के पास बजट की कमी नहीं है। थानों से लेकर अधिकारियों के कार्यालय तक आधुनिक तकनीक की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने पुलिस कमिश्नरेट के भवन के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। पुलिस इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार को होरिजेंटल की जगह वर्टिकल दिशा में बढ़ाने को कहा। थानों में बेहतर पार्किंग हो योगी आदित्यनाथ ने कहा कि थानों में पार्किंग का बेहतर इंतजाम होना चाहिए। इससे यहां आने वालों को परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी। थानों में जब्त वाहनों का रखरखाव सही से होना चाहिए। साथ ही फरियादियों के बैठने का इंतजाम भी ठीक दिखना चाहिए।

## वैक्सीन अभयरैब पुरी...

आपूर्ति में सुरक्षा, असर और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाता है। कंपनी की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है,''ऑस्ट्रेलिया के स्वास्थ्य विभाग की ओर से 'हाल ही में जारी एक एडवाइजरी (परामर्श संबंधी सार्वजनिक सूचना) में कुछ बातें कही गयी थी जिन्हें कंपनी ने 'आवश्यकता से अधिक सावधान करने वाला और असंगत' पाया है। मूल रूप से ये बातें ऑस्ट्रेलिया के लिए थीं, लेकिन गलत तरीके से भारत पर भी उसे लागू कर दिया गया है। आईआईएल ने कहा है, ' यह साफ करना ज़रूरी है कि 'अभयरैब' को आईआईएल ने वैश्विक और राष्ट्रीय विनियामकीय मानकों का सख्ती से अनुपालन करते हुए बनाया है और इसे दो दशकों से ज़्यादा समय से पूरे भारत और कई अंतराष्ट्रीय बाजारों में सुरक्षित रूप से इस्तेमाल किया जा रहा है। बयान में यह भी कहा गया है कि कंपनी ने नकली वैक्सीन के मुद्दे की खुद पहचान कर के जनवरी 2025 में इस मामले को अधिकारियों और विनियामक एजेंसियों को बताया था। कंपनी नकली वैक्सीन बनाने और बांटने में शामिल लोगों के खिलाफ जल्द कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग कर रही है। कंपनी ने कहा है कि अभयरैब सहित उसकी सभी वैक्सीन गुणवत्ता की कड़ी जांच से हो कर निकाली जाती है और उन्हें सार्वजनिक रूप से जारी करने से पहले केंद्रीय औषधि नियंत्रण प्रयोगशाला के उनकी बैच वार जांच की जाती है। इस हफ्ते की शुरुआत में आस्ट्रेलिया में टीकाकरण पर तकनीकी परामर्श समूह ने एक चेतावनी जारी की थी कि एक नवंबर, 2023 से भारत में अभयरैब वैक्सीन के एक नकली बैच के बाजार में बेचे जाने के बारे में था।

## दिग्विजय सिंह ने ...

था, घोर विरोधी हूं और रहूंगा। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने कार्य समिति की बैठक में विकेंद्रीकरण की पैरवी की है, सिंह ने कहा, ''मुझे जो कहना था, वो मैंने बैठक के दौरान कह दिया। उन्होंने यह भी कहा, ''क्या संगठन को मजबूत करना या उसकी तारीफ करना, क्या बुरी बात है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ''अगर आप मुख्यमंत्री और प्रदेश कंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के तौर पर मेरे कार्यकाल को देखेंगे तो पाएंगे कि मैंने विकेंद्रीकृत तरीके से काम किया। यह मेरा विचार है।''

## उच्च स्तरीय जांच...

को परेशानी का सामना करना पड़ा। हजारों की संख्या में यात्री चेक-इन के बाद कई-कई घंटे तक हवाई अड्डे पर फंसे रहे। सबसे ज्यादा परेशानी 05 अक्टूबर को हुई जब 1,500 से अधिक उड़ानें रद्द रहीं। समिति को रिपोर्ट सौंपने के लिए 15 दिन का समय दिया गया था। समिति ने शुक्रवार शाम अपनी रिपोर्ट सौंप दी है।

## प्रदेश में शीतलहर...

सरकार द्वारा तकनीक का भी व्यापक उपयोग किया जा रहा है। राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा सचेत ऐप एवं वेब पोर्टल के माध्यम से अब तक 33.27 करोड़ अलर्ट एसएमएस जारी किए जा चुके हैं। ये संदेश प्रभावित जनपदों के अधिकारियों के साथ-साथ आम जनमानस को भी भेजे गए हैं। इसके अतिरिक्त संबंधित विभागों जैसे यूपीडा, एनएचएआई और पीडब्ल्यूडी द्वारा जिलाधिकारियों एवं जिला पुलिस को ई-मेल के माध्यम से कोहरे से संबंधित अलर्ट लगातार जारी किए जा रहे हैं।

## सरकारी कर्मियों ...

कि आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के साथ ही उन्हें पंडित दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस योजना के लाभार्थियों को भी मुफ्त इलाज देना है। इसमें हीला-हवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जांच में पुष्टि होने पर ऐसे अस्पतालों की संबद्धता खत्म की जाएगी।

## उत्तर प्रदेश में ...

स्पष्ट संदेश है कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब गांव मजबूत होंगे और हर हाथ को काम मिलेगा। इसी सोच के साथ प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि योजनाएं सिर्फ कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि हर जरूरतमंद तक पहुंचें। यह अभियान न केवल रोजगार के अवसर बढ़ाएगा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देकर आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम साबित होगा।

## गणतंत्र दिवस पर...

कि उत्तर प्रदेश के स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी इन सभी दीदियो का गणतन्त्र दिवस के अवसर पर विशेष अतिथि के रूप मे जाना उत्तर प्रदेश के लिए,खासतौर से स्वंय सहायता समूहो के लिए गौरव की बात है। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इन दीदियो को दिल्ली ले जाने के लिये सभी आवश्यक व्यवस्थायें पहले से ही सुनिश्चित कर ली जायें। गौरतलब है कि ऋतु हलदर और सुमन रानी बिजनौर की स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के तैयार उत्पादों के साथ-साथ जिले का पारंपरिक वुड क्राफ्ट भी दिल्ली ले जायेंगी। कभी आर्थिक तंगी और पारिवारिक कठिनाइयों से जूझ रहीं ऋतु और सुमन आज सफल महिला उद्यमी हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर उन्होंने न केवल अपनी आजीविका का साधन विकसित किया, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। उनकी मेहनत और उपलब्धियों को देखते हुए प्रशासन ने दोनों को 'लखपति दीदी क्लब' में शामिल किया है। सुमन रानी ग्राम अब्दुल्लापुर (ब्लॉक-हलदौर) की निवासी हैं, जिन्होंने सीमित आय और बढ़ती पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच हार न मानते हुए आत्मनिर्भर बनने का सपना देखा। बी ए तक शिक्षित सुमन ने स्वयं सहायता समूह से जुड़कर बचत की शुरुआत की और ग्राम्य विकास विभाग की सीएलएफ योजना के तहत लेखाकार के रूप में कार्य किया। मेहनत और आत्मविश्वास ने उन्हें नई पहचान दिलाई और आज वे विवेक विश्वविद्यालय परिसर स्थित 'विदुर कैफ़े' का सफल संचालन करते हुए प्रतिदिन 3 से 4 हजार रुपये की आय अर्जित कर रही हैं। ग्राम घासीवाला (ब्लॉक-मोहम्मदपुर देवमल) की ऋतु हलदर ने भी संघर्ष को अपनी ताकत बनाया। 12वीं तक पढ़ी ऋतु ने स्वयं सहायता समूह से जुड़कर नेतृत्व की जिम्मेदारी संभाली और समूह अध्यक्ष के रूप में आगे बढ़ीं। आत्मनिर्भर बनने की ललक ने उन्हें दोबारा पढ़ाई की राह दिखाई और वर्तमान में वे बीए की पढ़ाई कर रही हैं। आज वे अपनी सहयोगी माया चक्रवर्ती के साथ नजीबाबाद रोड स्थित वर्धमान कॉलेज के पास 'विदुर कैफ़े' चला रही हैं, जहां से वे प्रतिदिन 3 से 4 हजार रुपये तक की आय अर्जित कर न केवल अपने परिवार को संबल दे रही हैं, बल्कि अनेक महिलाओं के लिए उम्मीद और प्रेरणा भी बन चुकी हैं।

# मुख्यमंत्री नीतीश ने बिहार संग्रहालय व पटना संग्रहालय को जोड़ने वाली निर्माणाधीन टनल का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को बिहार संग्रहालय और पटना संग्रहालय को आपस में जोड़ने वाली निर्माणाधीन टनल (म्यूज़ियम सब-वे) का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित विभाग के अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए।



नेहरू पथ के समीप हड़ताली मोड़ स्थित इस निर्माणाधीन टनल के निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को परियोजना की वर्तमान स्थिति और प्रगति की विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण कार्य समयबद्ध और बेहतर तरीके से पूरा होना चाहिए। टनल के बन जाने से पर्यटक बिहार संग्रहालय और पटना संग्रहालय में लगे प्रदर्शों का आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाकर अवलोकन कर सकेंगे, जिससे लोगों की सुविधा बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना के पूरा होने के बाद पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इसे ध्यान में रखते हुए पार्किंग, सुरक्षा और अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि टनल का निर्माण इस प्रकार कराया जाए, जिससे नेहरू पथ पर यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो और आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। टनल निरीक्षण से पूर्व मुख्यमंत्री ने बिहार संग्रहालय के सामने पुनर्विकसित किए जा रहे 60 आवास एवं ऑफिसर्स हॉस्टल कैंपस के निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। अधिकारियों ने साइट प्लान के माध्यम से मुख्यमंत्री को बताया कि यहां 11 मंजिला बहुमंजिला भवन का निर्माण किया जाना है। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी कि इस नए परिसर में सोलर पार्किंग शेड, ओपन पार्किंग, क्लब हाउस सहित आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अलावा यहां पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य को तेज गति से आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की पहले से यह मंशा रही है कि पुराने स्ट्रक्चर को हटाकर एक आधुनिक, सुविधासंपन्न बहुमंजिला इमारत का निर्माण किया जाए। नेहरू पथ के किनारे इस बहुमंजिला भवन के बन जाने से आवासन की बेहतर और व्यवस्थित सुविधा उपलब्ध होगी।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उत्तम नगर में अटल गार्डन विकास कार्यों की रखी नींव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश वर्मा के साथ उत्तम नगर में अटल गार्डन के विकास कार्यों की आधारशिला रखी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह पार्क परिवारों, बच्चों, बुजुर्गों और युवाओं के लिए एक सुंदर और सुलभ स्थान बनेगा, जहां सभी लोग गुणवत्तापूर्ण समय बिता सकेंगे।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि अटल गार्डन परियोजना पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के उस विचार से प्रेरित है, जिसमें विकास प्रकृति और संस्कृति के साथ संतुलन बनाकर किया जाता है। उन्होंने बताया कि नजफगढ़ नाले के पास स्थित उपेक्षित भूमि को एक आकर्षक और आधुनिक पार्क में बदला जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि अटल गार्डन में तालाब, छठ घाट, 12 फीट ऊंची अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा और आकर्षक फाउंटेन लगाए जाएंगे। इसके साथ ही हरियाली, लैंडस्केपिंग, खुले प्लाजा, वॉकिंग पाथवे, एम्फीथिएटर, बच्चों के लिए प्लेग्राउंड और फूड कोर्ट की सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। पार्क में पब्लिक स्टेज, शौचालय और सुरक्षा की समुचित व्यवस्था भी की जाएगी। वहीं, पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि उत्तम नगर के लोगों की लंबे समय से एक अच्छे पार्क की मांग थी। दिल्ली सरकार ने इसके लिए 10 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया है और विकास कार्य शुरू हो चुका है, जो अगले चार महीनों में पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह स्थान जल्द ही उत्तम नगर का एक प्रमुख दर्शनीय स्थल बनेगा। साथ ही क्षेत्र में पानी और सीवर से जुड़े कई अन्य विकास कार्य भी चल रहे हैं। पीडब्ल्यूडी मंत्री ने पिछली सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि लंबे समय तक उत्तम नगर में कोई ठोस विकास कार्य नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि बची हुई जमीन पर अतिक्रमण होता रहा और यदि पिछली सरकार चाहती तो यहां बेहतर सुविधाएं विकसित की जा सकती थीं, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### सर्दियों से जानवरों की सुरक्षा के लिए छतबीर चिड़ियाघर में रूम हीटर, हीट कन्वर्टर लगाये

**चंडीगढ़।** पंजाब के कैबिनेट मंत्री लाल चंद कटारुचक ने शनिवार को बताया कि सर्दियों और खराब मौसम की स्थिति को देखते हुए, पंजाब के वन और वन्यजीव संरक्षण विभाग ने छतबीर के महेंद्र चौधरी जूलॉजिकल पार्क में जानवरों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करने के लिए विशेष उपाय किये हैं। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि मांसाहारी जानवरों के लिए, सभी बाघों, तेंदुओं, शेरों और अन्य छोटी बिल्लियों के रात के शेल्टर में रूम हीटर और हीट कन्वर्टर लगाये गये हैं। सभी खिड़कियों और दरवाजों को पॉलीथीन शीट या फाइबर शीट और सरकंडा घास की छत से ढका गया है। बूढ़े और छोटे जानवरों के लिए विशेष तापमान नियंत्रण की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने कहा कि सभी शाकाहारी जानवरों के बाड़ों में बाइंडिंग तार और रस्सियों की मदद से अस्थायी शेल्टर/ झोपड़ी बनायी गयी है, जिसमें वाटर प्रूफ व्यवस्था (छत में काली तिरपाल) की सुविधा है। सभी शाकाहारी जानवरों को आरामदायक फर्श के लिए धान का पुआल और गेहूं की भूसी का बिस्तर दिया गया है। पक्षियों के पिंजरों को हवा की ठंड और सर्दियों की बारिश से बचाने के लिए फाइबर के कपड़े, जूट की चटाई और पॉलीथीन शीट से कसकर ढका गया है। सभी पक्षियों को गर्म घोंसले के लिए धान का पुआल, गेहूं की भूसी और चावल की भूसी का बिस्तर दिया गया है। पक्षियों के पिंजरों के सामने का हिस्सा मोड़ने योग्य है, ताकि ज़रूरत पड़ने पर धूप के लिए खोला जा सके। सभी तीतरों के पिंजरों को आरामदायक माहौल के लिए घास/धान/कन्ना की संरचना से सजाया गया है। इसके अलावा, सरीसृप घर को ऑयल फिन हीटर से लैस किया गया है, जो सरीसृपों के लिए बहुत अच्छे हैं क्योंकि ये हीटर बाड़ों की प्राकृतिक नमी को प्रभावित नहीं करते हैं। इसके अलावा, सरीसृपों की सभी कोशिकाओं को गेहूं की भूसी, सूखे पत्तों का ढेर और भारी कंबल दिए गए हैं जो सरीसृपों को आराम देते हैं। सरीसृप अनुभाग में विशेष यूवी लैंप लगाये गये हैं। कछुओं के लिए पानी सर्कुलेशन सिस्टम के साथ विशेष एक्वेरियम वॉटर हीटर भी प्रदान किए गए हैं।

### कपूरथला में हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

**फगवाड़ा।** पंजाब पुलिस ने फगवाड़ा में हुई सनसनीखेज गोलीबारी की घटना के संबंध में एक प्रमुख आरोपी को गिरफ्तार किया है और उसके पास से कारतूसों सहित एक देसी पिस्तौल बरामद की है। पुलिस अधीक्षक माधवी शर्मा ने शनिवार को बताया कि यह मामला सदर फगवाड़ा पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता और शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत दर्ज एफआईआर से संबंधित है। घटना 14 अक्टूबर की शाम को घटी, जब सुखप्रीत सिंह उर्फ सुखा, जो ईस्टवुड स्थित एक प्रतिष्ठान में पूर्व कर्मचारी था और जिसे पहले नौकरी से निकाल दिया गया था, अपने साथियों के साथ परिसर में लौटा। जब सुरक्षा गार्ड संदीप कुमार ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने कथित तौर पर उस पर हमला किया और जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। गोली गार्ड की बाईं जांघ में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर दहशत फैल गयी। माधवी शर्मा ने बताया कि सुखप्रीत सिंह और उसके अज्ञात साथियों के खिलाफ तुरंत मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान जालंधर जिले के पूरनपुर गांव के निवासी रोहित वर्मा की भूमिका सामने आयी। घटना के बाद, रोहित वर्मा को हिमाचल प्रदेश के कुल्लू पुलिस ने नशीले पदार्थों से जुड़े एक अलग मामले में गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद, पेशी वारंट के आधार पर रोहित वर्मा को फगवाड़ा मामले में औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ और बरामदगी की कार्यवाही के दौरान, पुलिस ने एक पिस्तौल और चार कारतूस जब्त किये।

### पंजाब लोक भवन में छोटे साहिबज़ादों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु शबद कीर्तन का आयोजन

**चंडीगढ़।** श्री गुरु गोबिंद सिंह के छोटे साहिबज़ादों–बाबा जोरावर सिंह जी एवं बाबा फतेह सिंह जी की शहादत को नमन करते हुए शुक्रवार की शाम पंजाब लोक भवन में एक श्रद्धापूर्ण शबद कीर्तन किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि छोटे साहिबज़ादों का बलिदान मानव जाति के लिए एक शाश्वत प्रेरणा है, जो अन्याय के विरुद्ध दृढ़ता से खड़े रहने और साहस एवं नैतिक मूल्यों की रक्षा करने की प्रेरणा देता है। एक सरकारी प्रवक्ता द्वारा शनिवार को यहां जारी बयान अनुसार कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंदर कल्याण, केन्द्र सरकार सॉलिसिटर जनरल सत्यपाल जैन, चंडीगढ़ की मेयर हरप्रीत कौर बबला, पंजाब एवं चंडीगढ़ प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र की विशिष्ट हस्तियां तथा लोक भवन के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अंतरराज्यीय बस चोर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने अंतरराज्यीय अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बसों में चोरी और डकैती की वारदातों को अंजाम देने वाले एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान अमरोहा (उप्र) मोहम्मद फारमान (41) के रूप में हुई है। आरोपित कर्नाटक के कुंडापुरा थाना क्षेत्र में दर्ज 10 किलो चांदी और 3 लाख रुपये नकद चोरी के मामले में वांछित था। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने शनिवार को बताया कि कर्नाटक पुलिस द्वारा आरोपित की गिरफ्तारी के लिए अनुरोध किया गया था। जिसके बाद क्राइम ब्रांच की एक विशेष टीम का गठन किया गया। सूचना के आधार पर आरोपित की गतिविधियों पर तकनीकी निगरानी रखी गई और स्थानीय मुखबिरों को सक्रिय किया गया। पुलिस उपायुक्त के अनुसार 26 दिसंबर को पुख्ता सूचना मिली कि वांछित आरोपित गुरुग्राम स्थित एनएचएआई टोल के पास आने वाला है। इस पर क्राइम ब्रांच की टीम ने जाल बिछाया और घेराबंदी कर मोहम्मद फारमान को मौके से दबोच लिया। पूछताछ में उसकी पहचान और आपराधिक रिकॉर्ड की पुष्टि की गई। पूछताछ के दौरान आरोपित ने कबूल किया कि वह आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में सक्रिय एक संगठित अंतरराज्यीय गिरोह का प्रमुख सदस्य है। यह गिरोह चलती बसों में यात्रियों का भेष बनाकर चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। आरोपित गिरोह की योजनाएं बनाने, टारगेट तय करने और वारदात को अंजाम देने में अहम भूमिका निभाता था। पुलिस के अनुसार, गिरोह के सदस्य आम यात्रियों या बस के कर्मचारी बनकर बसों में सफर करते थे। वे यात्रियों की गतिविधियों, बस कर्मचारी की ड्यूटी और सुरक्षा खामियों पर नजर रखते थे। चोरी की वारदातें अधिकतर सुबह 3 से 5 बजे के बीच अंजाम दी जाती थीं, जब यात्री गहरी नींद में होते थे।

# वार्षिकी : उत्तरखंड की धामी सरकार का वर्ष 2025 में खाद्य सुरक्षा पर रहा विशेष फोकस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

■ मुख्यमंत्री के निर्देश पर मिलावटखोरी पर हुई कार्रवाई

देहरादून। उत्तराखंड में वर्ष 2025 के दौरान खाद्य सुरक्षा को लेकर प्रदेश की धामी सरकार ने सख्त और प्रभावी कदम उठाए हैं। प्रदेशभर में विशेष अभियान चलाकर आम जनता को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा प्रयास किया गया। खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग उत्तराखण्ड के आयुक्त डॉ. आर. राजेश कुमार के नेतृत्व में राज्यभर में सुरक्षित खाद्य पदार्थों की उपलब्धता, गुणवत्तापूर्ण औषधियों का नियंत्रण, नशा व मादक पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम, आधुनिक प्रयोगशालाओं की स्थापना और डिजिटल सेवाओं के विस्तार जैसे क्षेत्रों में व्यापक और प्रभावी कार्य किए गए। वर्ष 2025 विभाग के लिए केवल आंकड़ों का वर्ष नहीं, बल्कि जनविश्वास, पारदर्शिता और सख्त प्रवर्तन का प्रतीक बनकर उभरा है। खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने वर्ष 2025 में खाद्य सैंपल विश्लेषणशाला के माध्यम से राज्य के विभिन्न जनपदों में जागरूकता अभियान चलाए। इन अभियानों के अंतर्गत विभागीय टीमों ने बाजारों, होटल-ढाबों, रेस्टोरेंट्स, मिठाई की दुकानों, स्ट्रीट फूड वेंडर्स और खाद्य प्रतिष्ठानों का भ्रमण किया। इस दौरान 10,789 उपभोक्ताओं व खाद्य पदार्थों का कारोबारकर्ताओं को खाद्य सुरक्षा मानकों, स्वच्छता, सुरक्षित भंडारण और उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान 3,825 खाद्य पदार्थों के नमूने परीक्षण के लिए एकत्र किए गए, जिससे खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और सुरक्षा का वैज्ञानिक मूल्यांकन संभव हो सका। साथ ही 109 उपभोक्ताओं व खाद्य प्रतिष्ठानों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें खाद्य सुरक्षा नियमों के व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराया गया। कुपोषण से लड़ने को तैयार की योजनाराज्य में कुपोषण, एनीमिया और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी



जैसी समस्याओं से निपटने के लिए विभाग ने फोर्टीफाइड खाद्य पदार्थों के उपयोग को बढ़ावा दिया। वर्ष 2025 में 11 जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को फोर्टीफाइड आटा, तेल, दूध, नमक आदि के स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी गई। इन कार्यक्रमों के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि संतुलित और पोषक भोजन ही स्वस्थ समाज की नींव है। विशेषकर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए फोर्टीफाइड खाद्य पदार्थों के महत्व को रेखांकित किया गया। स्वास्थ्य के साथ पर्यावरण संरक्षणखाद्य संरक्षा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए विभाग ने खाद्य तेल के पुनः उपयोग करने पर भी कार्रवाई की गई। वर्ष 2025 में इस अभियान के तहत 17 कार्यशालाओं का आयोजन किया गया, जिनमें होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा संचालकों और खाद्य कारोबारियों को प्रयुक्त खाद्य तेल के सुरक्षित निस्तारण के बारे में प्रशिक्षित किया गया। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप 28,144 किलोग्राम प्रयुक्त खाद्य तेल एकत्र कर एग्रीगेटर्स के माध्यम से बायोडीजल निर्माण के लिए उपलब्ध कराया गया। इससे एक ओर जहां पुनः उपयोग किए गए तेल से होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों पर रोक लगी, वहीं दूसरी ओर वैकल्पिक ऊर्जा को बढ़ावा मिला। विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर विशेष कार्यक्रम07 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर विभाग ने राज्यभर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए। इस दौरान 1000 फुटपाथ विक्रेता को प्रशिक्षण देकर कर उन्हें स्वच्छता, सुरक्षित भोजन तैयार करने और परोसने के मानकों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही इट राइट मूवमेंट के अंतर्गत राज्य के 07 जिला कारागार व 07 उपकारागार को इट राइट कैंप रूप में विकसित किया गया।

## एटीएम उखाड़ने वाले कुख्यात गिरोह का सरगना गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एटीएम उखाड़कर लाखों की लूट करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के सरगना को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मेवात क्षेत्र का कुख्यात और शातिर अपराधी मुबारिक अली उर्फ मुब्बा (37) को एक साल की लंबी तलाश के बाद दबोचा गया है। आरोपित दिल्ली, हरियाणा, उप्र और मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों में दर्ज दस से अधिक मामलों में वांछित था और उसे पहले ही भगोड़ा घोषित किया जा चुका था। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने शनिवार को बताया कि आरोपित की गिरफ्तारी से एटीएम लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले पूरे नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया गया है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि 6 फरवरी 2025 को वजीराबाद इलाके में एक्सिस बैंक के एटीएम को उखाड़कर 29.12 लाख रुपये लूट लिए गए थे। बदमाशों ने वारदात से पहले एटीएम कक्ष में लगे सीसीटीवी कैमरों पर पेंट स्प्रे कर उन्हें निष्क्रिय कर दिया और फिर मशीन को उखाड़कर फरार हो गए।

# हथियारबंद लुटेरों ने फगवाड़ा के खजुराला गांव में एसबीआई का एटीएम लूटा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फगवाड़ा। पंजाब में फगवाड़ा के पास खजुराला गांव में शनिवार तड़के अज्ञात हथियारबंद और नकाबपोश लुटेरों ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के एक एटीएम को लोहे की छड़ों या गैस कटर से तोड़कर अंदर रखी सारी नकदी चुरा ली। घटना की सूचना सुबह पुलिस नियंत्रण कक्ष को मिली, जिसके बाद पुलिस दल मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माधवी शर्मा ने घटनास्थल का दौरा किया और बताया कि पुलिस द्वारा बैंक अधिकारियों को अनिवार्य सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करने के लिए बार-बार लिखित चेतावनी जारी करने के बावजूद एटीएम पर कोई सुरक्षा गार्ड तैनात नहीं किया गया था। उन्होंने खुलासा किया कि मार्च 2022 में इसी एटीएम से 23 लाख रुपये की लूट हुई थी, लेकिन उसके बाद भी कोई प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गयी थी। एसएसपी ने बताया, ॒एटीएम टूटा हुआ मिला और उसमें से नकदी चोरी हो गयी। मौके पर कोई सुरक्षा गार्ड तैनात नहीं था और निगरानी की कोई व्यवस्था भी नहीं देखी गयी। उन्होंने कहा कि बार-बार पत्र व्यवहार के बावजूद बैंक अधिकारियों ने पर्याप्त सुरक्षा उपाय सुनिश्चित नहीं किये। पुलिस दोषियों की पहचान और उन्हें पकड़ने के लिए आसपास के इलाकों से सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। एसएसपी ने कहा, ॒सुरक्षा नियमों का पालन न करने और लापरवाही बरतने के लिए बैंक अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# होशियारपुर में मुठभेड़ के बाद तीन लोग गिरफ्तार, अवैध हथियार बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

होशियारपुर। पंजाब पुलिस ने शनिवार को होशियारपुर जिले के गढ़शंकर इलाके में गोलीबारी के बाद एक डकैती गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) संदीप कुमार मलिक ने कहा कि आरोपी 16 दिसंबर, 2025 को महिलपुर में एक मनी एक्सचेंज की दुकान में हुई डकैती में शामिल थे, जिसके दौरान चार लाख रुपये से अधिक की लूट हुई थी। उन्होंने बताया कि तीन से चार युवक मोटरसाइकिल पर आये और लूट को अंजाम दिया। सूचना मिलने पर पुलिस उपअधीक्षक गढ़शंकर और एसएचओ महिलपुर के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने इलाके में गश्त तेज कर संदिग्धों का पीछा किया। उन्होंने आगे बताया कि भागते समय आरोपियों ने अपनी मोटरसाइकिल एक नाले (मौसमी नदी) में छोड़ दी, जहां से फिसलने के बाद वे भागने में सफल रहे। एसएसपी ने कहा कि निरंतर जांच के परिणामस्वरूप गिरोह के एक सदस्य दिलावर सिंह उर्फ जोरा को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था, जिसके बाद पुलिस को सूचना मिली कि शेष आरोपी एक और अपराध की योजना बना रहे थे। शनिवार को गढ़शंकर क्षेत्र के बिलरोन गांव के पास नियमित गश्त के दौरान पुलिस ने बिना नंबर प्लेट वाली एक संदिग्ध मोटरसाइकिल देखी। मलिक ने बताया कि रुकने का इशारा करने पर मोटरसाइकिल सवारों ने पुलिस पर गोलीबारी की, जिसमें एक गोली पुलिस वाहन को लगी। पुलिस ने चेतावनी के तौर पर गोलियां चलायीं, लेकिन आरोपियों ने फिर से फायरिंग की, जिससे एक पुलिसकर्मी की बुलेटप्रूफ जैकेट में गोली लग गयी। गोलीबारी के दौरान मुख्य आरोपी और गिरोह के सरगना ओंकार सिंह उर्फ गोरा के पैर में गोली लगी। उसे गिरफ्तार कर गढ़शंकर के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। गिरफ्तार किये गये अन्य आरोपियों की पहचान राम आसरा उर्फ शमी और अरमान उर्फ गोंगा के रूप में हुई है। सभी आरोपी शहीद भगत सिंह नगर जिले के राहोन पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले शाहबाजपुर गांव के निवासी हैं। पुलिस ने मौके से बिना नंबर प्लेट वाली एक मोटरसाइकिल और तीन अवैध हथियार बरामद किये, जिनमें दो देसी पिस्तौल और एक देसी पिस्तौल (कट्टा) शामिल थे, साथ ही जिंदा और इस्तेमाल किए गए कारतूस भी बरामद किये गये। एसएसपी ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ के दौरान आरोपियों ने 15 दिसंबर, 2025 को सदर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत चोहल गांव में एक दुकान में हुई एक अन्य डकैती में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की, जिसमें लगभग 15,000-20,000 रुपये लूटे गये थे। मलिक ने बताया कि ओंकार सिंह के खिलाफ पहले से ही दो आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें से एक एनडीपीएस अधिनियम के तहत और दूसरा झगड़े से संबंधित हैं। अन्य आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जा रही है।

# मुख्यमंत्री धामी ने किया 'पैंली-पैंली बार' उत्तराखण्डी गीत का विमोचन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखण्डी गीत 'पैंली-पैंली बार' का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह गीत राज्य सरकार की ओर से किए गए विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगा। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि ऐसे गीतों के माध्यम से समाज में जागरूकता बढ़ेगी और उत्तराखण्ड में पहली बार किए गए ऐतिहासिक कार्यों से बड़ी संख्या में लोग अवगत हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से लिए जा रहे कई निर्णय अन्य राज्यों के लिए भी उदाहरण बन रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी ने लोक कलाकारों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार उत्तराखण्ड की लोकसंस्कृति, भाषा और परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। राज्य विकास के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है और ऐतिहासिक फैसलों एवं योजनाओं के माध्यम से आमजन को सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। विभिन्न चुनौतियों के बावजूद उत्तराखंड ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, स्टार्टअप, कृषि, बागवानी, रिवर्स पलायन सहित कई क्षेत्रों में नया इतिहास रच रहा है। 'पैंली-पैंली बार' गीत में उत्तराखंड राज्य के इतिहास में पहली बार हुए विकास कार्यों का उल्लेख किया गया है। गीत में नकल विरोधी कानून, सरकारी भूमि से बड़े स्तर पर अतिक्रमण हटाने, धर्मांतरण कानून, समान नागरिक संहिता (यूसीसी), शीतकालीन यात्रा, पर्यटन एवं तीर्थाटन को बढ़ावा, आदि कैलाश यात्रा, रिवर्स पलायन, राजस्व वृद्धि, किसानों को प्रदान की गई सुविधाएं तथा सरकारी सेवाओं में हुई नियुक्तियों जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063